

27:04:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 114 epaper.rashtriyakhabar.com वैशाख, शुक्लपक्ष सप्तमी, विक्रम संवत 2080

## चाणक्य नीति

एकाक्षरप्रदातारं यो गुरुं नाभिवन्दति।

श्वानयोनिशतं भुक्त्वा चाण्डालेष्वभिजायते॥

भावार्थ : एकाक्षर मंत्र देनेवाले गुरु की जो वन्दना नहीं करता, वह कुत्ते की योनि में सौ बार जन्म लेकर फिर चाण्डाल के घर उत्पन्न होता है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 32.00 °c | 23.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18.14 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 05.18 बजे

## श्रीनिवास बीवी ने अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दी

**गुवाहाटी:** असम पुलिस की सीआईडी दो दिनों से दिल्ली और बेंगलुरु में युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की तलाश कर रही है। लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नहीं चला है। इसके बाद श्रीनिवास ने आज गुवाहाटी हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी दी है। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रमुख श्रीनिवास बी.वी. ने असम कांग्रेस की पूर्व नेता अंगकिता दत्ता द्वारा की गई शिकायत को खारिज करने के लिए बुधवार को गुवाहाटी उच्च न्यायालय में अपील दायर की। दत्ता द्वारा दर्ज कराई गई यौन उत्पीड़न और भेदभाव का शिकायत के संबंध में असम पुलिस ने श्रीनिवास को 2 मई को दिसपुर पुलिस स्टेशन में पेश होने के लिए आदेश दिया है।असम पुलिस के सीआईडी ने 2 दिनों से दिल्ली और बेंगलुरु में युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष को तलाश कर रहा है। असम पुलिस का आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) बेंगलुरु में श्रीनिवास के आवास पर गया और गुवाहाटी में पुलिस के सामने व्यक्तिगत रूप से पेश होने का नोटिस दिया।

## महिला खिलाड़ियों की आवाज दबा रही है सरकारः प्रियंका

**नईदिल्ली:** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि देश की प्रमुख खेल हस्तियां महिला पहलवानों के साथ यौन शोषण के खिलाफ लंबे समय से धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन सरकार शिकायतों पर ध्यान देने की बजाय उनकी आवाज दबाने का काम कर रही है। श्रीमती वाड्रा ने आज यहां जारी एक बयान में कहा कि खिलाड़ी देश का मान होते हैं। देश उन पर गर्व क्यों करता है, क्योंकि तमाम मुश्किलों के बावजूद अथक मेहनत और बहुत कुछ सहकर जब वे पदक जीतते हैं, तो उनकी जीत में हमारी जीत होती है, देश मुस्कुरा उठता है। उन्होंने कहा, महिला खिलाड़ियों की जीत बाकियों से बड़ी होती है। वे देश की संसद के बगल की सड़क पर आँखों में आँसू लिए बैठी हैं। लंबे समय से चल रहे शोषण के खिलाफ उनकी शिकायत कोई सुन नहीं रहा। मजबूत बाजुओं मगर भोले दिल की इन लड़कियों ने यकीन किया, जब इनसे सरकार ने कहा कि जाँच होगी। मगर जाँच नहीं हुई। सजा का प्रश्न ही नहीं उठा। क्या सरकार दोषियों को बचाना चाहती है।

## शैली ओबरॉय फिर दिल्ली की मेयर

**नयी दिल्ली:** आम आदमी पार्टी की शैली ओबरॉय एक बार फिर से दिल्ली की मेयर और आले मोहम्मद इकबाल डिप्टी मेयर चुने गए। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली नगर निगम की दूसरी बार मेयर बनने पर डॉ शैली ओबेरॉय को बधाई दी। उन्होंने ट्वीट कर कहा, इस बार निर्विरोध मेयर और डिप्टी मेयर बनने पर शैली और आले को बधाई। दोनों को शुभकामनाएं। लोगों को हमसे काफी उम्मीदें हैं। उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत करें। भाजपा प्रत्याशी शिखा राय के नाम वापस लेने के बाद आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय फिर दिल्ली नगर निगम की मेयर निर्वाचित हुई। इसके अलावा डिप्टी मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी सोनी पांडेय के नामांकन वापस लेने के बाद आम आदमी पार्टी के आले मोहम्मद को निर्विरोध डिप्टी मेयर चुन लिया गया है। मेयर चुनाव में जीत के बाद सुश्री शैली ओबेराय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि हम सभी को मिलकर राजनीति से ऊपर उठकर काम करना है ताकि दिल्ली की जनता के लिए स्कूल, अस्पताल, सड़कों और पार्कों का काम पूरी निष्ठा के साथ कर सकें।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**कार्यक्रम** जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों का इलाज भारत के पासः मोदी

# वन अर्थ वन हेल्थ विषय के उदघाटन में बोले प्रधानमंत्री

- सभी की खुशी और स्वास्थ्य हमारे विरासत में
- वीडियो कांफ्रेसिंग में बाजरा की भी बात कही
- सत्तर देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं इसमें

राष्ट्रीय खबर



**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वभौमिक स्वास्थ्य सुविधा- सुरक्षा का आह्वान करते हुए बुधवार को कहा कि भारत की पारंपरिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियां तनाव और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के समाधान प्रस्तुत करती हैं। श्री मोदी ने यहां वन अर्थ वन हेल्थ - एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023 के छठे संस्करण का उद्घाटन करते हुए कहा कि जब कोई वैश्विक महामारी नहीं थी, तब भी स्वास्थ्य के लिए भारत की दृष्टि सार्वभौमिक थी। भारत का लक्ष्य शारीरिक, मानसिक और सामाजिक कल्याण है। सच्ची प्रगति जन-केंद्रित है और चिकित्सा विज्ञान में चाहे कितनी भी प्रगति हो जाए, अंतिम व्यक्ति तक पहुंच निश्चित होनी चाहिए।भारत का लक्ष्य न केवल अपने नागरिकों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और सस्ता बनाना है। उन्होंने कहा कि योग और ध्यान आधुनिक दुनिया के लिए प्राचीन भारत के उपहार हैं, जो अब वैश्विक आंदोलन बन गए हैं। श्री मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वन अर्थ वन हेल्थ- एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया - 2023 का उद्घाटन और संबोधन किया। उन्होंने संस्कृत के एक प्राचीन श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा कि हर कोई खुश रहे, हर कोई रोग मुक्त हो, सभी के लिए अच्छी चीजें हों, और कोई भी दुख से ग्रस्त न हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के लिए भारत का दृष्टिकोण तब भी सार्वभौमिक था, जब हजारों साल पहले कोई वैश्विक महामारी नहीं थी। हमारी दृष्टि केवल मनुष्यों तक ही सीमित नहीं है। यह हमारे पूरे पारिस्थितिकी तंत्र तक फैली हुआ है। पौधों से लेकर जानवरों तक, मिट्टी से लेकर नदियों तक, जब हमारे आस-पास सब कुछ स्वस्थ है, तो हम स्वस्थ रह सकते हैं। उन्होंने जोर दिया कि स्वास्थ्य के बारे में भारत का दृष्टिकोण केवल बीमारी की कमी पर नहीं रुकता है। यह लक्ष्य सभी के लिए कल्याण पर केंद्रित है। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य शारीरिक,

›› पेज 2 भी देखें

### नागेश्वर-सुंदरेश्वर की धरती का संगम है सौराष्ट्र तमिल संगमम

**सोमनाथ:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि सौराष्ट्र तमिल संगमम नागेश्वर और सुंदरेश्वर की धरती का संगम है। श्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से गुजरात के सोमनाथ में बुधवार को आयोजित सौराष्ट्र तमिल संगमम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सौराष्ट्र तमिल संगमम का ये आयोजन केवल गुजरात और तमिलनाडु का संगम नहीं है। ये देवी मीनाक्षी और देवी पार्वती के रूप में एक शक्ति की उपासना का उत्सव भी है। ये भगवान सोमनाथ और भगवान रामनाथ के रूप में एक शिव की भावना का उत्सव भी है। ये संगमम नागेश्वर और सुंदरेश्वर की धरती का संगम है। ये श्रीकृष्ण और श्री रंगनाथ की धरती का संगम है। ये संगम है नर्मदा और वैगई का। ये संगम है डांडिया और कोलाट्टम का ये संगम है द्वारिका और मदुरई जैसी पवित्र पुरियों की परम्पराओं का और ये सौराष्ट्र-तमिल संगमम संगम है सरदार पटेल और सुब्रमण्यम भारती के राष्ट्र-प्रथम से ओतप्रोत संकल्प का। हमें इन संकल्पों को लेकर आगे बढ़ना है।

मुख्य जमीन से सिर्फ एक पुल से जुड़ा है यह कृत्रिम द्वीप

## दुबई का कृत्रिम द्वीप रिकॉर्ड कीमत में बिका



- खरीदने वाले की पहचान गोपनीय
- अब तक की सबसे अधिक कीमत
- रूसी अरबपतियों का नया ठिकाना

राष्ट्रीय खबर

**दुबई:** मध्य पूर्व के खाड़ी क्षेत्र में सबसे अमीर अमीरात या राज्य, संयुक्त अरब अमीरात पहले से ही वैश्विक अर्थव्यवस्था के केंद्रों में से एक बन गया है। दुनिया के कई अरबपति दुबई में लक्जरी आवास, भूमि और आवासीय भवन खरीद रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप इस अमीरात में अचल संपत्ति का कारोबार फलफूल रहा है। इसी कड़ी में 19 अप्रैल को दुबई से सटे एक छोटे से कृत्रिम द्वीप को 3.4 मिलियन डॉलर में बेचा गया। द्वीप की बिक्री को दुबई के रियल एस्टेट कारोबार में एक मील का पत्थर माना जाता है। क्योंकि इससे पहले इतनी ऊंची कीमत पर कोई रियल एस्टेट संपत्ति नहीं बेची गई है। ज्ञातव्य है कि 19 अप्रैल को बेचे गए द्वीप को जुमेरिया बे द्वीप कहा जाता है, जिसका क्षेत्रफल केवल 24,000 वर्ग फुट है। समुद्री घोड़े के आकार का यह द्वीप दुबई की मुख्य भूमि से एक पुल द्वारा जुड़ा हुआ है। द्वीप खरीदने वाले व्यक्ति की पहचान अज्ञात है। लेकिन इतना पता है, वह अमीरात का व्यक्ति नहीं है और वहां नहीं रहता है। हालाँकि, इसके पूर्व मालिक एक अमीराती हैं। उनका नाम भी दुबई सरकार के अधिकारियों द्वारा गुप्त रखा गया है। दुबई लैंड डिपार्टमेंट के मुताबिक अमीराती शख्स ने जुमेरिया बे आइलैंड को दो साल पहले दुबई प्रशासन से 3 करोड़ 60 लाख 50 हजार दिरहम खरीदा था.

›› पेज 2 भी देखें

कर्नाटक वि. सभा चुनाव में कांग्रेस इस मुद्दे को आगे बढ़ा रही है

## मानहानि के मामले में अब हाई कोर्ट पहुंचे राहुल गांधी

- सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़ने की रणनीति स्पष्ट
- राजनीतिक मुद्दा बन चुका है यह मामला
- कर्नाटक की चुनावी जनसभा में बोल चुके

राष्ट्रीय खबर



**नयी दिल्ली:** कांग्रेस के राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उपनाम पर अपनी टिप्पणी से जुड़े मामले में सजा पर रोक लगाने के उनके अनुरोध को निचली अदालत द्वारा ठुकराए जाने के बाद गुजरात उच्च न्यायालय में अपील की है। श्री गांधी को पिछले महीने दो साल की जेल की सजा प्राप्त करने के बाद अयोग्य घोषित किया गया था। इसमें उन्हें एक आपराधिक मानहानि मामले में अधिकतम संभव दो साल की सजा सुनाये जाने के बाद तुरंत उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द कर दी गयी और अब राहुल गांधी वह बंगला भी खाली कर चुके हैं, जो उन्हें आवंटित था। कानून के मुताबिक अगर किसी को दो साल के लिए किसी अपराध में दोषी ठहराया जाता है, तो उसकी सीट खाली हो जाएगी। सजा निलंबित होने पर ही कोई सांसद के रूप में बना रह सकता है। इस महीने की शुरूआत में सूरत की अदालत में अपनी अपील में, श्री गांधी ने कहा था कि निचली अदालत ने उनके साथ कठोर व्यवहार किया था, एक सांसद के रूप में उनकी स्थिति से प्रभावित होकर। न्यायाधीश, रॉबिन मोंगेरा, हालांकि, असहमत थे, उन्होंने कहा कि श्री गांधी यह प्रदर्शित करने में विफल रहे कि दोषसिद्धि पर रोक नहीं लगाने और चुनाव लड़ने के अवसर से इनकार करने से उन्हें एक अपरिवर्तनीय और अपरिवर्तनीय क्षति होगी। अदालत ने कहा कि श्री गांधी के कद के व्यक्ति से उच्च स्तर की नैतिकता की उम्मीद की जाती है और इस संदर्भ में, सुप्रीम कोर्ट की एक टिप्पणी का हवाला दिया कि दोषसिद्धि को

›› पेज 2 भी देखें

छत्तीसगढ़ में पुलिस के वाहन पर फिर से नक्सली हमला

## बारूदी सुरंग के विस्फोट से ग्यारह जवान शहीद



- दंतेवाड़ा में अभियान से लौट रहे थे जवान
- आईडी विस्फोट से गाड़ी के परखच्चो उड़े

राष्ट्रीय खबर

**दंतेवाड़ा:** छत्तीसगढ़ में फिर से बड़ा नक्सली हमला हुआ है। इसके पहले भी हाल के एक पखवाड़ा में लगातार छिटफुट घटनाएं हो रही थी। आज घोर नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में सर्चिंग आपरेशन से लौट रहे वाहन को आज दोपहर नक्सलियों के आईडी विस्फोट कर उड़ाने से वाहन चालक समेत सुरक्षा बलों के 11 जवान शहीद हो गए। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने पत्रकारों को बताया कि पुलिस को अरनपुर थाना क्षेत्र के हिड़मा इलाके में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना प्राप्त हुई थी,जिस पर दंतेवाडा के पुलिस उप महानिरीक्षक ने एक अभियान लांच कर जवानों को सर्चिंग आपरेशन के लिए रवाना किया था।जवान इस आपरेशन से दोपहर में लौट रहे थे कि उनके वाहन को नक्सलियों ने आईडी ब्लास्ट कर उड़ा दिया जिससे वाहन के चालक समेत 11 जवान मौके पर ही शहीद हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के जवानों के साथ

›› पेज 2 भी देखें

पहलवानों के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट का कड़ा रुख

## पुलिस और सरकार से कोर्ट ने जबाव मांगा

राष्ट्रीय खबर



**नईदिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग करने वाली शीर्ष भारतीय पहलवानों की याचिका पर नोटिस जारी किया।

भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा की पीठ ने खिलाड़ियों द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकी दर्ज करने की उनकी मांग पर दिल्ली पुलिस और दिल्ली सरकार से जवाब मांगा। कोर्ट शुक्रवार को फिर मामले की सुनवाई करेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलीलें दायर करते हुए कहा कि यौन उत्पीड़न के आरोपों के बावजूद कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। इस पर अदालत ने दो टूक लहजे में कहा कि नोटिस जारी करें और इसे सुनवाई के लिए शुक्रवार को सूचीबद्ध करें। सात महिला पहलवानों ने अपने यौन उत्पीड़न के आरोपों पर एफआईआर दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। रविवार को, टोक्यो ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पुनिया और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता विनेश फोगट सहित कई राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता पहलवानों ने जंतर-मंतर पर अपना धरना फिर से शुरू कर दिया और आरोपों की जांच करने वाले निरीक्षण पैनल के निष्कर्षों का सार्वजनिक खुलासा करने की मांग की।

पहलवानों ने सोमवार को धमकी दी कि अगर डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई तो वे उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। इस बीच कांग्रेस नेत्री नेटा डी सूजा

›› पेज 2 भी देखें

**आकलन** पारंपरिक ऊर्जा से पर्यावरण को हो रहे नुकसान से मंडरा रहा खतरा

# अगले ढाई दशक सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए निर्णायक होंगे

- प्रदूषण की समस्या अब भीषण हो चुकी है
- पर्यावरण के साथ और खिलवाड़ नहीं हो
- उन्नत श्रेणी के सौर ऊर्जा पैनलों पर काम

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** पूरी दुनिया के वैज्ञानिक इस बात पर सहमत हैं कि अब दुनिया के सामने जो पर्यावरण संकट गहरा गया है, उससे निजात पाने की दिशा में अगर तुरंत कोई कार्रवाई नहीं हुई तो जीवन का विनाश होना प्रारंभ हो जाएगा। इसलिए विकास की जरूरतों को पूरा करने के लिए अब वैकल्पिक ऊर्जा के लिहाज से सौर ऊर्जा को सबसे उत्तम माना गया है। इसी वजह से यह आकलन है कि वर्ष 2050 तक सौर ऊर्जा का विकास निर्णायक है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि दुनिया भर में बहु-टेरावाट फोटोवोल्टिक उत्पादन के प्रति प्रतिबद्धता के लिए इंतजार करना कोई विकल्प नहीं रह गया है। सौर ऊर्जा पर वैश्विक विशेषज्ञ दृढ़ता से फोटोवोल्टिक (पीवी) विनिर्माण और ग्रह को बिजली देने के लिए तैनाती की निरंतर वृद्धि के लिए प्रतिबद्धता का आग्रह करते हैं, यह तर्क देते हुए कि अन्य ऊर्जा मार्गों पर आम सहमति की प्रतीक्षा करते हुए या अंतिम समय में तकनीकी के उद्भव के लिए पीवी विकास के लिए अनुमानों को कम करना चमत्कार अब कोई विकल्प नहीं है। पिछले साल तीसरे टेरावाट वर्कशॉप में सहभागियों के बीच

›› पेज 2 भी देखें

### वर्ष 2018 की बैठक ने लक्ष्य को और भी अधिक बढ़ा दिया

नेशनल रिन्यूएबल एनर्जी लेबोरेटरी (एनआरईएल), जर्मनी में फ्रौनहोफर इंस्टीट्यूट फॉर सोलर एनर्जी और जापान में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड इंडस्ट्रियल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रतिनिधियों के नेतृत्व में कार्यशाला ने पीवी, ग्रिड इंटीग्रेशन में दुनिया भर के नेताओं को इकट्ठा किया। इसमें 2030 तक कम से कम 3 टेरावाट तक सौर ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य तक पहुंचने की चुनौती पर प्रकाश डाला गया था। वर्ष 2018 की बैठक ने लक्ष्य को और भी अधिक बढ़ा दिया, 2030 तक लगभग 10 टेरा वाट और 2050 तक उस राशि का तीन गुना करने की बात कही गयी है। कार्यशाला में भाग लेने वालों ने भी भविष्यवाणी की कि पीवी से बिजली का वैश्विक उत्पादन अगले पांच वर्षों में एक टेरावाट तक पहुंच जाएगा। वह सीमा पिछले साल पार कर गई थी।

## फर्जी आधार कार्ड से जमीन खरीदने वाला एक बांग्लादेशी गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**सिलीगुड़ी :** भारत में जमीन खरीदने की कोशिश में एक बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया गया है।यह घटना सिलीगुड़ी महानगर पुलिस की आशीगढ़ चौकी की पुलिस ने अंजाम दी है। आशीघर चौकी की पुलिस ने रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर इलाके से एक बांग्लादेशी को गिरफ्तार किया है। दरअसल सूत्रों के माध्यम से पुलिस तक खबर पहुंची थी कि एक बांग्लादेशी नागरिक चुपके से भारत में घुस आया है। लोगों को उसकी गतिविधियों पर संदेह हो गया था। इसी आधार पर पुलिस को जानकारी देने के बाद भी स्थानीय लोग उसकी गतिविधियों पर नजर रखे हुए थे। पुलिस की भी उस पर नजर थी कि पता चला वह देश में यानी इसी इलाके में जमीन खरीदने के फिराक में है। इसी आधार पर जब वह जमीन खरीदने के लिए रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचा तो पुलिस ने उसे रंगे हाथों धर दबोचा। तलाशी में उसके पास भारत का नकली आधार कार्ड भी बरामद किया गया, जिसके आधार पर वह खुद को भारतीय साबित कर यहां जमीन खरीदना चाहता था।

## शहर >> अपडेट

### एसिड अटैक और घायल ओपी प्रभारी एवं जवान को भी एयर एंबुलेंस से भेजा दिल्ली

**रांची:** सरकार गठन के बाद से ही मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन गंभीर रूप से बीमार राज्यवासियों के प्रति संवदेनशील रहें हैं। यही वजह है कि मुख्यमंत्री के संज्ञान में आते ही ऐसे गंभीर रूप से बीमार लोगों को सरकार ने बेहतर इलाज हेतु दिल्ली, मुम्बई या किसी अन्य जगह भेजने के लिए एयर एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की। इसमें आम लोगों के साथ -साथ खास लोग शामिल रहे। इस कड़ी में झारखंड के इतिहास में पहली बार 28 अप्रैल को राज्य की जनता के लिए मुख्यमंत्री एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ करेंगे। कोरोना संक्रमण काल में मुख्यमंत्री को जानकारी प्राप्त हुई कि रांची निवासी सृष्टि सिंह को लीवर के इलाज हेतु दिल्ली भेजना जरूरी है। तत्काल मुख्यमंत्री ने बच्ची को एयर एंबुलेंस से दिल्ली भेजा। ऐसे ही मुख्यमंत्री के आदेश के बाद एसिड अटैक में घायल चतरा निवासी बच्ची को बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से 30 अगस्त 2022 को दिल्ली शिफ्ट किया गया। धनबाद के सिंदरी में हुई हिंसक झड़प में गंभीर रूप से घायल भौंरा ओपी प्रभारी हिमांशु कुमार को एयर एम्बुलेंस से 12 सितंबर 2022 को दिल्ली एम्स भेज गया।

**विरोध**

## कांग्रेस ने अंबेडकर प्रतिमा पर प्रदर्शन किया

# विभिन्न पूर्व घोषित कार्यक्रमों और मुद्दों पर सीधे मोदी से सवाल

- राहुल गांधी के सवालों का जबाव मांगते रहेंगे
- अखिल भारतीय कांग्रेस के निर्देश पर आंदोलन
- देश में लोकतंत्र गंभीर खतरे से गुजर रहा



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत कांग्रेस के एक धड़े ने डोरंडा में जोरदार प्रदर्शन किया। बीस हजार करोड़ रुपए अडानी समूह को प्रधानमंत्री द्वारा भ्रष्टाचार में मदद करने को लेकर,अडानी पर विदेश के 38 कंपनियों से व्यापारिक संबंध होने के आरोप को लेकर,अडानी के जरिए रक्षा क्षेत्र में फर्जी कंपनी की घुसपैठ, नियम बदलकर अडानी को फायदा पहुंचाने को लेकर एवं राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करने एवं उनकी आवाज को दबाने तथा घरों से बेदखल किए जाने को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के मातहत आज दिनांक 26 अप्रैल को अपराह्न 12.30 बजे डोरंडा स्थित बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष लोकतंत्र एवं संविधान की रक्षा का संकल्प लिया एवं प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे,लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू,रमेश उरांव,अभिषेक साहू,कुमुद रंजन, रंजीत महतो,लालजी प्रसाद ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राहुल गांधी की सच्चाई और न्याय की लड़ाई में झारखण्ड के कांग्रेस कार्यकर्ता और आम आदमी लोकतंत्र को कमजोर करने की सुनियोजित साजिश के खिलाफ संविधान की रक्षा कौन करेगा हम करेंगे हम करेंगे,20 हजार करोड़ रुपए का हिसाब देना होगा,घर से तो निकाल दोगे साहिब लेकिन दिल से कैसे निकालोगे, राहुल जी सत्य की लड़ाई में पूरा देश आपके साथ है हाथों में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया एवं लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया एवं साथ ही साथ संकल्प सभा का भी आयोजन किया। संकल्प सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दूबे ने कहाकांग्रेस नेता राहुल गांधी की सजा और लोकसभा की सदस्यता से अयोग्यता,सदन के अंदर उन्हें बोलने की इजाजत नहीं मिलना और घर से बेदखल करना इस बात का मजबूत संकेत है कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र गंभीर खतरे के दौर से गुजर रहा है। राहुल गांधी लगातार विभिन्न मंचों पर मोदी अडानी के संबंधों पर सवाल उठा रहे हैं और 20 हजार करोड रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे हैं, उन्हें उजागर कर रहे हैं। मोदी द्वारा अपने प्रिय मित्र अडानी की मदद करने के लिए सत्ता के दुरुपयोग के खिलाफ उनकी निडरता और अजेय लड़ाई से कांपते हुए और संसद में उनकी सांठगांठ को उजागर करने के डर से पूरी मोदी सरकार राहुल गांधी की आवाज को चुप कराने के लिए हर हथकंडे,षड्यंत्र एवं कुटिल उपायों का सहारा ले रही है हम इस गलत धारणा और अयोग्यता की कड़ी निंदा करते हैं और इस नेक लड़ाई में राहुल गांधी के साथ शरीर में बहता खून का एक एक कतरा और हर सांस रहने तक राहुल गांधी के साथ खड़े रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा हमारे पास सत्य की ताकत है और सत्याग्रह का संकल्प है। भाजपा की लूट को बेनकाब करने के लिए लोकतंत्र की रक्षा करने के लिए एवं संविधान की रक्षा करने के लिए आज बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष उपस्थित होकर भारत सरकार और प्रधानमंत्री के लोकतंत्र विरोधी कृतियों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं और इस सभा में आम आम लोगों की भागीदारी के माध्यम से जनता के बीच राहुल गांधी के संदेश को पहुंचा रहे हैं।दुनिया के सबसे बड़े जम्हूरियत को बचाने के लिए कांग्रेस के कार्यकर्ता हर कुबार्नी देने को तैयार है।

कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने कहा राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे के निदेर्शानुसार आज संकल्प सभा के माध्यम से भाजपा के अलोकतांत्रिक कार्यों को लेकर एवं विपक्ष के जनप्रतिनिधियों को संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से देशभर में डराने की कोशिश की जा रही है।

## सीसीएल एवं एमसीएल को बेस्ट स्टॉल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार



**रांची:** सीएसआर कॉन्फ्रेंस 2023 में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल)एवं महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल)को बेस्ट स्टॉल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन 26 अप्रैल को सीसीएल सहित कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों ने सीएसआर के तहत चलाये जा रहे बेस्ट प्रैक्टिसेश इनिशिएटिव पर अपने-अपने प्रेजेटेंशन को प्रस्तुत किया। इनमें से उत्कृष्ट प्रेजेंटेशन को भी पुरस्कृत किया गया। सीसीएल मुख्यालय में कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय सीएसआर कॉन्फ्रेंस का समापन बुधवार को हुआ। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग दो सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। सम्मेलन में छह प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने अनुभव को साझा करते हुये कहा कि री इंजीनियरिंग सीएसआर विषय पर विचार विमर्श किया। दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान कोल इंडिया सहित सभी अनुषंगी कंपनियों एवं अन्य संस्थाओं द्वारा सीएसआर विषय पर प्रदर्शनी भी लगायी गयी। इसके माध्यम से सीएसआर के तहत चलायी जा रही योजनाओं को प्रस्तुत किया गया। इसमें सीसीएल एवं एमसीएल के स्टॉल को जूरी ने बेस्ट स्टॉल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। दोनों विजेता प्रतिभागियों ने सुंदर ढंग से अपने सीएसआर गतिविधियों को सभी के समक्ष रखा था। ईसीएल के स्टॉल को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया। बेस्ट प्रैक्टिसेश इनिशिएटिव में विभिन्न ग्रुप ने पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से अपने-अपने विषयों को प्रस्तुत किया।

## पेज एक का शेष

### वन अर्थ वन हेल्थ .. ..

मानसिक और सामाजिक कल्याण है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा यात्रा और स्वास्थ्य कार्यबल की गतिशीलता एक महत्वपूर्ण कारक हैं और वन अर्थ, वन हेल्थ - एडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया 2023 इस दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

उन्होंने बाजरा का भी उल्लेख किया जो भारत के पारंपरिक आहार का हिस्सा है और दुनिया भर में खाद्य सुरक्षा और पोषण के मुद्दों से निपटने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के लिए वैश्विक प्रतिक्रिया को अलग नहीं किया जा सकता है और अब यह एक एकीकृत, समावेशी और संस्थागत प्रतिक्रिया का समय है। यह जी- 20 अध्यक्षता के दौरान हमारे फोकस वाले क्षेत्रों में से एक है। हमारा लक्ष्य न केवल अपने नागरिकों के लिए बल्कि पूरी दुनिया के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ और किफायती बनाना है। सम्मेलन में 70 देशों के 125 प्रदर्शकों और लगभग 500 मेजबान विदेशी प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

### दुबई का कृत्रिम द्वीप .. .. ..

दो साल बाद, उसने द्वीप को लगभग तीन गुना कीमत पर ईंट से बनाया। अंतर्राष्ट्रीय रियल एस्टेट फर्म नाइट फ्रैंक ने हाल ही में जुमेरिया बे द्वीप की बिक्री में दलाली की। एजेंसी की दुबई शाखा के प्रमुख एंड्रयू कमिंग्स ने बताया कि कृत्रिम द्वीप में रेत के अलावा कुछ नहीं है। लेकिन इसकी नींव इतनी मजबूत होती है कि एक बहुमंजिला इमारत खड़ी हो जाती है। जिस कीमत पर द्वीप बेचा गया वह एक रिकॉर्ड है। कमिंग्स ने कहा कि प्रतिबंधों के कारण रूस के कई अरबपति अमेरिका और यूरोप में संपत्ति खरीदने में असमर्थ हैं इसलिए वे दुबई को चुन रहे हैं।

### मानहानि के मामले में .. ..

रोकने के फैसलों को सावधानी के साथ प्रयोग किया जाना चाहिए न कि आकस्मिक और यांत्रिक तरीके से। 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले अभियान में, श्री गांधी ने कहा था, कैसे सभी चोरों का एक ही उपनाम मोदी है - प्रधानमंत्री के साथ साथ उन्होंने भगोड़े नीरव मोदी और ललित मोदी का नाम लिया था। कानून की सीढ़ी दर सीढ़ी चढ़ते राहुल गांधी अपनी जनसभाओं में यह कहने से नहीं चूक रहे हैं कि उन्होंने संसद में अडाणी के मुद्दे पर प्रधानमंत्री से सवाल पूछे थे। इसी सच की उन्हें कीमत चुकानी पड़ी है। दूसरी तरफ लगातार आरोप लगने के बाद भी खुद मोदी ने अडाणी प्रकरण पर कुछ नहीं बोला है। दूसरी तरफ कर्नाटक में हो रहे विधानसभा चुनाव में भी वह अब तक प्रत्यक्ष सहभागिता से दूरी बनाकर चल रहे हैं।

### पुलिस और सरकार .. ..

सहित कई राजनीतिक दलों के लोगों ने इन पहलवानों के समर्थन में जंतर मंतर पर चल रहे आंदोलन में भाग लिया। दूसरी तरफ अपने सांसद के खिलाफ बोलने से हर भाजपा नेता परहेज कर रहा है। सिर्फ उस महासंघ के चुनाव को अभी रोक दिया गया है।

### अगले ढाई दशक सौर .. ..

बनी आम सहमति दुनिया भर के कई समूहों द्वारा विद्युतीकरण और ग्रीनहाउस गैस में कमी लाने के लिए बड़े पैमाने पर पीवी की आवश्यकता पर तेजी से बड़े अनुमानों का अनुसरण करती है। डीकार्बोनाइजेशन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए 2050 तक लगभग 75 टेरावाट या अधिक विश्व स्तर पर तैनात पीवी की आवश्यकता होगी। एनआरईएल में नेशनल सेंटर फॉर फोटोवोल्टाइक्स के निदेशक नैन्सी हेगेल ने कहा हमने काफी प्रगति की है, लेकिन लक्ष्य के लिए निरंतर काम और त्वरण की आवश्यकता होगी । आकस्मिक सौर विकिरण आसानी से पृथ्वी की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त से अधिक ऊर्जा प्रदान कर सकता है, लेकिन वास्तव में केवल एक छोटा प्रतिशत ही उपयोग में लाया जाता है। पीवी द्वारा विश्व स्तर पर आपूर्ति की जाने वाली बिजली की मात्रा 2010 में नगण्य राशि से बढ़कर 2022 में 4-5% हो गई। अगले महत्वपूर्ण वर्षों में पीवी उद्योग को प्रति वर्ष लगभग 25% की दर से बढ़ना जारी रखना चाहिए। इसके लिए सौर ऊर्जा पैनलों को और कार्यकुशल बनाने की तकनीक पर पूरी दुनिया में काम चल रहा है।

### बारूदी सुरंग के .. ..

दंतेवाडा के पुलिस उप महानिरीक्षक भी मौके पर पहुंच गए है।शहीद जवानों एवं विस्फोट में उड़ाए गए निजी वाहन के चालक के पार्थिव शरीर को जिला मुख्यालय लाने के लिए एम्बुलेंस मौके पर पहुंच गई है। शहीद सभी जवान जिला रिजर्व पुलिस बल के थे। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर काफी गहरा गड्ढा बन गया।

## हेमंत कैबिनेट की बैठक आज डीए पर हो सकता है निर्णय




**राष्ट्रीय खबर**

रांचीः राज्य मंत्रि परिषद की बैठक 27 अप्रैल गुरुवार को होगी। प्रोजेक्ट भवन में शाम 4:00 बजे से होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक में कई अहम निर्णय लिए जाने की संभावना है। केंद्र के अनुरूप राज्य कर्मियों को 4 परसेंट डीए का लाभ मिल सकता है, या लाभ 1 जनवरी 2023 की तिथि से दिया जायेगा। कैबिनेट की बैठक संबंधित जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने सभी विभागों को दी है और अपने-अपने विभागों के आवश्यक प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

## कांग्रेस की छटपटाहट जनता समझ रहीः दीपक प्रकाश

# जय परिवार करने वाली पार्टी से जय भारत की उम्मीद नहीं

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने आज कांग्रेस के जय भारत उपवास कार्यक्रम को सत्ता के बिना कांग्रेस की छटपटाहट बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी से भारत और भारतीयता के जय की उम्मीद नहीं।यह पार्टी तो परिवार की जय में ही व्यस्त रहती है। उन्होंने कहा कि जिस पार्टी ने सत्ता सुख केलिए देश का विभाजन स्वीकार किया हो,कश्मीर को भारत से अलग थलग करने की कोशिश की हो,देश के हजारों वर्ग किलोमीटर भूमि को चीन ,पाकिस्तान को सौंप दिए हों, जिसने तुष्टिकरण की राजनीति में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को बदल डाला हो,जिसके युवराज ने कैबिनेट के फैसले को चौराहे पर फाड़ा हो उस कांग्रेस से भारत का जय नही हो सकता। उन्होंने कहा कि देश में कुर्सी केलिए आपातकाल थोपकर लोकतंत्र का गला घोंटना क्या भारत जय था। हजारों सिखों की हत्या क्या भारत जय था।क्या देश को घोटालों में डूबा देना भारत जय था,सर्जिकल स्ट्राइक में सेना पर सवाल खड़ा करना भारत जय था,परमाणु परीक्षण पर सवाल खड़ा करना भारत की जय था? उन्होंने कहा भारत की पहचान भगवान राम पर प्रश्न खड़ा करने वाले,उन्हे काल्पनिक बताने वाले आखिर कैसे भारत जय को साकार कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि देश की जनता कांग्रेस को सभी तरह से परख चुकी है। जनता को पता है कांग्रेस भारत भक्ति केलिए नही बल्कि एक परिवार की भक्ति केलिए वेंटीलेटर पर जीवित है। इससे देश के विकास,देश की सुरक्षा की उम्मीद नहीं की जा सकती।

## प्रदेश कांग्रेस ने बापू वाटिका में सत्याग्रह उपवास किया

# हमारे लिए सत्ता नहीं जनता सर्वोपरिः प्रदेश अध्यक्ष

- अडाणी पर प्रधानमंत्री मौन धारण किये हैं
- जांच की जेपीसी से आखिर खामोशी क्यों
- जनता के मुद्दों की लड़ाई हमेशा जारी रहेगी



**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आज महंगाई, बेरोजगारी, देश की गिरती अर्थव्यवस्था, मोदी-अड़ानी के संबंधों, जेपीसी की गठन की मांग को लेकर आज राजधानी के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में जय भारत सत्याग्रह उपवास कार्यक्रम आयोजित की गई । उपवास कार्यक्रम सुबह साढ़े दस बजे से अपराह्न तीन बजे तक रखा गया। उपवास कार्यक्रम के उपरांत प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कार्यकताओं को अहवान करते हुए कहा कि लोकतंत्र खतरे में, लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई मजबूती से लड़नी होगी। संसद में सवालों को जवाब नहीं मिल रहा है। अड़ानी को बचाने की कोशिश हो रही है। महंगाई, बेरोजगारी पर प्रधानमंत्री खामोश है। संयुक्त ससंदीय समिति की गठन की मांग पर प्रधानमंत्री क्यूं खामोश है। प्रधानमंत्री का अड़ानी के साथ क्या संबंध है। देश की जनता इस बात को जानना चाहती है। भाजपा राहुल गांधी से इतनी डरती क्यूं है। श्री ठाकुर ने कहा कि कठिन दौर से देश गुजर रहा है। मूल अधिकारों को हनन हो रहा है। अभिव्यक्ति की आजादी पर भाजपा रोक लगा रही है।

## बनिया हूं बकरी का बच्चा नहीं, जाल बुनना और तैरना आता हैः बन्ना गुप्ता

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के मामले को लेकर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मीडिया के सामने आए और अपनी सफाई दी। बन्ना गुप्ता ने कहा कि हमें फंसाने की पूरी साजिश की गई है। उन्होंने सरयू राय पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारे चाचा और उनके पूरे गैंग ने इसकी साजिश रची थी, लेकिन यह पूरी तरह से फेल हो गई है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि पहले ट्विटर पर यह बताया जाता है कि आपत्तिजनक वीडियो है। फिर बताया जाता है वह फर्नीचर दुकान में काम करती है उसके बाद यह बताया जाता है कि वह लड़की एक वैगनआर से कहीं चली जाती है। आखिर इस तरह से उस लड़की के पीछे इस तरह से पीछा करने का अधिकार किसने दिया है।

**कार्रवाई**

## एक बिल्डर सहित कई जमीन कारोबारियों पर रेड

# मोबाइल रिकार्ड मिलने के बाद अनेक चेहरे ईडी की रडार पर

- मोरहाबादी का विपिन सिंह एक बड़ा नाम
- शायद उन्हें रेड की भनक मिल चुकी थी
- मोबाइल रिकार्ड से भी मिली है सूचनाएं

**राष्ट्रीय खबर**



**रांचीः** ईडी की कार्रवाई को अब गति मिलने लगा है। यह तो मुख्यमंत्री कार्यालय के पीपीएस के यहां हुई छापामारी से ही स्पष्ट होने लगा था। औपचारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं मिलने के बाद भी यह चर्चा फैल गयी थी कि ईडी ने उक्त अधिकारी के मोबाइल के आंकड़ों को संग्रहित कर लिया है। चर्चा है कि इस मोबाइल में जो कुछ सूचनाएं दर्ज थी, उसके आधार पर अनेक लोगों की पहचान हो गयी है। दूसरी तरफ बरियातू इलाके में काम करने वाले एक बिल्डर की भनक भी शायद पहले से जारी रेड के दौरान मिल गयी थी। इसी वजह से प्रवर्तन निदेशालय के अपने कार्रवाई की गति को तेज कर दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक आज रांची में चार और जमशेदपुर में दो जगहों पर ईडी की छापेमारी हुई है। यह भी जमीन घोटाले से जुड़े हुए मामले हैं।

राजधानी रांची में गलत दस्तावेज प्रस्तुत कर जमीन खरीद-बिक्री करने वाले लोगों के ठिकानों पर ईडी ने आज छापेमारी की। मोरहाबादी इलाके में रहने वाले ठेकेदार विपिन सिंह समेत चार अन्य जमीन कारोबारियों के यहां छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी मोरहाबादी, अशोक नगर, बुटी मोड़, खेलगांव और लालपुर के बैंक कॉलोनी में प्रियरंजन सहाय के आवास में छापेमारी चल रही है। रांची अलावा जमशेदपुर के जुगसलाई गौशाला और बिष्टपुर के दो घरों में छापेमारी चल रही है। सूत्रों के अनुसार यह छापेमारी सुबह से ही चल रही है। बताया जा रहा है कि जिन लोगों के यहां ईडी की छापेमारी चल रही है, वे जमीन कारोबार से जुड़े हुए हैं। खेलगांव में जिसके यहां छापेमारी की जा रही है, उसका नाम शेखर कुशवाहा है। यह भी जमीन कारोबार से जुड़ा बताया जा रहा है। छवि रंजन के करीबियों के यहां भी छापेमारी जमशेदपुर में भी ईडी दो जगहों पर छापेमारी कर रही है। बताया जा रहा है कि जमशेदपुर में जिनके यहां छापेमारी की जा रही है, वे आइएएस छवि रंजन के बेहद करीबी हैं। जमशेदपुर में जुगसलाई गौशाला के समीप स्थित जैन मंदिर के पास रहने वाले कारोबारी श्याम सिंह, बिष्टपुर के ठेकेदार बेगुनिया टावर निवासी रवि सिंह भाटिया के यहां ईडी छापा मार रही है। इनके यहां जमीन से जुड़े दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

आज की छापामारी में बड़ा नाम विपिन सिंह का है। ईडी की टीम काफी समय से उनपर नजर रख रही थी। बताया गया है कि उनकी ट्रैकिंग नोएडा से ही हो रही थी पर शायद इसकी भनक विपिन सिंह को लग गयी और रांची आवास से परिवार के साथ वे निकल गए। ईडी जब उनके फ्लैट संख्या 402 पहुंची तो वहां किसी को नहीं पाया। इसके बाद फ्लैट मालिक प्रभात पांडेय को बुलाया और आवास को सील कर दिया। ईडी सूत्रों के अनुसार सेना की जमीन गलत तरीके से बेचे जाने के गोरखधंधे में पूछताछ के क्रम में शहर के कई इलाके से लगभग 22 लोगों ने फर्जी तरीके से जमीन बेचे जाने की लिखित शिकायत ईडी से की थी। तब ईडी ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जांच की। इसी क्रम में आज सुबह से ईडी कार्रवाई कर रही है। ईडी की टीम मोरहाबादी, अशोक नगर, बूटी मोड़ और खेलगांव में छापेमारी कर रही है। जानकारी के मुताबिक यह छापेमारी जमीन से जुड़े फजीर्वाड़ा को लेकर हो रही है। बताया जा रहा है कि कांट्रेक्टर विपिन सिंह और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी चल रही है। साथ ही खेलगांव थाना क्षेत्र स्थित गाड़ी गांव में भी जमीन ब्रोकर शेखर कुशवाहा के घर पर ईडी ने दबिश दी है।

## रांची में आयकर की छापामारी ग्यारह ठिकानों पर

**रांची:** राजधानी में आईटी की एक साथ छापेमारी चल रही है। जानकारी के अनुसार रांची के तीन जगहों पर आईटी की टीम ने दबिश दी है। यह छापेमारी हिनू क्षेत्र में चल रही है। मणिकरण पावर लिमिटेड से जुड़े ठिकानों पर आयकर विभाग की रेड जारी है। जानकारी के मुताबिक सुमित सिंह कलसी के आवास, कार्यालय और स्प्रिंगडेल स्कूल में आईटी ने दबिश दी है। 20 से 25 की संख्या में विभाग के अधिकारी पहुंचे हैं। फिलहाल किसी के भी अंदर जाने और अंदर से बाहर आने की इजाजत नहीं है। फिलहाल सुमित कलसी के आवास, ऑफिस एवं स्कूल को खंगाला जा रहा है।

## नक्सलियों ने बौखलाहट में हमलाः बघेल

रायपुरः छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों के हमले में चालक समेत 11 जवानों के हमले होने की घटना पर दुख व्यक्त करते हुए इसे नक्सलियों की बौखलाहट की कार्रवाई करार दिया है। श्री बघेल ने कहा कि बस्तर में नक्सलियों से लड़ाई अन्तिम दौर में चल रही है और सुरक्षा बलों ने उन्हे पीछे ढ़केल दिया है। बौखलाहट में अपनी उपस्थिति जताने के लिए नक्सलियों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

## शाह ने हरसंभव मदद का आश्वासन दिया

नयी दिल्लीः केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से बात कर राज्य में नक्सली हमले के बाद स्थिति की जानकारी ली है और केन्द्र की तरफ से राज्य सरकार को हरसंभव मदद देने का आश्वासन दिया है। सूत्रों के अनुसार इस घटना के बाद श्री शाह ने श्री बघेल को फोन कर स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार राज्य को स्थिति से निपटने के लिए हर संभव मदद देगी। रिपोर्टों के अनुसार जवानों के वाहनों में आईडी से विस्फोट किया गया है।

**शहर >> अपडेट**

### 30 तक बारिश की संभावना

**रांची:** झारखंड वासियों को आने वाले कुछ दिनों तक गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विज्ञान विभाग ने इस संबंध में सूचना जारी की है। विभाग के अनुसार राज्य में 30 अप्रैल तक मौसम खुशनूमा रहेगा। इस दौरान राज्य के अलग- अलग हिस्सों में बारिश होगी। वहीं कुछ क्षेत्रों में बादल छाये रहेंगे। वहीं बुधवार को विभाग ने कुछ जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। जहां विभाग ने बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, रांची, पाकुड़, साहेबगंज के लिये अलर्ट जारी किया। इन जिलों में अगले तीन घंटों के दौरान बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। विभाग के अनुसार आने वाले चार दिनों तक राज्य के तापमान में वृद्धि दर्ज की जा सकती है।

**निर्माण** बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड के जरिये इन भवनों का निर्माण कराया जायेगा

# झारखंड के 14 जिलों में बनेंगे 15 अस्पताल

- गढ़वा के सदर अस्पताल कैंपस में 50 बेड का सब डिविजनल हॉस्पिटल बनेगा
- 24 मई शाम 5 बजे तक टेंडर पेपर्स लिए जायेगा
- 4 मई को टेंडर पब्लिश होगा
- 9 से 18 महीने के भीतर भवन निर्माण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** झारखंड के 14 जिलों में 15 जगहों पर हेल्थ सेंटर, डिस्ट्रीक अर्ली इंटरवेंशन सेंटर, नर्सिंग कॉलेज और क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल बनाये जायेंगे। इन भवनों को बनाने में राज्य सरकार करीब 217 करोड़ 60 लाख रुपये खर्च करेगी। साहिबगंज के उधवा ब्लॉक, गोड्डा के बसंतराय और लातेहार के बालूमाथ में कम्यनिटी हेल्थ सेंटर का निर्माण कराया जायेगा। वहीं लोहरदगा, कोडरमा, गुमला और साहिबगंज में डिस्ट्रीक अर्ली इंटरवेंशन सेंटर बनाया जायेगा। चांडिल के सब डिविजनल हॉस्पिटल का रिडेवलपमेंट किया जायेगा। पलामू, दुमका और हजारीबाग में बीएससी नर्सिंग कॉलेज और हॉस्टल का निर्माण होगा। गिरिडीह के सरिया बलॉक में और गढ़वा के सदर अस्पताल कैंपस में 50 बेड का सब डिविजनल हॉस्पिटल बनेगा। जमशेदपुर में धनवंतरी आयुष हॉस्पिटल और बोकारो में 50 बेड का क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल बनाया जायेगा। झारखंड राज्य बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन लिमिटेड के जरिये इन भवनों का निर्माण कराया जायेगा। 9 से 18 महीने के भीतर भवन निर्माण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसको लेकर कॉरपोरेशन ने इ-प्रोक्योरमेंट नोटिस जारी कर दिया है। 4 मई को टेंडर पब्लिश होगा। 24 मई शाम 5 बजे तक टेंडर पेपर्स लिए जायेंगे। वहीं 26 मई को बीड खोला जायेगा।

## न्यूज फटाफट

### बीएयू के नेत्र चिकित्सा शिविर में 196 की हुई जांच



**रांची:** बिरसा कृषि विश्वविद्यायल के अस्पताल में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन बुधवार को किया गया। इसका उद्घाटन कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने किया। मौके पर उन्होंने वैज्ञानिकों, पदाधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को आंखों की नियमित देखभाल एवं समय-समय पर जांच कराने की सलाह दी। कुलपति ने समय पर नेत्र जांच को भविष्य में होने वाली आंखों की बीमारियों से बचाव का बेहतर विकल्प बताया। उन्होंने कहा कि कोई भी बीमारी हो गई हो, तो ससमय इलाज कराकर संभावित रोगों से बचा जा सकता है। शिविर में सर्वप्रथम कुलपति ने अपने आंखों की जांच कराई। इसके बाद विश्वविद्यालय के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उमाशंकर वर्मा ने अपनी जांच कराई। शिविर में विश्वविद्यायल के लगभग 196 वैज्ञानिक, पदाधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं सहित परिवार के सदस्यों ने नि:शुल्क नेत्र, चश्मे एवं फ्रेम की जांच करायी। शिविर में बीएयू के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ यूएस वर्मा, कंपाउंडर मुमताज आलम, टाइटन आई प्लस वीएलएस टाइम एडं विजन के अनुपम सिन्हा, विपिन सिंह, नकीब और अन्य कर्मचारियों ने सहयोग दिया। शिविर में आंख के साथ-साथ लोगों के बल्ड प्रेशर और अन्य बीमारियों की भी जांच की गई।

### झारखंड में मिले 115 नये मरीज



**रांची :** झारखंड में कोरोना फिर पांव पसार रहा है। हर दिन संक्रमितों की संख्या में बढ़ रही है। राज्य के 20 जिले कोरोना की चपेट में है। बीते 24 घंटे में झारखंड में 115 नये मरीज मिले हैं। पूर्वी सिंहभूम में सबसे ज्यादा 76 संक्रमित मरीज पाये गये हैं। यहां एक्टिव केस का आंकड़ा बढ़कर 129 पर पहुंच गया है। जबकि रांची में 09 संक्रमित मरीज मिले हैं। जिले में कोरोना मरीजों की संख्या 66 हो गयी है। वहीं राज्य भर में एक्टिव केस बढ़कर 366 पर पहुंच गया है। हालांकि राहत भरी खबर यह भी है कि एक दिन में 44 मरीज स्वस्थ हुए हैं।बोकारो में 9, चतरा में 1, देवघर में 32, धनबाद में 13, पूर्वी सिंहभूम में 129, गढ़वा में 2, गिरिडीह में 8, गोड्डा में 7, गुमला में 6, हजारीबाग में 10, खूंटी में 3, कोडरमा में 1, लातेहार में 18, लोहरदगा में 33, पाकुड़ में 2, पलामू में 8, रामगढ़ में 5, रांची में 66, सरायकेला में 2 और पश्चिमी सिंहभूम में 11 सक्रिय मरीज हैं।

## चान्हो के नर्सिंग कॉलेज में छठे बैच का समारोह



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** आज नर्सिंग कौशल कॉलेज चांहो मे छठे बैच के लिए कैपिंग और लैंप लाइटिंग का समारोह बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर के लिए शिल्पी नेहा तिर्की,माननीय विधायक मांडर को विशेष अतिथि के रूप में बुलाया गया था। इसके अलावा मुखिया चटवल और मुखिया रघुनाथपुर भी आमंत्रित किए गए थे। श्री रॉबिन लकड़ा जो यूनियन बैंक मांडर के मैनेजर हैं उन्हें विशिष्ट अतिथि के रूप मे आमंत्रित किया गया था। समारोह मे छात्राओं ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कॉलेज के डायरेक्टर कर्नल रंजन चौधरी ने सभी आगंतुक मेहमानों का धन्यवाद ज्ञापन किया और एचडीएफसी बैंक परिवर्तन को भी हृदय से धन्यवाद दिया जिनके निरंतर सहयोग और सौजन्य से छात्राएं लाभान्वित रही हैं। इस अवसर पर छात्राओं ने विशेष प्रार्थना की और शपथग्रहण लिया।रॉबिन जी ने विद्यालय के उत्तरोत्तर तरक्की के लिए शुभकामना दी।कर्नल स्निग्धा ने समारोह के समापन पर धन्यवाद ज्ञापित किया।सामुहिक भोज के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक से किया गया श्रृंगार



- अक्षय तृतीया के महानस्नान के बाद आज तिलक सिंगार किया गया
- मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया
- 29 अप्रैल को 60वा श्री श्याम भंडारा आयोजित होगा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** श्री श्याम मित्र मंडल रांची द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में बुधवार को खाटू नरेश का केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नरसरिया ने बताया कि पिछली अमावस्या व उसके बाद अक्षय तृतीया के महानस्नान के बाद आज तिलक सिंगार किया गया। राजस्थान स्थित खाटू धाम के खाटू श्याम मंदिर में भी बाबा श्याम का आज केसर चंदन तिलक श्रृंगार किया गया। खाटू नरेश को नया बागा (वस्त्र) पहनाया गया कोलकाता से मंगाए गए सुगंधित फूलों जूही लाल गुलाब पीला गुलाब तुलसीदल लाल पीला गेंदा फूलों की मोटी मोटी मालाओं से खाटू नरेश को सजाया गया। गुलाब की विशेष रूह से मसाज कर पंचमेवा का भोग अर्पित किया गया।

फूलों की सुगंध से पूरा श्याम मंदिर सुगंधमय हो रहा था। गोड्डा निवासी श्री अजय कुमार सिंह ने श्रृंगार सेवा निवेदित की। मंडल के मंत्री श्यामसुंदर शर्मा मंदिर के पहले आचार्य रत्नाकर शर्मा अनूप दाधीच वह मंदिर के आचार्यों ने विधि विधान से खाटू नरेश का श्रृंगार किया। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू उपस्थित थे। हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में शनिवार 29 अप्रैल को 60वा श्री श्याम भंडारा आयोजित होगा। विदित हो कि हर शनिवार को श्री श्याम भंडारा आयोजित होता है। 60 वे श्री श्याम भंडारे की सेवा मेडिका अस्पताल रांची के प्रबंध व्यवस्था के प्रमुख अनिल शर्मा वाइस प्रेसिडेंट सुनीता शर्मा रामअवतार जांगिड़ जीएम पूनम जांगिड़ श्री ज्ञानेश झा वित्त प्रमुख प्रियंका झा अपने अपने परिवार के साथ भंडारे की सेवा निवेदित करेंगे।

## अगले माह मिलेंगे हजारों शिक्षकों को नियुक्ति पत्र



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** शिक्षा विभाग ने राज्य में शिक्षकों के खाली पदों को भरने की तैयारी शुरू कर दी है। शिक्षकों की नियुक्ति जेएसएससी और जेपीएससी के माध्यम से होगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार चयनित शिक्षकों को अगले माह खेलगांव में नियुक्ति पत्र दिया जायेगा। इसके तहत लगभग नौ हजार शिक्षकों की नियुक्ति राज्य के विभिन्न जिलों में स्थित हाई स्कूलों में अलग-अलग विषयों में होगी। विभाग के जानकारों के मुताबिक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिक्षकों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के तौर उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा राज्य सरकार के अधिकारी भी समारोह में भाग लेंगे। ज्ञात हो कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर चयन प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में झारखंड कर्मचारी आयोग लगातार विभिन्न विषयों के शिक्षकों को अंतिम परिणाम जारी कर जिला स्तर पर शिक्षा पदाधिकारियों के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र वेरीफिकेशन का कार्य तेजी से चल रहा है। नियोजन नीति में बदलाव के बाद राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके तहत झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से राजकीय प्लस टू स्कूलों में विभिन्न विषयों के शिक्षकों की कमी को देखते हुये 2137 पीजीटी की सीधी नियुक्ति से भरा जायेगा।

### यूजी व पीजी की परीक्षा लेट होने का खामियाजा उठा रहे विद्यार्थी

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय में स्नातक सत्र 2022-25 और स्नातकोत्तर सत्र 2022-24 के पहले समेस्टर की परीक्षा नहीं हुई है। नियमत: 6 महीने का एक सेमेस्टर होता है, जो जुलाई से दिसंबर तक का होता है। पहले सेमेस्टर की पढ़ाई जुलाई से शुरू हो जानी चाहिए और दिसंबर में परीक्षा होनी चाहिए। लेकिन नामांकन भी लेट हुआ और अब परीक्षा में भी विलंब है। हालांकि स्नातकोत्तर की परीक्षा 4 मई से ली जाएगी। जानकारी के अनुसार रांची विश्वविद्यालय समेत झारखंड के अन्य विश्वविद्यालयों का भी यही हाल है।ची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक कार्यालय के कर्मचारियों ने बताया कि सेशन और परीक्षा लेट होने का मुख्य कारण है एफिलिएटेड कॉलेज। केवल कंस्टीच्यूएंट कॉलेज की बात होती, तो परीक्षा समय पर ले ली जाती। एफिलिएटिड कॉलेज वोकेशनल कोर्स के लिए एप्लीकेशन लेने में लेट करते हैं। इसकी वजह से रजिस्ट्रेशन देर से होता है। इसके कारण परीक्षा भी समय पर नहीं होती है।




## अरगोड़ा से कटहल मोड़ तक होगा सड़क का चौड़ीकरण,जाम से मिलेगी निजात

- 21 करोड़, 28 लाख की लागत से होगा चौड़ीकरण
- सात माह में चौड़ीकरण का काम होगा पूरा
- सड़क चौड़ीकरण होने से राजधानी का ट्रैफिक लोड कम हो जायेगा



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची :** अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य होगा। 5.300 किमी सड़क का चौड़ीकरण 21 करोड़ 28 लाख की लागत से होगा। सड़क चौड़ीकरण का कार्य 7 महीने में पूरा करने का लक्ष्य है। इसको लेकर पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रांची द्वारा टेंडर जारी किया गया है। टेंडर भरने की प्रक्रिया 3 मई से शुरू होगी। अंतिम तिथि 10 मई है। इसके बाद 11 मई को टेंडर खोला जायेगा।अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ तक सड़क चौड़ीकरण होने से जाम से मुक्ति मिलेगी। यह सड़क रिंग रोड और नेशनल हाईवे 23 को जोड़ती है। इसके अलावा अरगोड़ा चौक अशोकनगर, एचईसी और हरमू बायपास रोड़ को भी कनेक्ट करती है। इस सड़क पर दिनभर वाहनों की आवाजाही होती रहती है। लेकिन अरगोड़ा चौक से कटहल मोड़ जाने के लिए कई जगहों पर सड़क की चौड़ाई काफी कम है। जिसकी वजह से यहां हमेशा जाम लगा रहता है। सड़क चौड़ीकरण होने से राजधानी का ट्रैफिक लोड कम हो जायेगा।

राष्ट्रीय खबर झारखंड हमारी नज़र
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

**शहर >> अपडेट**

### झाकोश्रयू ने नये महाप्रबंधक को दी बधाई

**बेरमो/कथारा :** झारखंड कोलियरी श्रमिक यूनियन का एक प्रतिनिधिमंडल क्षेत्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव के नेतृत्व में मंगलवार को की देर संध्या कथारा क्षेत्र के नये महाप्रबंधक से भेंटकर उन्हें नया पदभार ग्रहण को लेकर हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर झारखंड कोलियरी श्रमिक यूनियन के कथारा क्षेत्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव तथा क्षेत्रीय को सहायक कोषाध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि नए महाप्रबंधक डीके गुप्ता के कार्यप्रणाली से हुए।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### शिक्षकों ने उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को बधाई एवं शुभकामनायें दिये

**पतरातू:** डॉ० एस० राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा लारी, रामगढ़ के डी० एल०एड० प्रशिक्षुओं ने झारखण्ड एकेडमिक बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा डिप्लोमा इन एलेमेन्ट्री एडुकेशन सत्र 2020-22 वार्षिक परीक्षा का परिणाम में सफलता प्राप्त कर उतीर्ण हुए। जिसमे ऊ.ए'.एि 2020-22 के प्रशिक्षुओ में प्रथम स्थान सूर्यदीप शिरोमणी ने 1217(86.92 %), द्वितीय अर्चना कुजूर ने 1211 (86.5%), तृतीय संगीता कुमारी ने 1210 (86.42%), चतुर्थ परवेज आलम ने 1204 (86%), पंचम कुलदीप चौधरी 1199 (85. 06%) प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम एवं रामगढ़ क्षेत्र का नाम रोशन किया। महाविद्यालय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष श्री रितेश कुमार एवं संचिव श्री संजय कुमार प्रभाकर ने झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा आयोजित डी० एल०एड० सत्र-2020-22 के प्रशिक्षुओं को उनके उज्जवल भविष्य के कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनायें दिये महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० सुनीता गुप्ता ने उत्तीर्ण होने पर सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनायें एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही सभी शिक्षकों ने उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को बधाई एवं शुभकामनायें दिये।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### विश्व मलेरिया दिवस पर निकाली गई प्रभात फेरी

**पतरातू :** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातु के तत्वधान में प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पतरातु की छात्राओं ने विश्व मलेरिया दिवस पर जागरूकता को लेकर प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में मलेरिया से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार के संदेश लोगों के बीच पहुंचाया गया। साथ ही इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मलेरिया से बचाव हेतु विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गई। मौके पर उपस्थित चिकित्सक प्रीति ने बताया कि मलेरिया का मच्छर गंदे पानी में जमा रहता है। इसलिए अपने आसपास घर के अगल-बगल पानी का जमाव नहीं होने दे, मच्छरदानी के अंदर सोए, दूसरे को भी इसके लिए प्रेरित करने को कहा ताकि मलेरिया के मच्छरों को पनपने से रोका जा सके। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को मलेरिया को जड़ से मिटाने का संकल्प भी दिलाया। साथ ही बताया गया कि अगर किसी व्यक्ति को ठंड देकर बुखार आए तो तुरंत अस्पताल भेजकर खून की जांच करानी चाहिए। क्योंकि कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है। मलेरिया के परजीवी काफी दिनों तक आंत में रह सकते हैं। कभी-कभी मलेरिया के लक्षण मरीज में काफी वक्त के बाद आता है इसलिए इसकी जांच कराकर अपना पूर्ण उपचार कराए। उसके उपरांत प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं निगरानी निरीक्षक के द्वारा मलेरिया के लक्षण, बचाव, उपचार संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मौके पर डॉक्टर प्रीति, विद्यालय की वार्डन पुष्पा कुमारी, बीपीएम मनीष कुमार, एसआई रवीश कुमार राय, एनएम सुधा कुमारी, ड्रेसर सरिता कुमारी, बीटीटी केशव महतो सहित अन्य स्वास्थ कर्मी एवं विद्यालय की शिक्षिका व छात्राएं मौजूद थी।

**उद्घाटन** माधवी मिश्रा एवं सुनीता चौधरी ने संयुक्त रूप से किया गया मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन

# नावाडीह में मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का हुआ उद्घाटन

**▶▶ उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा की रामगढ़ जिले में 1000 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं**

राष्ट्रीय खबर



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला अंतर्गत गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में डीएमएफटी मद से नवनिर्मित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस दौरान विधायक सुनीता चौधरी एवं उपायुक्त माधवी मिश्रा ने संयुक्त रूप से मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया। मौके पर सुनीता चौधरी, माधवी मिश्रा, अध्यक्ष जिला परिषद सुधा देवी, उप विकास आयुक्त नागेंद्र कुमार सिन्हा, जिला परिषद सदस्यों अन्य जनप्रतिनिधियों आदि के द्वारा बच्चों के बीच पठन सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक सुनीता चौधरी ने डीएमएफटी के तहत गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में नवनिर्मित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का संचालन शुरू होने पर सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यों की सराहना की वहीं उन्होंने कहा कि मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से ना केवल बच्चों, गर्भवती महिलाओं आदि को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि रामगढ़ जिले के विकास में भी इससे गति आएगी। इस दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने कहा की रामगढ़ जिले में 1000 से अधिक आंगनवाड़ी केंद्र संचालित हैं। लेकिन लगभग 50% आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन अस्थाई भवनों अथवा किराए के भवनों में हो रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए डीएमएफटी के माध्यम से जिले में योजनाबद्ध तरीके से आंगनवाड़ी केंद्रों के निर्माण का निर्णय लिया गया। प्रथम चरण में जिले के अलग-अलग प्रखंडों में कुल 14 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज डीएमएफटी के तहत नवनिर्मित मॉडल आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन गोला प्रखंड के नावाडीह पंचायत में किया गया है। इसके साथ ही उपायुक्त ने कहा कि शेष निमार्णाधीन मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का भी निर्माण कार्य अंतिम चरण में है एवं अधिकारियों को जल्द से जल्द मॉडल आंगनवाड़ी केंद्रों का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया गया है। कुपोषण को दूर करने के लिए यह बहुत जरूरी है कि आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन सही तरीके से हो और संचालन के लिए सही उपकरणों की आवश्यकता के मद्देनजर उपायुक्त द्वारा डीएमएफटी के तहत जिले के विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों में आवश्यकता अनुसार स्टेडियोमीटर, इन्फैंटोमीटर, इन्फेंट वेट स्केल उपलब्ध कराए गए और इसी का परिणाम है कि वर्तमान में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सैम व मैम बच्चों के पहचान कार्यों में गति आई है। खास बात यह होगी कि यह वाहन चिकित्सक दल सहित अन्य सुविधाओं से युक्त होगा एवं जिस भी क्षेत्र में वाहन जाएगा वहां लगभग 15 दिनों तक शिविर आयोजित कर कुपोषित बच्चों की पहचान करेगा एवं उन्हें पोषाहार व दवाइयां उपलब्ध कराने का कार्य करेगा। शहरी क्षेत्र में पड़ने वाले आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिला प्रशासन, रामगढ़ द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 205 वैसे आंगनबाड़ी केंद्र जिनमें चारदिवारी नहीं है की पहचान की गई। इसके लिए डीएमएफटी के तहत न्यास परिषद द्वारा प्राथमिकता के आधार पर विभिन्न चरणों में आंगनवाड़ी केंद्रों के चारदीवारी का कार्य पूर्ण करने हेतु अनुमोदन दिया गया है वही इसके तहत हो रहे कार्यों की उपायुक्त के द्वारा नियमित समीक्षा की जा रही है।

### बंद अंगवाली खदान में छापेमारी, आधा दर्जन अवैध सुरंगें की गयीं बंद



**बेरमो /फुसरो:** सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के बंद अंगवाली कोलियरी से लगातार हो रहे अवैध कोयला खनन के विरुद्ध मंगलवार को पेटरवार पुलिस, सीआइएसएफ व ढोरी सुरक्षा विभाग ने संयुक्त छापेमारी कर बनायी गयी करीब आधा दर्जन सुरंगों को जेसीबी मशीन से भरवा दिया। छापेमारी का नेतृत्व कर रहे सीसीएल ढोरी सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उइके ने कहा कि अवैध कोयला खनन को बंद करने एवं सुरंगों को भरने के लिए लगातार अभियान चलाया जायेगा। विदित हो कि पेटरवार थाना क्षेत्र के अंगवाली एवं पिछरी बंद खदान में दर्जनों सुरंग बनाकर कोयला चोरों द्वारा कोयला खनन किया जाता है। जिससे सीसीएल को लाखों रुपया नुकसान हो रहा है। बताया जाता है कि सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के अधिकारियों ने उक्त खदानों में अवैध कोयला खनन को लेकर कई बार छापेमारी की, लेकिन कोयला खनन में शामिल कोयला माफियाओं पर आज तक मामला दर्ज नहीं किया गया है, जिससे उक्त अवैध धंधे में संलिप्त लोगों का हौसला बुलंद होता जा रहा है। छापामारी की भनक कोयला माफियाओं को पहले ही लग जाती है और छापेमारी के पहले खनन करने वाले फरार हो जाते हैं। मौके पर पेटरवार थाना के एसआइ प्रफुल कुमार मांझी, सीआइएसएफ के इस्पेक्टर एके सिंह, एसआई आरसी सिंह, आरके वर्मा, क्राइम विभाग के आशुतोष कुमार, दीपुल कुमार, सीसीएल के एरिया सेल ऑफिसर बैजनाथ कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम युईके, सुरक्षा प्रभारी उमाशंकर महतो, मानिक दिगार, भोला मिश्रा, जितेंद्र रजक, अनाम वारिस, जगरनाथ साव, शंकर राम, पुनीता, शिवानी, संजू आदि लोग शामिल थे।

### रेलवे रैक से सेल नहीं चलने दिया जाएगा: शमशेर

**बेरमो/कथारा :** कथारा वासरी रिजेक्ट सेल में होने वाले रिजेक्ट उठाव को लेकर मंगलवार को विस्थापित प्रभावित बेरोजगार समिति की एक बैठक रेलवे कॉलोनी में आयोजित किया गया। बैठक में रेलवे रेक लोडिंग के बजाय रोड सेल चालू करने पर बल दिया गया। बैठक में प्रभावित 5 पंचायतों के बेरोजगार युवा, महिला, पुरुष शामिल हुए। बैठक में चांपी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सीताराम मुर्मू ने कहा कि हम लोगो का जमीन वासरी तथा कोलियरी विस्तार में गया है। आज हमारे गांव तथा परिवार के लोग बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। ऐसे में सीसीएल प्रबंधन द्वारा हाल ही में 19 डी रिजेक्ट स्टॉक से सेल आर्डर आने से ग्रामीणों में रोजगार के प्रति आस जगी है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन रैक लोडिंग के माध्यम से इसे भेजना चाह रही है यह कतई बर्दाश्त नहीं होगा। मोर्चा के शमशेर आलम ने कहा कि रोड सेल के बजाय रैंक से कोयला लोडिंग होने पर क्षेत्र के हजारों युवाओं के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। इसलिए किसी भी हालत में रिजेक्ट कोल को रेलवे रैक से लोडिंग नहीं करने दिया जाएगा। प्रबंधन को हर हाल में रोड सेल के माध्यम से रिजेक्ट का उठाव सुनिश्चित करना होगा अन्यथा विस्थापित प्रभावित बेरोजगार समिति आंदोलन को बाध्य होगा, इसकी जिम्मेवारी प्रबंधन की होगी। मौके पर बांध पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बबलू कुमार यादव कथारा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सत्येंद्र राम ,उपमुखिया प्रमोद कुमार , चांपी के पूर्व पंचायत समिति सदस्य सुखलाल मुर्मू पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बबलू करमाली, फरीद अंसारी, राम सुरेंद्र, अनवर अंसारी, हीरालाल मुर्मू, अनिल यादव, आनंद टूडू, दिनेश कुमार यादव, रवि कुमार सहित झिरकी, सरहचिया, चांपी, बांध तथा कथारा पंचायत के दर्जनों महिला-पुरुष युवा बैठक में उपस्थित थे।

### सेंट्रल हॉस्पिटल कॉलोनी ढोरी मे अखंड हरिकीर्तन शुरू



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के सेंट्रल हॉस्पिटल कॉलोनी ढोरी स्थित हनुमान मंदिर के स्थापना दिवस पर 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू किया गया। यहां पूजन कार्य राजकुमार मिश्रा, भुषण पांडेय, नंदकुमार पांडेय, अमित पाठक, विकास पांडेय करा रहे हैं। यहां इसके साथ ही अखंड कीर्तन शुरू हुआ। यहां रामप्रवेश व्यास, सुभंत अलबेला, तुलसी दास, रामाशंकर पाठक, नाल वादक करण, धनबाद से आए जितेंद्र,अजय, बोकारो से आए श्यामबिहारी, चंदन अलबेला, नालवादक गणेश द्वारा कीर्तन किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने में कामोद प्रसाद, अजय कुमार झा, रामचरित्र प्रसाद आदि लोग लगे हुए हैं। बुधवार को अखंड हरिकीर्तन का समापन होगा। जिसमें मुख्य अतिथि रूप से सीसीएल ढोरी एरिया के जीएम एमके अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय अस्पताल ढोरी के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुमार शामिल होंगे।

ईडी सेफ्टी ने एकेकेओसीपी खदान का किया निरीक्षण

## सुरक्षा के साथ करें कोयला उत्पादन : ईडी सेफ्टी



राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** सुरक्षा की ऐसी व्यवस्था हो कि हमारे बीच कार्य कर रहे लोग अंत तक साथ रहें। मानव जीवन बहुत कीमती है। दुर्घटना में एक भी साथी का खोना बहुत दुखदायी होता है। खासकर मृतक के परिवार पर तो दुखों का पहाड़ टूट जाता है। इसलिए सुरक्षा सर्वोपरि है। पूरी सुरक्षा के साथ ही कोयला उत्पादन करें। उक्त बातें कोल इंडिया के ईडी सेफ्टी नारायण दास ने बुधवार को कारगली ऑफिसर्स क्लब में अधिकारियों और एरिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्यों के साथ बैठक के दौरान कही। उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी कामगार और पदाधिकारी खान के अंदर जाए तो सुरक्षा व्यवस्था के साथ जाए। ईडी सेफ्टी ने परियोजना के नक्शा का अवलोकन करते हुए जीएम और पीओ से परियोजना के उत्खनन फेस व ओबी डंप की सुरक्षा मानकों की जानकारी ली। सुरक्षा के साथ कोयला उत्पादन करने का निर्देश दिया। परियोजना में कोयला खनन से जुड़े ब्लास्टिंग व फायर फाइटिग के कार्य पर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी। सेफ्टी मैनेजमेंट व सेफ्टी आडिट को प्लान के तहत हमेशा रिव्यू करने की बात कही। परियोजना फेस में कोयला उत्पादन में लगी मशीनों की भी जानकारी ली। इसके पूर्व एकेकेओसीपी (खासमहल-कोनार) खदान और आउटसोर्सिंग पैच का निरीक्षण किया। साथ ही जान-माल की क्षति भी कम हो रही है। इस अवसर पर पीओ राजीव कुमार सिंह व केडी प्रसाद, एरिया सेफ्टी ऑफिसर सतेंद्र कुमार, मैनेजर बीपी साहू व एके तिवारी, सेफ्टी अधिकारी भविष्य भारती, सहित एरिया सेफ्टी बोर्ड के सदस्य ओमप्रकाश सिंह, सर्वेयर विनोद सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### एसडीओसीएम परियोजना पदाधिकारी को एजेकेएसएस के पदाधिकारियों ने दी बधाई



**बेरमो :** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एसडीओसीएम के परियोजना पदाधिकारी अरविंद झा को परियोजना के उत्पादन लक्ष्य प्राप्ति के उपरांत महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नति की गई। इस अवसर पर ढोरी क्षेत्र के अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष महेन्द्र चौधरी एवं सचिव नरेश प्रसाद महतो ने पुष्प गुच्छ देकर बधाई व शुभकामना दिया। परियोजना पदाधिकारी एवं यूनियन प्रतिनिधियों के बीच सकारात्मक वार्ता हुई। इस अवसर पर एसडीओसीएम परियोजना के अध्यक्ष गोपाल कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष जितेश कुमार एवं लोकनाथ पंडित उपस्थित थे।

## सुरक्षित उत्पादन व श्रमिकों का वेलफेयर प्राथमिकता

**▶▶ राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल महाप्रबंधक से मिला**

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** सी.सी.एल. मुख्यालय राँची द्वारा अधिकारियों की जारी स्थानांतरण आदेश की सूची में कथारा महाप्रबंधक का तबादला सी.सी.एल. मुख्यालय राँची किया गया है।? क्षेत्र के महाप्रबंधक रहे हर्षद दातार अपने पहले दिन के शुरू हो रहे कार्यकाल से हर पटल और हर सदन में अपने कार्य अवधि का चर्चा अवश्य करते थे। अन्य क्षेत्रों में जो उनकी कार्य अवधि रहे उतना ही इनका अवधि कथारा क्षेत्र में ही रहा। इनकी कहानी यहां भी चरितार्थ हुई। इन्होंने अपना चार्ज कथारा के नवनियुक्त महाप्रबंधक दिनेश कुमार गुप्ता को सौंपा। महाप्रबंधक के पद पर योगदान देने के पश्चात राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल मिलकर गुप्ता साहब को शुभकामना और बधाई दी। यूनियन के प्रतिनिधिमंडल को नये महाप्रबंधक ने विश्वास दिलाया कि आप लोगों के सहयोग से कथारा क्षेत्र को उत्पादन में आगे बढ़ाना है। सुरक्षित उत्पादन और श्रमिकों का वेलफेयर मेरी प्राथमिकता है। अनुशासन और अनुशासित व्यवस्था कायम हो इस पर सभी का सहयोग अपेक्षित है। क्षेत्र में कुशल कामगार काफी मेहनती हैं। एक टीम भावना से कार्य कर क्षेत्र की गरिमा को आगे बढ़ाना है। उत्पादन ही मूल मंत्र है। प्रतिनिधिमंडल में क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, क्षेत्रीय सचिव विल्सन फ्रांसिस ने कहा उत्पादन का ग्राफ बढे मजदूर का वेलफेयर प्राथमिकता के आधार पर हो इस कार्य के लिए प्रबंधन का सहयोग किया जाएगा। नवनियुक्त महाप्रबंधक को इस बात की जानकारी दी मजदूर के सही और वाजिब काम एक समय सीमा के तहत निष्पादित हो। अनावश्यक विलंब होने से मजदूर में निराशा का भाव पनपता है। जो कि अनुचित है, ऐसी व्यवस्था को मजबूती प्रदान करना होगा। संगठन द्वारा महाप्रबंधक को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दिया गया।

## भाजपा नेता सत्येंद्र सिंह के पुत्र इंद्रजीत कुमार सिंह का निधन, शोक की लहर

राष्ट्रीय खबर

**बेरमो :** कारगली रेलवे क्वार्टर निवासी सह भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र सिंह के 37 वर्षीय पुत्र इंद्रजीत कुमार सिंह उर्फ चुन्नू सिंह का निधन कैंसर बीमारी होने से हो गई। कॉलोनी सहित आसपास क्षेत्र में मातम छा गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। अंतिम संस्कार रामविलास स्कूल के समीप दामोदर नदी तट पर किया गया। शोक व्यक्त करने वाले मे 16वी लोकसभा सासंद रविंद्र कुमार पांडेय, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, भाजपा नेता सह शांति श्याम फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार सिंह,भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष गिरिजा देवी सहित उषा सिंह,अर्चना सिंह, भाई प्रमोद सिंह, टुनटुन तिवारी, आशुतोष कुमार सिंह,वैभव चौरसिया, दिनेश सिंह, नवल किशोर सिंह,भरत वर्मा,अशोक सिंह, अभय सिंह, पिटूं सिंह, पत्रकार नंदलाल सिंह, शंकर सिन्हा, महेंद्र चौधरी, कमलेश महतो, सूरज पासवान, अनिल गुप्ता, मदन गुप्ता, सुधीर किशन उर्फ भोला,,इनमोसा नेता विजय कुमार सिंह, मजदूर नेता महेंद्र कुमार विश्वकर्मा,आर उनेश, टिनू सिह व विकास सिंह, ट्रांसपोर्टर मीनू अग्रवाल, सहित गण्यमान्य लोगो ने शोक व्यक्त किया।

### कुजाम माइंस में परिचालन हुआ शुरू

**.लोहरदगा :** गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन की एक बैठक राज्यसभा सांसद सह एसोसिएशन के संरक्षक धीरज प्रसाद साहू जी के आवास में एक बैठक संपन्न हुई, जिस बैठक में यह निर्णय लिया गया की कुजाम बॉक्साइट माइन्स में पिछले 22 तारीख से जो अनिश्चितकालीन बंदी की गई थी, कंपनी से वार्ता के बाद इसको वापस लिया गया और कुजाम माइंस में आज से गाड़ियों का परिचालन शुरू कर दिया गया, जबकि चिरोडीह माइंस के संबंध में निर्णय नहीं होने के कारण चिरोड़ीह माइंस फिलहाल बंद रहेगी . आज की बैठक में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव एवं लोहरदगा गुमला ट्रक आँनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह उपाध्यक्ष विनोद सिंह अभय सिंह रहमत अंसारी मोहम्मद गुड्डू बरज सिंह राजेश शर्मा ,जत्रु मुंडा ,एन कुजूर, रामशीष साहनी संजीव शर्मा खुर्शीद अंसारी शकील अंसारी जगदेव उरांव इनामुल अंसारी तारकेश्वर महतो शंकर महतो सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

**आयोजन** बीसीसीएल के पूर्व सीएमडी एके सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे

# ह्यूमन प्रोडक्टिविटी योग एवं मेडिटेशन का आयोजन

**▶▶ जिसमें मानवीय उत्पादकता को प्रोत्साहन देने के लिए कई प्रकार से इसे प्रस्तुत किया जा रहा है**

राष्ट्रीय खबर



**बेरमो :** कोयला क्षेत्र में कार्यरत कामगारों तथा अधिकारियों को स्वस्थ एवं तनावमुक्त रखने को लेकर सीसीएल के विभिन्न कोयला क्षेत्रों में भारतीय योग एवं प्रबंधन संस्थान द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी को लेकर ढोरी महाप्रबंधक कॉलोनी स्थित ऑफिसर्स क्लब में ह्यूमन प्रोडक्टिविटी इंप्रूवमेंट योग एवं मेडिटेशन का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी सहित आम जनों ने भाग लिया। यहां बीसीसीएल के पूर्व सीएमडी एके सिंह बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। भारतीय योग एवं प्रबंधन संस्थान के सौजन्य से आयोजित उक्त योग एवं मेडिटेशन शिविर के अवसर पर संस्थान के मुख्य संचालक पूर्व सीएमडी बीसीसीएल ए के सिंह ने कहा कि वे जिस कंपनी में 36 साल रहे उसके प्रति उनका अपना योगदान आवश्यक है। उन्होंने बताया कि खासकर कोल कर्मी छोटी-मोटी दुर्घटनाओं के बाद घबरा जाते हैं, जबकि ऐसी परिस्थिति में उन्हें अपना संतुलन बनाए रखना आवश्यक होता है। उक्त कार्यक्रम इसी पर आधारित है, ताकि कोल कर्मी योग और मेडिटेशन (ध्यान) के माध्यम से स्वयं को संतुलित रख कर उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने में सहायक बन सके। पूर्व सीएमडी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम के तहत अब तक उनके द्वारा सीसीएल के छह विभिन्न क्षेत्रों में एक दिवसीय योग एवं मैडिटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें सीसीएल के बरका सयाल, अरगड्डा, कुज्जू, चरही (हजारीबाग), रजरप्पा तथा कथारा,बीएंडके,ढोरी क्षेत्र शामिल है। इसके बाद सीसीएल के एनके, मगध आम्रपाली, संघमित्रा आदि क्षेत्र में जाकर यह कार्यक्रम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम केवल सीसीएल मुख्यालय रांची में करने से इसके उद्देश्य की पूर्ति और कोयला क्षेत्र में कार्यरत अधिकारियों को इसका लाभ नहीं मिल पाता इसीलिए उनकी सोंच क्षेत्रीय स्तर पर योग एवं ध्यान कार्यक्रम कर लाभ पहुंचाना रहा है। पूर्व सीएमडी सिंह ने बताया कि इंसान स्वयं में कैसे बदलाव लाए जिससे वह तनाव रहित रह सके। इसी को लेकर उन्होंने तथा आचार्य राजीव कुमार नैयर द्वारा पांच चरणों में योग एवं ध्यान का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें मानवीय उत्पादकता को प्रोत्साहन देने के लिए कई प्रकार से इसे प्रस्तुत किया जा रहा है, जिसमें गीत, संगीत, योग, उच्चारण, भजन, कीर्तन आदि शामिल है। इस अवसर पर पीओ सौरभ कुमार सिंह व रंजीत सिंह, क्षेत्रीय यू के पासवान, क्षेत्रीय अधिकारी असैनिक उज्जवल कुमार, क्षेत्रीय एफ एम राजीव कुमार, एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर अरविंद कुमार, चीफ मैनेजर शैलेश कुमार, कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह, ए के मिश्रा व मोहम्मद तौकीर आलम, डॉक्टर पुनीत गुप्ता व रोहित शर्मा, महेंद्र चौधरी सहित सौ से अधिक अधिकारी और कर्मचारी एवं अन्य लोग उपस्थित हुए।

### कलश यात्रा के साथ श्री श्री हनुमान पंचदिवसीय महायज्ञ शुरू

**बेरमो/ललपनिया:** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत के जमकडीह ग्राम में मंगलवार को कलशयात्रा के साथ श्री श्री हनुमान पंचदिवसीय महायज्ञ शुरू हो गया। महायज्ञ की शुरूआत में भक्त भव्ययता एवं गाजे-बाजे के साथ तेनुघाट दामोदर नदी में सैकड़ों कन्याओं- महिलाओं ने आचार्य धनंजय कुमार पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण व जल पूजन के पश्चात कलश यात्रा प्रारंभ हुआ ।यहां महिला श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लेकर भक्तिमय जोरदार नारो के साथ पूरे गांव पैदल भर्मण करते हुए भोलाडीह, देवीपुर, ब्राह्मण टोला, होसिर, साड़म बजार, संतोषी मंदिर, जिरोपोइंट होते हुए आयोजित महायज्ञ मंडप परिसर तक पहुंची। इस दौरान जल पूजन के बाद जमकडीह ग्राम सहित आसपास के गांव-टोलो के सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं तथा बच्चों की भीड़ उमड़ पड़ी। पूरा ईलाका भक्तिमय नारो से गूंज उठा। इसके पहले मुख्य अतिथि गोमिया के विधायक लम्बोदर महतो, बोकारो की जिप अध्यक्ष सुनीता देवी एवं पंचायत की मुखिया पार्वती देवी ने मुख्य रूप से शामिल हुए ।ततपश्चात उन्होंने संयुक्त रूप से फीता काटकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया। तथा उन्होंने भगवान हनुमान जी के आगे माथा टेका। और क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक लंबोदर महतो व बोकारो जिपअध्यक्ष सुनीता देवी ने अपने सम्बोधन में कहा की क्षेत्र में इस तरह की धार्मिक महायज्ञ कार्यक्रमों से क्षेत्र का वातावरण शुद्ध होता है, ऐसे धार्मिक कार्यक्रमो में लोगो को बढ़चढ़ कर भाग लेनी चाहिए।

संपादकीय

# उत्पादकता की होड़ में जिंदगी मुहाल

कारखाना कानून में संशोधन के साथ अब बारह घंटे काम का बदलाव क्या वाकई बेहतरी का रास्ता है। यह नियम चूंकि सिर्फ श्रमिकों पर लागू हो रहा है, इसलिए यह प्रश्न प्रासंगिक हैं कि सरकारी कार्यालयों में जो काम के घंटे पहले से बने हुए हैं, वहां उतना काम अगर वाकई होता तो इतनी दुर्गति तो नहीं होती। दरअसल सरकारी कार्यालयों की कार्यसंस्कृति के बिगड़ते चले जाने की वजह से ही पूरे देश की कार्यसंस्कृति बिगड़ी है। इसके बाद अगर देश के दो राज्य इस तरीके से मजदूरों के काम के घंटों को बढ़ाकर बारह कर रहे हैं तो उसका फायदा किसे होगा। यह समझना कठिन नहीं है कि कर्नाटक के बाद तमिलनाडु ने भी फैक्टरीज अधिनियम 1948 में संशोधन करके काम के लिए 12 घंटे की शिफ्ट को मंजूरी इसलिए दी है ताकि ताकि बड़े विनिमार्ताओं को अपने उत्पादन को ग्लोबल सप्लाई चेन के साथ तालमेल बनाने में मदद मिले। इस बदलाव के बाद फैक्टरियां सप्ताह में चार दिन 12 घंटों की शिफ्ट में काम कर सकेंगी। इसका अर्थ यह हुआ कि वे सप्ताह में 48 घंटे काम करने की अधिनियम की सीमा का पालन कर सकेंगी। कर्नाटक में यह बदलाव एप्पल के ताइवानी वेंडर फॉक्सकॉन के लिए किया गया। जबकि तमिलनाडु खुद को नए जमाने के उद्योगों मसलन बिजली से चलने वाले वाहनों और सौर ऊर्जा उपकरणों के निवेश के लिए तैयार कर रहा है। हालांकि जानकारी के मुताबिक वह इन संशोधनों पर पुनर्विचार कर रहा है। इसमें दो राय नहीं कि कर्नाटक और तमिलनाडु दोनों बहुराष्ट्रीय कंपनियों के उन निवेशकों को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं जो चीन से इतर अपने लिए निवेश के नये इलाके तलाश रहे हैं और इनमें भारत एक पसंदीदा देश है। निवेश के नजरिये से इन कदमों को समझा जा सकता है क्योंकि भारत की श्रम उत्पादकता अपेक्षाकृत कम है जबकि लागत अधिक है। इसके साथ ही उसे वैश्विक निवेश के लिए वियतनाम, इंडोनेशिया और थाईलैंड के साथ प्रतिस्पर्धा करनी पड़ती है। परंतु यहां दो सवाल हैं। पहला, क्या 12 घंटे की शिफ्ट इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे उद्योगों में अपनाई जा सकती है जहां बहुत अधिक सटीक ढंग से काम करने और ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता होती है। ऐसे मामलों में उत्पादों की खराबी की आशंका बढ़ जाती है और लंबे समय के दौरान उत्पादकता के लाभ गंवाने पड़ सकते हैं। दूसरा और बड़ा सवाल ऐसे कानूनों की नैतिकता का है जो श्रमिकों को उनकी क्षमताओं से अधिक काम करने को प्रेरित करते हैं। यह दलील दी जा सकती है कि यह व्यवस्था श्रमिकों पर कमोबेश वैसे ही श्रम व्यवहार आरोपित करती है जैसे कि कमतर निगरानी वाले असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के हिस्से में है और जहां काम के घंटे इससे भी अधिक हो सकते हैं जबकि लाभ न के बराबर। भारत में बेरोजगारी की व्यापक समस्या को देखते हुए संगठित क्षेत्र के श्रमिकों को 12 घंटे काम के साथ अगर सवैतनिक अवकाश, बीमारी में अवकाश आदि मिलते हैं तो इसे बिना इन लाभों के काम करने वाले श्रमिकों की तुलना में काफी बेहतर स्थिति माना जा सकता है। इस बीच शोषण और अधिकतम मुनाफे के बीच की बारीक रेखा को भी पहचानने की आवश्यकता है। खासतौर पर देश में श्रम संगठनों के लगातार कमजोर पड़ते जाने के बीच यह जरूरी है। यह याद करना उचित होगा कि उत्तर प्रदेश 2020 के कोविड लॉकडाउन के कारण उत्पादन में हुए नुकसान की भरपाई के लिए तीन महीनों तक फैक्टरियों को 12 घंटे चलाने का जो अध्यादेश लाया था उसे श्रम विशेषज्ञों और संगठनों की कड़ी आपत्ति के बाद वापस लेना पड़ा था। चीन में भी सरकार कंपनियों को याद दिलाना पड़ा था कि श्रमिकों से सप्ताह के छह दिन सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक काम कराना अवैध था। चीन में सप्ताह में 44 घंटे काम करने का कानून है और ओवरटाइम के लिए अतिरिक्त भुगतान करना होता है। लेकिन फर्क यह है कि चीन में कारखाना हो या सरकारी दफ्तर, काम के समय में फांकी कोई नहीं मारता क्योंकि वहां दूसरे किस्म के दंड का भय भी है। इसी वजह से चीन ने खुद को पहले दुनिया से काटकर रखने के बाद अचानक ही अपने औद्योगिक गतिविधियों की बदौलत बड़ी आर्थिक शक्ति बनने का रिकार्ड बनाया है। दूसरी तरफ सामान्य ढंग से काम करने तथा मजदूरों के हितों का ध्यान रखते हुए पूरी ईमानदारी से काम करने वाले देश मसलन जापान, कोरिया, ताइवान और वियतनाम भी खास तौर पर कई औद्योगिक उत्पादों में चीन से आगे निकल चुके हैं। कर्नाटक और तमिलनाडु में 12 घंटे की शिफ्ट वैश्विक कारोबार की हकीकत को दशार्ती है जहां कम लागत और अधिक उत्पादकता की होड़ लगी है। ऐसे में श्रमिकों के अधिकार और कल्याण का हनन हो रहा है। अब श्रमिकों का कल्याण और हित पर भी सरकारों को सोचना चाहिए।



# भारत के विरुद्ध नेपाल में विदेशी षड्यंत्र, प्रेम-सम्बंध व सद्भाव बिगाड़ने की नापाक कोशिश

भारत और नेपाल दोनो पड़ोसी देश की भाषा, साहित्य, सभ्यता, संस्कृति समान है। भारत व नेपाल के पहाड़ी और तराई क्षेत्र वासियों की जीवन पद्धति, सांस्कृतिक और सामाजिक समानता सदियों से एक दूसरे की पूरक रही है।भारत व नेपाल में बेटी रोटी के सम्बंध की चर्चा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। जिसके कारण दोनो संप्रभू राष्ट्र के मित्रवत सम्बंध विदेशी एजेंसियों और विशेषकर चीन को फूटी आंखों नहीं सुहाता। विदेशी एजेंसियों ने भारत नेपाल के सम्बंध और सद्भाव बिगाड़ने का कई असफल प्रयास किया है। अलबत्ता दोनो देश की अधिसंख्य जनता और अधिकांश नेतृत्वकर्ता मित्रता प्रगाढ़ करने में सफल सिद्ध हुए हैं। विदेशी शक्तियां भारत को विस्तारवादी बताने से नहीं चूकती, अलबत्ता चीन को शांतिप्रिय और पड़ोसियों का हितचिंतक बता कर अपनी पीठ भी थपथपाने से बाज नही आते हैं। सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली ने प्रधानमंत्रित्व काल में भारत विरोधी विषवमन किया नेपाल में बसने वाले सनातन संस्कृति व परम्परा पर चोट पहुंचाने का काम किया। खड्ग प्रसाद शर्मा ओली ने नेपाल में ऐलान कर दिया कि आराध्य भगवान राम की जन्मस्थली उत्तर प्रदेश (भारत) में नहीं है। उन्होंने कहा कि अयोध्या भारत नहीं नेपाल में है । ओली समर्थकों ने उनकी बात मान भी लिया। चीन ने नेपाल की उत्तरी सीमा अतिक्रमित कर लिया, लेकिन खड्ग प्रसाद शर्मा ओली प्रधानमंत्री रहते हुए कुछ नहीं कर सके, केवल भारत के विरुद्ध आग उगलते रहे। विदेशी एजेंसियों के प्रभाव में श्री ओली ने भारत-नेपाल की सामाजिक और सांस्कृतिक सम्बंध बिगाड़ने में नाकाम साबित हुए, हालाकि भारत और नेपाल के विरुद्ध विषवमन से परिस्थितियां अवश्य बदल गई। भारत और नेपाल में विश्वसनीयता में कमी अवश्य आई है। नेपाल के कतिपय पहाड़ी चीन सरकार के प्रभाव में हैं। अलबत्ता अभी नेपाल सरकार और नेपाली जनता के लिए चीन नेपाल सीमा पर कई व्यापारिक नाका बंद पड़े हैं। सर्वाधिक बंद पड़े तातो पानी नाका खोलवाने के लिए, प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचण्ड ने चीन सरकार से प्रत्राचार किया है। इतना होने के बाद भी कतिपय चीनी अंधभक्त को चीन की नीतियां सर्वाधिक अच्छी लगती है।



**अवधेश कुमार शर्मा**
पत्रकार

इन दिनों भारत सरकार नेपाल में शिक्षा के क्षेत्र में कार्य प्रारम्भ किया, तो ओली ने उसका मुखर विरोध प्रारम्भ कर दिया। ओली यह चाहते हैं कि नेपाली जनता उनके भ्रमजाल में फंसी रहे। कुछ वर्ष पूर्व जब चीन के दवाब में नेपाल के प्राथमिक विद्यालयों में मंदारिन (चीन की एक भाषा) पढ़ाने की चर्चा प्रारम्भ हुई, खड्ग प्रसाद शर्मा ओली ने मौनव्रत धारण कर लिया। अलबत्ता भारत अपने पड़ोसी देश नेपाल के मुस्ताङ्ग में विश्वविद्यालय खोलने का प्रस्ताव दिया, तो फिर ओली उसके विरुद्ध मुखर हो गए हैं। ओली ने बयान दिया है कि पुष्प कमल दहल प्रचण्ड की सरकार नेपाल को विदेशियों के खेल का मैदान बनाने की कोशिश कर रही है। मुस्ताङ्ग में भारत के विश्वविद्यालय खोलने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लेने पर, नेपाल के प्रधान मंत्री पुष्प कमल दहल प्रचण्ड के निर्णय पर ओली की चीन समर्थित मानसिकता उजागर हो गई है। खड्ग प्रसाद शर्मा ओली ने कहा है कि प्रधानमंत्रीने चीन के खिलाफ देशद्रोह किया है। उन्होंने (ओली) यह नहीं बताया कि चीन को कैसे धोखा दिया गया..? इसका भावार्थ क्या समझा जाये कि केपी शर्मा ओली चीन के नियंत्रण में हैं, अथवा चीन की भाषा बोलने वाले नेपाली प्रवक्ता हैं? ओली ने प्रचण्ड के सम्बंध में कहा कि उसने चीन को धोखा क्यों दिया? नेपाल में जिसकी सरकार (सत्ता) होती है, उसी की सरकार बनती है, चीन और भारत की चर्चा क्यों? ओली ने कहा, ह्वक्या आप वहाँ यूनिवर्सिटी बनाने की कोशिश कर रहे हैं? ओली ने आरोप लगाया कि भारत विश्वविद्यालय के नाम पर रुपए बनाने की कोशिश कर रहे हैं। वे विदेशियों के लिए एक खेल का मैदान बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मुस्ताङ्ग में चीन अपना विश्वविद्यालय बनाना चाहा, लेकिन भारत वहाँ बौद्ध शिक्षा विश्वविद्यालय खोलवाने में सफल हो गया। उसी बौखलाहट में खड्ग प्रसाद शर्मा ओली ने बयान दिया है कि मुस्ताङ्ग में यूरेनियम है, इसलिए मुस्तांग में भारत का फोकस है, जहां लोग नहीं हैं, वहां एक विश्वविद्यालय है। इसका अर्थ है कि केवल उस विशेष उद्देश्य वाले लोग ही वहां रहते हैं, जो बहुत ही खतरनाक बात है। गौरतलब है कि भारत के कश्मीर में यूरेनियम का भण्डार मिला है, उसे नेपाल के यूरेनियम की आवश्यकता नहीं, दरअसल, ओली की नजर मुस्ताङ्ग की यूरेनियम पर, जिसे कथित तौर पर चीन को सौंपना उनकी इच्छा रही। उन्होंने यह भी दावा किया कि वहां यूरेनियम की दृष्टिगत विश्वविद्यालय खोलने की बात है, ओली ने ऐसी जगह यूनिवर्सिटी बनाने पर आपत्ति जताया। प्रधानमंत्री प्रचंड ने भारत को खुश करने के लिए भारत से आने वाली सब्जियों की जांच नहीं करने का आदेश दिया। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि सरकार नेपालियों को मारकर भी विदेशियों को खुश करने की कोशिश कर रही है।

भारत नेपाल सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश में लगी विदेशी एजेंसियां, इस दुष्प्रचार में लगी हुई हैं कि भारतीय मुद्रा का अवमूल्यन हो गया है। जिसको लेकर नेपाल में भ्रांतियां फैला दी गई है। उन भ्रांतियों के दृष्टिगत विदेशी एजेंसियों के समर्थक कतिपय नेपाली भारतीय मुद्रा निर्धारित मूल्य से कम लेने पर तैयार हो रहे हैं। जिस कारण भारतीय पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश भारतीय पर्यटक नेपाल में भारतीय मुद्रा लेकर जाते रहे हैं। हालिया परिस्थिति विपरीत होती जा रही है। विदेशी एजेंसी प्रभावित दूकानदार, होटल वाले कहते हैं कि भारत के रुपए का अवमूल्यन हो गया है। भारतीय रुपए को लेकर विदेशी एजेंसियों की फैलाई जा रही अफवाह प्रभावी साबित हो रही है। जिससे भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के नेपाल और भारत में भ्रांतियों का दौर प्रारम्भ है। सीमावर्ती क्षेत्र के नेपाली पेट्रोल पम्प पर भारतीय पर्यटकों और अन्य भारतीयों से अच्छे व्यवहार नहीं हो रहे हैं। कई भारतीयों ने शिकायत भी किया, अलबत्ता भारत के लोग इस बात को अच्छी तरह समझते हैं कि विदेशी एजेंसियाँ भारत-नेपाल के मैत्रीपूर्ण सम्बंध बिगाड़ने में लगी हुई हैं। इसलिए भारत की जनता सहिष्णुता का परिचय देते हुए, थोड़ी कटु बातें सहन कर भी मैत्रीपूर्ण सम्बंध को बनाए हुए हैं। दोनो देश की सरकार को भारत-नेपाल की प्राचीन मित्रता को प्रगाढ़ बनाए रखने के लिए सकारात्मक पहल करने की आवश्यकता है। जिससे भारत व नेपाल सार्वभौम संप्रभुता सम्पन्न बने रहे। भारत की प्राथमिकता है कि विदेशी एजेंसियों के दुष्चक्र से नेपाल को सुरक्षित रखकर संप्रभुतासंपन्न राष्ट्र बनाए रखने में सहायता करे। सद्भाव बिगाड़ने में भारत और नेपाली हवाला कारोबारी के हाथ होने से इनकार नहीं किया जा सकता हैं। जिन्होंने नेपाली मुद्रा और भारतीय मुद्रा के अंतरण प्रक्रिया में व्यापारियों का दोहन करते हैं। जिसके कारण नेपाल के चीन समर्थित व्यापारी भारतीय मुद्रा के अवमूल्यन की चर्चा करते हैं।

# मृत्यु अटल है

**गतांक से आगे .. .. .. ..**

अच्छे शुभ कार्यो में लगाऊंगा, पर वह कल ही नहीं आया।
काल ने कहाझ ह्लआज तक तुमने जो कुछ भी किया, राग-रंग, स्वार्थ और भोगों के लिए जान-बूझकर ईश्वरीय नियमों को तोड़कर तुमने कर्म किये। उस व्यक्ति को जब कोई मार्ग दिखाई नहीं दिया तो उसने काल को करोड़ों की सम्पत्ति का लोभ दिखाया।
काल ने हंसकर कहा- ह्लमित्र यह मेरे लिए धूल से अधिक कुछ भी नहीं है। धन-दौलत, शोहरत, सत्ता ये सब लोभ संसारी लोगों को वश में कर सकता है मुझे नही।
काल ने उत्तर दिया- यदि तुम मुझे लुभाना ही चाहते थे तो सच्चाई और शुभ कर्मों का धन संग्रह करते यह ऐसा धन है जिसके आगे मैं विवश हो सकता था, अपने निर्णय पर पुनर्विचार को बाध्य हो सकता था पर तुम्हारे पास तो यह धन धेले भर का भी नहीं है।
तुम्हारे ये सारे रूपए-पैसे, जमीन-जायदाद, तिजोरी में जमा धन-संपत्ति सब यहीं छूट जाएगा, मेरे साथ तुम भी उसी प्रकार निर्वस्त्र जाओगे जैसे कोई भिखारी की आत्मा जाती है।
काल ने जब मनुष्य की एक भी बात नहीं सुनी तो वह हाय-हाय करके रोने लगा। सभी सम्बन्धियों को पुकारा परन्तु काल ने उसके प्राण पकड़ लिए और चल पड़ा अपने गन्तव्य की ओर।



शिक्षा :-
एक ही सत्य है, जो अटल है वह है कि हम एक दिन मरेंगे जरूर, हम जीवन में कितनी दौलत जमा करेंगे, कितनी शोहरत पाएंगे, कैसी संतान होगी यह सब अनिश्चित होता है, समय के गर्भ में छुपा होता है. परंतु हम मरेंगे एक दिन बस यही एक ही बात जन्म के साथ ही तय हो जाती है। समय के साथ उम्र की निशानियों को देख कर तो कम से कम हमें प्रभु परमेश्वर की याद में रहने का अभ्यास करना चाहिए। इसमें तो हर एक को चाहे छोटा हो या बड़ा सब को प्रभु परमेश्वर की याद में रहकर ही कर्म करने चाहियें। .. .. **समाप्त।**

महिला खिलाड़ियों का यौन उत्पीड़न

# जब रक्षक ही भक्षक बन जाये

देश के अनेक चरित्रहीन राजनेताओं,पाखण्डी धर्मगुरुओं, तथा दुश्चरित्र कथित विशिष्ट जनों पर बलात्कार,महिला यौन उत्पीड़न व महिलाओं के शोषण के आरोप लगना कोई नई बात नहीं है। यह देश का दुर्भाग्य है कि हमारे देश में दोहरा चरित्र दशार्ने वाले ऐसे तमाम लोग बेनकाब हो चुके हैं और अब भी होते आ रहे हैं जो बातें तो पुरुषों से महिलाओं की बराबरी की करते हैं,अपने 'प्रवचनों ' में महिला सम्मान की डींगें हांकते हैं, महिलाओं को देवी तुल्य बताते फिरते हैं और स्वयं ही महिलाओं का शारीरिक शोषण व बलात्कार भी करते फिरते हैं। आश्चर्य तो यह है कि उस सरकार से जुड़े प्रभावशाली लोग जोकि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ' जैसी योजना पर सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर इस योजना का ढिंढोरा पीटती फिर रही है उसी सत्ता के संवैधानिक पदों पर बैठे लोग बेटियों का ही यौन उत्पीड़न करते फिर रहे हैं। और वह भी उन बेटियों का जो देश के लिये पदक जीत कर लाती हैं और राष्ट्रीय ध्वज का विश्व में मान बढ़ाती हैं?



**निर्मल रानी**
साहित्यकार

> **आश्चर्य तो यह है कि उस सरकार से जुड़े प्रभावशाली लोग जोकि 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ' जैसी योजना पर सैकड़ों करोड़ रुपए खर्च कर इस योजना का ढिंढोरा पीटती फिर रही है**

भारतीय जनता पार्टी के उत्तर प्रदेश के गोंडा के रहने वाले बाहुबली सांसद एवं भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा देश की अंतर्राष्ट्रीय पदक विजेता महिला पहलवानों के साथ कथित तौर पर किये गये यौन उत्पीड़न का मामला एक बार फिर तूल पकड़ रहा है। दबंग छवि वाले बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह पहली बार 1991 में लोकसभा के लिए चुने गये थे उसके बाद वे 1999, 2004, 2009, 2014 और 2019 में भी अर्थात छः बार कैसर गंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्वाचित होते रहे। बृजभूषण शरण सिंह 1992 में अयोध्या में गिराए गये विवादित ढांचे के 40 आरोपियों में भी एक थे। यह वही दबंग छवि वाले हिंदूवादी पहलवान हैं जिन्होंने 5 जून 2022 को मनसे नेता राज ठाकरे के प्रस्तावित अयोध्या दौरे का जबरदस्त विरोध करते हुये राज ठाकरे को चेतावनी दी थी कि वे महाराष्ट्र में उत्तर भारतीयों का अपमान करने वाले राज ठाकरे को लखनऊ एअरपोर्ट से आगे नहीं जाने देंगे। उनका कहना था कि राज ठाकरे को अयोध्या आना है तो पहले उन्हें उत्तर भारतीय समाज से माफी मांगनी होगी। इसके बाद ही उन्हें रामलला का दर्शन करने दिया जायेगा। और यह मामला इतना तूल पकड़ा था कि राज ठाकरे को इन्हीं विवादों के चलते अपनी अयोध्या की प्रस्तावित यात्रा स्थगित तक करनी पड़ी थी। अयोध्या के महंत रामचंद्र परमहंस, नृत्य गोपाल दास, हनुमान गढ़ी के स्वामी धर्म दास व लालकृष्ण आडवाणी जैसे संतों व नेताओं के भी यह बेहद करीबी रहे। वे एक बार भाजपा छोड़ समाजवादी पार्टी में भी शामिल हुये थे। 2009 का लोकसभा चुनाव वे समाजवादी पार्टी से कैसरगंज सीट से ही विजयी हुये थे। लेकिन सपा में उनके वैचारिक मतभेद शुरू हो गए और वह दोबारा बीजेपी में वापस शामिल हो गए। अयोध्या के अखाड़ों के पहलवान के रूप में भी वे स्वयं को 'शक्तिशाली' कहा करते थे। दबंग छवि वाले सांसद बृज भूषण शरण सिंह बहराइच, गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या और श्रावस्ती के 50 से अधिक शिक्षण संस्थानों से भी जुड़े हुए हैं। ये अपने अनेक विवादित बयानों को लेकर भी सुर्खियां बटोरते रहे हैं।

## जानकारी

# चाय संग्रहालय




ऊटी में चाय के बागान हैं जो पूरे शहर में फैले हुए हैं। ऊटी में टी म्यूजियम और टी फैक्ट्री जरूर घूमने लायक जगह हैं। डोड्डाबेट्टा पीक के पास टी एस्टेट व्यू पॉइंट, देखने लायक है। आप कारखाने में पूरी चाय उत्पादन प्रक्रिया देख सकते हैं। एक एकड़ के क्षेत्र में फैली हरी-भरी नीलगिरी की गोद में बसे, आप कारखाने में चाय की पत्तियों के सूखने से लेकर अंतिम पैकेजिंग तक का पूरा 'लीफ टू टी' चक्र देख सकते हैं। चाय संग्रहालय प्रदर्शित करता है चाय की पत्तियों की विभिन्न किस्मों को बनाने की प्रक्रिया और चाय का विकास। आप इलायची या चॉकलेट चाय का एक नमूना कप भी ले सकते हैं। स्मारिका की दुकान में परिवार और दोस्तों के लिए वापस लेने के लिए विभिन्न प्रकार के चाय पाउडर हैं।

# WhatsApp को एक साथ 4 स्मार्टफोन्स में कर सकेंगे इस्तेमाल!

**नई दिल्ली :** WhatsApp अकाउंट को अब दूसरे फोन यानि कि सेकंडरी फोन पर भी चलाने की सुविधा जल्द ही शुरू होने वाली है। कई बार यूजर्स को यह कमी खलती है कि काश मेन वॉट्सऐप अकाउंट को किसी अन्य फोन पर भी चलाया जा सकता, क्योंकि कई लोग अपने साथ दो फोन रखते हैं और दोनों ही पर सेम वॉट्सऐप अकाउंट इस्तेमाल करना चाहते हैं। यूजर्स की यह परेशानी अब जल्द ही खत्म होने वाली है। कंपनी आने वाले दिनों यह फीचर सभी यूजर्स के लिए रोल आउट करना शुरू करने वाली है। WhatsApp के यूजर एक लम्बे समय से कंपनी से इसके लिए रिक्वेस्ट करते आ रहे थे कि उन्हें एक ही अकाउंट को कई डिवाइसेज पर चलाने की सुविधा मिले। इस बात का ध्यान रखते हुए अब मैसेजिंग ऐप ने इस फीचर को जल्द ही रोल आउट करने की तैयारी कर ली है, जिसके बाद आप अपने एक ही अकाउंट को मल्टीपल डिवाइसेज पर चला पाएंगे। कंपनी ने एक ब्लॉग पोस्ट के जरिए इसकी सूचना जारी की है। यूजर्स जल्द ही अपने मैसेज, फोटो, वीडियो को अन्य डिवाइसेज पर भी एक्सेस कर पाएंगे, वो भी सिक्योरिटी के साथ समझौता किए बिना। यानि कि कंपनी यहां सिक्योरिटी का भी पूरा ध्यान रखने की बात कह रही है।




अब आपके मन में ख्याल आ रहा होगा कि आखिर कितने डिवाइसेज पर एक वॉट्सऐप को एक्सेस किया जा सकेगा। तो आपको बता दें कि आप अपने एक अकाउंट को चार अलग-अलग स्मार्टफोन्स पर इस्तेमाल कर सकेंगे। जबकि जो प्राइमरी अकाउंट होगा, उसे ही ऑथेंटिकेशन के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। कंपनी के अनुसार, जिस तरह से वॉट्सऐप के वेब वर्जन को इस्तेमाल करने के लिए QR कोड को स्कैन करना होता है, वैसे ही अन्य स्मार्टफोन्स पर भी अकाउंट को एक्सेस किया जा सकेगा। साथ कंपनी एक OTP आधारित ऑथेंटिकेशन सिस्टम भी इसके लिए तैयार कर रही है, ऐसा कहा गया है।

Facebook, Whatsapp, Instagram IYe ´fZSXZaMX Meta के CEO मार्क जुकरबर्ग (Maark Zuckerberg) ने इस फीचर की घोषणा कर दी है। इस फीचर का इस्तेमाल कई तरह की सुविधाओं में किया जा सकेगा।




## टॉप ट्वीट

"महिला खिलाड़ियों की जीत बाकियों से बड़ी होती है। लंबे समय से चल रहे शोषण के खिलाफ उनकी शिकायत कोई सुन नहीं रहा। मजबूत बाजुओं मगर भोले दिल की इन लड़कियों ने यकीन किया, जब इनसे सरकार ने कहा कि जांच होगी। मगर जांच नहीं हुई। सजा का प्रश्न ही नहीं उठा। क्या सरकार दोषियों को बचाना चाहती है।"

**प्रियंका गांधी वाड्रा**
कांग्रेस महासचिव





"उन्होंने मेरे लिए घर पर एक साड़ी भेजी और यह मेरे लिए वरदान था। मैं हमेशा इस साड़ी को पहनना चाहती थी और एक दिन उन्हें दिखाना चाहती थी, लेकिन आज तो होना ही था, और यहां मैं यह साड़ी पहन कर आई हू, यह प्रतिष्ठित मास्टर दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार प्राप्त कर रही हूं।"

**विद्या बालन**
बॉलिवुड अभिनेत्री

## संपादक के नाम पत्र

# बिहार में 'आनंद'



जिस 'आनंद मोहन' के 'लालू यादव' हमेशा विरोधी रहे। आज उनके पुत्र 'तेजस्वी यादव' उसके रिहाई का खुलेआम समर्थन कर रहे हैं। 'दलित विमश' का ये हाल केवल बिहार में ही संभव है। अगले 'बिहार चुनाव' में 'गठबंधन दल' वोट बैंक के लिए 'आनंद मोहन' को विशेष समर्थन दे रही है। 'नीतीश कुमार' अपने 'राजनीतिक अवसान' की ओर है। 'जनाधार' के साथ-साथ उन्होंने अपने 'नैतिकता' को भी तिलांजलि दे दिया है।'भाजपा' इसी से मिलता-जुलता 'कर्म' गुजरात में कर चुकी हैं। ये इनके लिए 'गले की हड्डी' वाली स्थिति है। बेचारे न खुलकर समर्थन कर पा रहे है,न विरोध। इन सबके बीच बिहार में 'सुशासन और दलित विमर्श' हवा हो चुका है। एक ?दलित सरकारी सेवक के हत्यारे को इस प्रकार का राजनीतिक प्रश्रय मिलना एक गंभीर 'सामाजिक आत्मचिंतन' का विषय है। फिर भी लोकतंत्र की जय हो। राजनेताओं पर इसी वजह से जनता का विश्वास उठता जा रहा है। राजनेताओ के लिए कोई भी व्यक्ति दोस्त नहीं होता और न कोई दुश्मन होता है जरूरत के मुताबिक उनके दोस्त और दुश्मन पैदा ले लेते है। तेजस्वी यादव के हडकत से यही बात चरितार्थ होता है कि जो स्थिति पहले राजनीति में थी कमोबेस आज भी वहीं स्थिति बरकरार है।

अतुल कुमार सोन
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### तेनुघाट पंचायत भवन में समन्वय समिति गठन

**तेनुघाट :** पंचायत भवन में समन्वय समिति गठन पंचायत मुखिया नीलम श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से पंचायत के मुखिया की नीलम श्रीवास्तव को समन्वय समिति का अध्यक्ष एवं पंचायत सेवक घलटू प्रमाणिक को सचिव पद पर चुनाव किया गया। तथा सामान्य समिति सदस्य के रूप में तेनुघाट पंचायत अंतर्गत सभी बीएलओ,जल सहिया को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।

## सिटी अपडेट्स >>

### सोहरा में श्री मद्भागवत कथा सुनने उमड़े श्रद्धालु

**चौपारण :** चौपारण सोहरा में आयोजित भागवत कथा समारोह में लगातार श्रद्धालुओं की भीड उमड रही है। बनारस से पधारीं देश की प्रख्यात कथा वाचिका मानस मयूरी शालिनी त्रिपाठी के प्रवचन में विशेषकर महिलाओं की भीड ज्यादा जुट रही है। मंगलवार संध्या प्रवचन मंच का उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज यादव, जिप सदस्य राकेश रंजन, प्रमुख प्रतिनिधि संजय राणा,पूर्व मुखिया अरविंद सिन्हा, समाजसेवी राकेश पाण्डेय, जन्मेजय सिंह, राणा समाज के सचिव डोमन राणा आदि ने संयुक्त रूप से किया। प्रवचन के दौरान भागवत के अनेक प्रसंगों पर व्याख्या पूर्वक प्रस्तुति दी। आदर्श बेटा व बेटी पर चर्चा की। गुण अवगुण की व्याख्या की। कहा कि दुसरों की गुण और अपनी गलतियों को देखें। कहा कि अपनी दृष्टि को बदलें, सृष्टि सुधर जायेगा। कहा बेटी सीता, लक्ष्मीबाई हो तो कौन ऐसी बेटी नहीं चाहेगा। कहा भगवान भाव से प्रसन्न होते हैं। जैसी भावना रहेगी वैसा ही परिणाम होगा। आप लाख यज्ञ कर लें लेकिन यदि भाव सही नहीं रहेगा तो यज्ञ का फल भी सही नहीं मिलेगा। दक्ष ने भी यज्ञ किया पर भाव सही नहीं था, परिणाम उसे मिला।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### बैंक ऑफ इंडिया में ढाई वर्षों से खाता अपडेट नहीं होने से ग्राहकों के बड़ी परेशानी

**बड़कागांव :** बड़कागांव के बैंक ऑफ इंडिया में खाता नहीं खोले जाने से आदर्श मध्य विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को परेशानी बढ़ गई है। इस बैंक में बैंक का खाता भी अपटू डेट एवं प्रिंट नहीं होता है। इससे लगभग ढाई वर्षों से ग्राहकों को परेशानी बढ़ गई है। आदर्श मध्य विद्यालय के शिक्षक जमशेद अंसारी का कहना है। कि ढाई सौ छात्रों का खाता नहीं खुल रहा है। अभिभावकों का कहना है कि बैंक जाने पर खाता नहीं खुले जाने का हम लोग को वापस कर दिया जाता है। प्रबंधन समिति के सदस्य गोपाल महतो ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया में लगभग ढाई वर्षों से खाता का अपडेट नहीं हो रहा है। इस कारण बैंक कर्मियों द्वारा कहा जाता है। कि स्टेटमेंट निकाल लीजिए मैंने एक साल का स्टेटमेंट निकाला तो 200 लगा। बैंक की खाता धारियों का कहना है कि बैंक का खाता अपडेट नहीं होने पर साइबर क्राइम भी बढ़ गया है। क्योंकि खाते में कितना पैसा आता है, पता नहीं चल पाता है म अभिभावकों ने कहा कि खाता नहीं खुलने से बच्चों का स्कॉलरशिप राशि से वंचित रह जा रहे हैं। इस संबंध में बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य प्रबंधक से संपर्क करना चाहा लेकिन वह छुट्टी में थे तत्पश्चात उप प्रबंधक आशीष सोरेन ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया की ब्रांच में खाता खुल रहा है। खाता खोलने वाली मशीन खराब था। नया मशीन से एक सप्ताह के अंदर खाता का अपडेट होने लगेगा पुरानी मशीन के कारण खाता में ठीक से प्रिंट नहीं हो पाता था। इसलिए स्टेटमेंट खाता धारियों को जरूरत पड़ने पर निकाल कर दिया जाता था। अब नई मशीन से खाता कभी प्रिंट होगा।

**प्रदर्शन** रेलवे रैक लोडिंग को जल्द शुरू करवाने की मांग को लेकर मजदूरों ने दिया धरना प्रदर्शन

# रैक लोडिंग पॉइंट जल्द शुरू करो या मजदूरों को फांसी दो

- उसे हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं
- उनके परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है
- 10 मई को डीआरएम कार्यालय मालदा के समक्ष व्यापक रूप से धरना प्रदर्शन किया जाएगा



राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज :** झारखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देश पर सीटीओ के साहिबगंज जिले में संचालित रेलवे का तकरीबन कई रैक लोडिंग पॉइंट को बंद कर दिए जाने से इससे जुड़े हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। इसी क्रम में बुधवार को झारखंड मजदूर यूनियन के साहिबगंज जिला शाखा के बैनर तले समाहरणालय के सामने मजदूरों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अगुवाई संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव और जिला उपाध्यक्ष मेरिलिना किस्कू ने की। साहिबगंज के माल गोदाम स्थित रेलवे रैक लोडिंग पॉइंट से जुड़े मजदूरों भी धरना में शामिल हुए। धरना के दौरान मजदूरों ने रैक लोडिंग कार्य शुरू करो या मजदूरों को फांसी दो के नारे लगाए। धरना की अगुवाई कर रहे जिला अध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि जिस तरह से एकाएक रेलवे का रैक लोडिंग पॉइंट बंद कर दिया गया है उसे हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। उनके परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि जल्द से जल्द लोडिंग पॉइंट को शुरू किया जाए। उन्होंने कहा कि उन लोगों की मांगों पर जल्द से जल्द विचार नहीं किया गया तो 1 मई कोअनुमंडल कार्यालय राजमहल के समक्ष और 10 मई को डीआरएम कार्यालय मालदा के समक्ष व्यापक रूप से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसमें बड़ी संख्या में रैक लोडिंग पॉइंट से जुड़े मजदूर शामिल होंगे। वहीं संघ के जिला उपाध्यक्ष मेरिलीना ने कहा कि मजदूर हित में अविलंब लोडिंग कार्य शुरू नहीं कराया गया तो इसका गंभीर परिणाम शासन प्रशासन को झेलनी होगी। कहा कि सीटीओ के नाम पर जिस तरह से रैक लोडिंग को बंद किया जा रहा है, यह मजदूरों के साथ सरासर नाइंसाफी है। कहा कि प्रशासन यहां के मजदूरों से जबरन निवाला छीनने का कार्य कर रही है। कहा कि जल्द उनकी मांगों पर कार्यवाही नहीं की गई, तोऔर भी व्यापक रूप से धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## प्रधानमंत्री के मन की बात आगामी तीस अप्रैल को सुनाई जायेगी



राष्ट्रीय खबर

**बरही :** बरही भारतीय जनता पार्टी,बरही के द्वारा सभी गांव पंचायत के बूथों पर आगामी 30अप्रैल 2023 को आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात के 100 वें संस्करण को सुनाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करावाकर इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु एक अहम बैठक बरही पूर्व विधायक श्री मनोज कुमार यादव के बरही आवास पर किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव मौजूद थे। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही मंडल के मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व मंडल अध्यक्ष हरी प्रसाद गुप्ता,भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, अनूसूचित जाति मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, ओबीसी मोर्चा के पूर्वी मंडल अध्यक्ष मुन्ना यादव, सुनील कुमार महतो सहित भाजपा के कार्यकर्ता गण थे।

## मोदी सरकार के तानाशाही रवैए के विरोध में कांग्रेस के राज्यस्तरीय उपवास कार्यक्रम में हजारीबाग से कई कांग्रेसी हुए शामिल




राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग :** हजारीबाग अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार मोदी अडानी के गठजोड़ द्वारा जनता और राष्ट्रीय संपत्ति की लूट तथा मोदी सरकार के तानाशाही रवैए के खिलाफ मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम के माध्यम से एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने की। उपवास कार्यक्रम में हजारीबाग से जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव के नेतृत्व में जिला, नगर, प्रखंड तथा पंचायत स्तर से कई कांग्रेसी कार्यकताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सह जिला प्रभारी अजय कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा सरकार अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति से वाकिफ है। गहरे आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादि ढ़ाचे को अडानी समूह को बेच रही रही है और एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानो को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों को करोड़ो की बचत जोखिम में है।

जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने राहुल गांधी की लोकसभा की सदस्यता समाप्त किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सदन में दो सवाल पुछे थे पहला अडानी के सेल कम्पनियों में निवेश किए गए 20.000 हजार करोड़ रूपए किसके हैं और दुसरा सवाल प्रधानमंत्री मोदी का अडानी के साथ किया रिश्ता है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, अवधेश कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह, अजय प्रजापति आदि शामिल थे।

## एक दिवसीय कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं को दिया गया सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण

- जब महिलाएं बनेगी सबल तब आत्मनिर्भर भारत का सपना होगा साकार: रवि

राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज :** सशक्त समाज फाउंडेशन संस्था की ओर से बुधवार को शहर के लौंडा स्थित अपने कार्यालय में महिलाओं के लिए एक दिवसीय उनकी कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक मुरलीधर ठाकुर और समाजसेवी जनार्दन शाह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। कार्यशाला के माध्यम से इसमें भाग ले रही महिलाओं को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत की सोच से अवगत कराया गया। साथ ही कार्यशाला के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का मूल मंत्र सिखाया गया। कार्यशाला के माध्यम से संस्था के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की ओर से महिलाओं को सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया गया। संस्था के संरक्षक रवि ठाकुर ने बताया कि हमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भाग के सपनों को साकार करना है। इसके लिए समाज में पुरुषों के साथ-साथ महिलाओं को भी सबक बनाना होगा। जब पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी सबल बनेगी, स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनेगी तभी देश के प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार हो सकेगा। उन्होंने बताया कि भारत सरकार से संबद्ध रखने वाली इस संस्था के माध्यम से समाज के महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य उन्हें विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण देने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में आज समाज की बेरोजगार महिलाओं के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया गया।

## मनरेगा योजना की जांच के लिए राज्यस्तरीय टीम पहुंची इचाक

राष्ट्रीय खबर

**इचाक :** इचाक प्रखंड के चंपानगर नावाडीह में चल रहे मनरेगा योजनाओं की जांच को ले राज्य स्तरीय टीम बुधवार को चंपानगर नावाडीह पहुंची। ग्रामीण विकास विभाग के उपसचिव के नेतृत टीम ने मनरेगा के तहत बने दर्जनों डोभा का जाँच करते हुए मापी की। इस दौरान जाँच टीम द्वारा निर्माण स्थल पर योजना बोर्ड नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की। सबसे बड़ी बड़ी बात है कि पंचायत में एक ही जगह पर कई सारे डोभा का निर्माण किया गया था। वेंडर की अनियमितता भी चर्चा का विषय बना रहा। जाँच टीम के द्वारा सभी डोभा का रेकड़ की मांग पंचायत सेवक से किया गया है। और कहा कि शेष योजनाओं की जाँच आगे भी जारी रहेगी। जाँच टीम में ग्रामीण विकास विभाग के उपसचिव, प्रशाखा पदाधिकारी, सहायक पदाधिकारी के अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी रिंकु कुमारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी राजीव आंनद, मुखिया काजल देवी, पंचायत समिति सदस्य मुकेश उपाध्याय, पूर्व मुखिया नंदकिशोर राम, रोजगार सेवक इम्तियाज अंसारी, अभय सिंह, रामचंद्र दुबे, रामचंद्र गोप, नितेश गोप, विजय गोप समेत कई लोग मौजूद रहे।

**समापन** प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतिभागियों को जोनल स्तर की प्रतियोगिता में शामिल होने का मिलेगा मौका

# नवोदय विद्यालय का संकुल स्तरीय दो दिवसीय प्रतियोगिता का हुआ समापन

- प्रतियोगिता के दूसरे दिन एथलेटिक्स की कई स्पर्धा का आयोजन किया गया



राष्ट्रीय खबर

**साहिबगंज :** जवाहर नवोदय विद्यालय का शहर सिदो-कानू स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुआ। प्रतियोगिता के दूसरे दिन एथलेटिक्स की कई स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें 5 किलोमीटर का क्रॉस कंट्री दौड़ में हजारीबाग के दिनेश कुमार प्रथम, हजारीबाग के सोनू कुमार दूसरे तथा गिरिडीह के रामकुमार तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग के क्रॉस कंट्री दौड़ में कोडरमा के लक्ष्मी कुमारी प्रथम ,साहिबगंज के साक्षी राज दूसरे और सपना कुमारी तीसरे स्थान पर रही। 800 मीटर रेस में दुमका के आनंद खालको प्रथम, कोडरमा के प्रियांशु कुमार दूसरे तथा हजारीबाग के सोनू तीसरे स्थान पर रहे। 400 मीटर रेस में गिरिडीह का आर्यन कुमार चौधरी प्रथम, दुमका का इशांत कुमार दूसरे तथा साहेबगंज का अमन तीसरे स्थान पर रहा। बालिका वर्ग के 200 मीटर रेस में पाकुड़ की मंजूषा बास्की प्रथम, देवघर की अंशु कुमारी दूसरे तथा गोड्डा की सुहाना राज तीसरे स्थान पर रही। बालिका वर्ग के 800 मीटर रेस में देवघर की रितु कुमारी प्रथम, कोडरमा की नीतू कुमारी दूसरे तथा साहिबगंज की साक्षी राज तीसरे स्थान पर रही। मौके पर खेलकूद शिक्षिका प्रिया आरती ने बताया कि दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में एथलेटिक्स के तहत 81 इवेंट के अलावा रस्सी स्कीपिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया।इसमें रांची बी संकुल अंतर्गत आने वाले 11 नवोदय स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जोनल स्तर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका मिलेगा। नवोदय विद्यालय साहिबगंज के प्राचार्य डॉ राज कपूर की अगुवाई में इस खेल प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। मौके पर शिक्षक रजत कुमार, अशोक साहनी सहित विद्यालय के शिक्षक आदि उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### बांग्ला भाषा के लिये प्रशासनिक स्तर पर उठाई गई आवाज



**हाता :** पोटका प्रखंड के माताजी आश्रम हाता से साहित्यिक सह समाजसेवी सुनील कुमार दे के अगुवाई में एक प्रतिनिधी मण्डल उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम के कार्यालय में दिये माँग पत्र,,, बंगला भाषी अपनी हक की लड़ाई शुरू कर दी है - आज पोटका प्रखंड स्थित माताजी आश्रम हाता के संचालक सह साहित्यिक सुनील कुमार दे एवं नवोदित कवि सह पूर्व जिलापार्षद करुणा मय मंडल के अगुआई में एक प्रतिनिधी मंडल उपायुक्त विजया जाधव के अनुपस्थिति में उनके निजी सहायक आकाश जी के हाथों एक माँग पत्र सौंपे। माँग पत्र में उपायुक्त के माध्यम से प्रदेश के माननीय मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन को संबोधित करते हुये कहा गया है की - एक ओर जँहा केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा प्रथम वर्ग से पंचम वर्ग तक प्राथमिक शिक्षा में मातृ भाषा जरूरी घोषित कर दी गई है वंही दूसरी ओर प्रदेश सरकार द्वारा भले ही अन्यान्न भाषाओं के माध्यम से पाठ्यक्रम की पुस्तकें मुद्रण की निर्देश जारी कर दी गई है लेकिन दुर्भाग्य की बात तो यह है की उक्त निर्देश में कँही भी बंगला भाषा में किताबें मुद्रण करने का कोई जिक्र नहीं कि गई है - जो दु:खद है। उक्त विरोधाभाष निर्देश की जानकारी हमें दिनांक - 09/04/2023 की प्रभात खबर (जमशेदपुर) के माध्यम से प्राप्त हुई - जो हम सब बंगला भाषीओं के लिये पूर्ण निराश जनक है। मातृ भाषा के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा के आधार पर हमें बंगला भाषा की पुनर्जीवन लाभ की बड़ी उम्मीदें जगी थी - पर पाठ्यक्रम की किताबों की मुद्रण में बंगला भाषा में किताबों की मुद्रण की निर्देश नहीं दिये जाने से सभी की दिलों में नाउम्मीदें पसर गई है - जबकि बंगला भाषा झारखंड का न सिर्फ बुनियादी भाषा है वल्कि सर्वाधिक बोलने बाली मातृ भाषा भी है। मजे की बात तो यह भी है कि यँहा की समग्र मूल भाषिओं की मातृ भाषा भी बंगला ही है। पत्र के माध्यम से माननीय मुख्य मंत्री जी से यह अनुरोध कि गई की ह्यबहू जन हितायह्ल के मद्दे नजर यथा शीघ्र बंगला भाषा में भी प्राथमिक पाठ्यक्रम की पुस्तकें मुद्रण की निर्देश निर्गत कि जाय ताकि बंगला भाषी विद्यार्थियों को भी समय पर पुस्तकें उपलब्ध हो सके एवं प्रदेश में षड़यंत्र के शिकार हमारी मातृ भाषा बंगला पुनर्जीवन लाभ कर सके। प्रतिनिधि मंडल में देवू गोप (वीणापाणी संघ, गोविंदपुर), पल्लव दत्त, नारायण बेसरा (पं.स.स.खाकड़ीपाड़ा), मुनिराम बास्के आदि मौजूद थे।

### आरोप लगाकर मशीन मालिक एवं लाभुक पर पंचायत सचिव ने किया मामला दर्ज



**इचाक :** इचाक प्रखंड के भूसाई टोला पारटांड़ गांव में मनरेगा का निमाणार्धीन कूप धंसने से कूप में काम कर रहे एक मजदूर के मलबे में दबने से मौत हो गई। घटना 24 अप्रैल सोमवार 2 बजे के आसपास की है। घटना के 3 घंटे के बाद एक मजदूर चंदन कुमार मेहता उर्फ चांदो 30 वर्ष पिता स्व सोमर महतो ग्राम भूसाई का क्षत-विक्षत शव निकाला गया था । घटना में योजना की स्वीकृति भूसाई पार टांड़ गांव के सारो देवी पति तालेशवर महतो के नाम से है। सारे मामले को प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों प्रशासनिक पदाधिकारियों के तालमेल से मामले को शॉट आउट कर दिया गया था। सूत्रों से मिली जानकारी की पंचायत सचिव विजय सिंह के द्वारा थाना में आवेदन दे कर लाभुक एवं मशीन मालिक पर कार्य करने का आरोप लगाते हुए 25 अप्रैल को मामला दर्ज किया गया।

### चिकित्सकों के बीच एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया



**हजरीबाग :** हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज, हजारीबाग के लेक्चर हॉल में उप विकास आयुक्त-सह-प्रशासक, प्रेरणा दीक्षित, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, हजारीबाग की अध्यक्षता में सभी चिकित्सकों के बीच एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। डॉ0 बिनोद कुमार, अधीक्षक, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग के द्वारा सभी अतिथियों एवं चिकित्सकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। उप विकास आयुक्त, हजारीबाग प्रेरणा दीक्षित के द्वारा प्रेजेन्टेंशन के माध्यम से चिकित्सकों को जेनेरिक दवाईयां लिखने एवं रोस्टर ड्यूटी के अनुसार कार्य करने की बात कही गई। चिकित्सा से संबंधित वेब सिरीज ह्यह्यन्यू एम्सटर्डम एवं ह्यह्यसर्जन्स कट की क्लीपिंग के माध्यम से चिकित्सकों का मनोबल बढ़ाने का प्रयास किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के तौर पर एम्स, देवघर के निदेशक डॉ0 सौरभ वार्ष्णेय एवं अतिथि वक्ता के तौर पर शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज, धनबाद के मेडिसीन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 यू के ओझा ने स्वास्थ्य प्रशासन, स्वास्थ्य शिक्षा आदि विषयों पर वक्तव्य दिया। हड्डी रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 शंकर निवास के द्वारा ह्यह्यन्यूनतम संसाधनों में अधिकतम परिणाम विषय पर बातचीत करते हुए चिकित्सकों को बताया गया कि वर्तमान स्थिति में किस प्रकार मरीजों को बेहतर सेवा दें। उल्लेखनीय है कि डॉ0 शंकर निवास के द्वारा हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में घुटने का प्रत्यारोपण किया जा चुका है। डॉ0 एस के सिंह, प्रिंसिपल, हजारीबाग मेडिकल कॉलेज के द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एवं अतिथि वक्ताओं को मोमेंटो भेंट करते हुए कार्यशाला का समापन किया गया।

### सीसीएल मे बिजली विभाग की लापरवाही देख आपके भी उड़ जायेंगे होश

**बेरमो :** कोल इंडिया को सबसे अधिक लाभ पहुचाने वाली अनुसंगीक ईकाई सीसीएल को ही माना जाता है। मगर कहावत है ना जितनी बड़ी कंपनी उनती अधिक लापरवाही माने जैसे यहां कर्मियों की जान का कोई मोल ही ना हो। जी शायद यह बात सुन आप जरुर चौंक रहे होगो मगर तस्वीर देखिए आपको सब कुछ समझ में आ जायेगा और अगर फिर भी आप नही समझ पा रहे है तो आईये आपको हम बताते हैं कि मामला दरअसल क्या है। जो तस्वीर आप देख रहे हैं यह तस्वीर है जारंगडीह कोलियरी के जारंगडीह सब्जी बाजार का यहां बीच मैदान में यानी बाली बॉल कोड के समीप एक बिजली का पोल है जिसपर लगे स्ट्रीट लाइट से पुरा बाजार रौशन रहता है इसमे कुछ खराबी आ गई थी। इसकी शिकायत जब सीसीएल बिजली विभाग को मिली तो विभाग के फोरमैन मिस्त्री को लेकर खराबी ठीक करने पहुच गए मगर शायद उन्होंने सुरक्षा को अहमियत नही दिए और बीना सुरक्षा गार्ड के ही अपने सामने बिजली मिस्त्री को पोल पर चढ़ने की अनुमति दे दी। चलिए भाग्य अच्छा था किसी तरह का हादसा नही हुआ।

**प्रदेश >> अपडेट**

### जन्म-मृत्यु से संबंधित समीक्षा बैठक

**पाकुड़ :** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को जन्म-मृत्यु से संबंधित समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जनगणना निदेशालय झारखंड रांची के सहायक निदेशक संजीव कुमार साव के द्वारा उपस्थित संबंधित पदाधिकारियों एवं कंप्यूटर ऑपरेटर को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्री अनूप कुजूर सहित सभी प्रखंडों के प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, सभी सीएससी के कंप्यूटर ऑपरेटर, पंचायत सचिव ने भाग लिया। इस दौरान सभी को जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित विस्तृत नियमों की जानकारी, धारा एवं प्रपत्रों के माध्यम से ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया।मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, सभी प्रखंडों के प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक, सभी सीएससी के कंप्यूटर ऑपरेटर, पंचायत सचिव समेत अन्य उपस्थित थे।

**समीक्षा** समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर की अध्यक्षता में

# अंचल एवं प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

राष्ट्रीय खबर




**पाकुड़ः** समाहरणालय स्थित सभागार में उप विकास आयुक्त मो० शाहिद अख्तर की अध्यक्षता में अंचल एवं प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सबसे पहले अपर समाहर्ता श्रीमती मंजू रानी स्वांसी के द्वारा सभी अंचलाधिकारी से समीक्षा की गई। अंचल अंतर्गत लंबित वादों का ऑनलाइन निष्पादन एक सप्ताह में करने हेतु निर्देशित किया गया। तदोपरांत उप विकास आयुक्त मो शाहिद अख्तर ने प्रधानमंत्री आवास योजना में कार्य प्रगति की जानकारी ली। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत द्वितीय किस्त भुगतान हेतु लंबित सभी लाभुकों को द्वितीय किस्त भुगतान करने का निर्देश दिया गया। द्वितीय किस्त भुगतान किए गए सभी लाभुकों का आवास 30 अप्रैल तक पूर्ण कराने का निर्देश दिया एवं रिजेक्टेड आधार को आधार सीडिंग करने का निर्देश दिया गया। एरिया ऑफिसर ऐप के माध्यम से आवास निरीक्षण करने का निर्देश दिया। आवास पूर्णता पश्चात अंतिम किश्त का भुगतान सभी लाभुकों को यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया गया। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर आवास योजना अंतर्गत लंबित अंतिम किस्त भुगतान करने का निर्देश दिया गया।

बिरसा आवास की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। लंबित सभी आवासों को जून माह तक शत प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम में सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को अपने पंचायत अंतर्गत चल रही लंबित आंगनबाड़ी, पोटो हो खेल मैदान सहित अन्य योजना को निर्धारित समय तक पूरा करने का सख्त निर्देश दिया गया। सभी मजदूरों का आधार प्रविष्टि कराने, बिरसा हरित ग्राम योजना स्वीकृत एवं पीट डीगिंग का कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मनरेगा के तहत कार्यरत मजदूरों की उपस्थिति एनएमएमएस एप्प से दर्ज कराने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिया गया। एरिया ऑफिसर एप के माध्यम से योजनाओं का निरीक्षण करने हेतु प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिए। मौके पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान, जिला समन्वयक निभा कुमारी, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक समेत अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### पीड़ित के बीच 28 लाख का चेक वितरित

**पलामू :** पीड़ितों के बीच पीडीजे ने किया 28 लाख का चेक वितरण। मेदिनीनगर, पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे मंगलवार को दुष्कर्म पीड़िता व हत्या के मामले में पीड़ित चार लोगों के बीच 28 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। विदित हो कि झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत यह राशि प्रदान की गई है। बिदित हो कि क्रिमिनल इंजुरी कंपनसेशन बोर्ड के बैठक में पलामू के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने पीड़िता व उनके परिजनों को 28 लाख रुपये का चेक देने का निर्णय लिया था। विदित हो कि न्यायालय से पीड़िता व उनके परिजनों को झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम की राशि देने की अनुशंसा की गई थी। इस मामले में अभियुक्त को उम्र कैद की सजा व अर्थदंड लगा हुआ था। ।क्रिमिनल इंजुरी कंपनसेशन बोर्ड की बैठक में सरकार से राशि मिलने के बाद मंगलवार को पीडीजे प्रदीप कुमार चौबे ने पीड़िता व उनके परिजनों को 28 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इस मौके पर पीड़िता के माता-पिता व परिजन भी उपस्थित थे ।उक्त आशय की जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि पोक्सो के एक मामले में पीड़िता को आठ लाख का चेक वही एक पीड़िता को सात लाख पचास हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया है। वही हत्या के दो केस में से एक में एक पीड़ित परिवार को सात लाख पचास हजार रुपए व एक पीड़ित परिवार को पांच लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया इस वर्ष अबतक 33 लाख रुपए झारखंड पीड़ित प्रतिकर अधिनियम के तहत पांच केस में भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि समय-समय पर डालसा के द्वारा क्रिमिनल इंजुरी कंपनसेशन बोर्ड की बैठक आहूत की जाती है। जिसमें पीड़ितों को चिन्हित कर मुआवजा देने की प्रक्रिया प्रारंभ किया जाता है।

# विद्यार्थी परिषद के 4 कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान



▶▶ इस वर्ष अब तक 21 यूनिट कर चुके हैं रक्तदान

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पाकुड़ के चार कार्यकताओं ने सदर अस्पताल पाकुड़ में इलाजरत मरीजो के लिए रक्तदान किया। ज्ञात हो की विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक बमभोला उपाध्याय एवं पूर्व जिला संयोजक विकास दास को मरीज के परिजनों ने एवं घाघरजानी पंचायत के मुखिया नायका सोरेन ने संपर्क कर रक्त के आवश्यकता की सूचना दी। रक्त की आवश्यकता की सूचना मिलने पर विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता शशि शरण सिंह ,श्यामल मंडल, पंकज मंडल, आकाश सेन ने रक्तदान हेतु इच्छा जताई तथा नगर स्थित रक्त अधिकोष जाकर रक्तदान किया। शशि सरन सिंह ने अपने जीवन का तीसरा रक्तदान जबकि अन्य तीन कार्यकताओं ने पहला रक्तदान किया। रक्त दाताओं ने बताया कि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता लगातार आवश्यकता पड़ने पर रक्त दान कर समाज की लोगों की सेवा के लिए प्रतिबद्धता से कार्य करते हैं। परिषद के कार्य पद्धति से समाज के लिए कार्य करने की प्रेरणा लगातार मिलती रहती है। वही जिला संयोजक बम भोला उपाध्याय ने बताया कि वर्ष 2023 में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता अब तक 21 यूनिट रक्तदान कर चुके हैं। लगातार विद्यार्थी परिषद छात्रों के बीच कार्य करने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी अपनी सक्रियता बढ़ाते हुए पूरे समर्पण के साथ सेवा कार्य कर रही है। विद्यार्थी परिषद का स्टूडेंट फॉर सेवा आयाम रक्तदान, वस्त्र वितरण जैसे सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर कार्य कर रही है।इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अंकित साहा,घाघरजनी पंचायत के मुखिया नायका सोरेन, नवीन,पीयुष उपस्थित रहे।

# बिन मानसून हवा के साथ बारिश, मौसम हुआ खुशनुमा



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** सप्ताह 15 दिन से तेज धूप के बाद मौसम ने यू-टर्न ले लिया है। मानसून आने में अभी बक्त है। फिर भी बेमौसम गरज के साथ हल्की बारिश ने मौसम को अति सुहावना बना दिया है। यूं कहिए की कुछ लोगों को एसी और कूलर से छुटकारा दिलाया है। लोग उमस भरी गर्मी से राहत की सांस ली है। मनुष्य के साथ-साथ पशु पक्षी पालतू जानवर ने भी राहत की सांस ली है।हालांकि जिस हिसाब से गर्जना हुई है उस हिसाब से वर्षा नहीं हुई। फिर भी मौसम में ठंडापन से बड़े बुजुर्ग बच्चे सभी ने राहत की सांस ली हे ।खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों ने। इधर झारखंड सरकार ने भी मौसम के बदलाव को देखते हुए स्कूलों में अध्ययन अध्यापन कार्य पूर्ववत कर दी है। यदि शहरी क्षेत्र की बात करें तो अभी तक नालियों की सफाई व्यवस्थित ढंग से नहीं किया गया है। शहरी क्षेत्र में कीचड़ का कोई प्रभाव नहीं रहता। किंतु कुछ स्थानों पर कीचड़ हमेशा से बनी रहती है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार सड़कों के बनने से कीचड़ की समस्या ग्रामीणों को काफी हद तक निजात मिल गई है। फिर भी लोगों की शिकायतें हैं। बारिश हो तब शिकायत! बारिश नहीं हो तब शिकायत! तेज धूप हो तब शिकायत! तेज बारिश हो तब शिकायत! खैर जो भी हो फिलहाल तत्काल हवा के साथ मंद मंद पवन के मुस्कान के साथ टिपटिप छंद छंद बारिश ने मानव कृत जीवन को तत्काल मिठास व स्वच्छ वातावरण का अनुभव करा दी है।

# हरिहरगंज में एनएच 98 पर जाम से नहीं मिली निजात



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत शहर के नेशनल हाईवे पर जाम की समस्या से निजात नहीं मिल रही है। एनएच 98 पर रोज जाम के हालात बने रहते हैं जिससे शहरवासियों समेत राहगीरों को परेशानीयों से जूझना पड़ रहा है।वैसे तो झंडा चौक मोड़ से मुर्गी बाजार मोड़ होते हुए पुरानी बस स्टैंड तक जाम की स्थिति बनी रहती है। किंतु मेन रोड स्थित रौशन टेंट हाउस के समीप मुर्गी बाजार मोड़ से मछली बाजार मोड़ तक हमेशा लग रहे महाजाम के कारण लोगों को सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जहां हर वक्त जाम का नजारा से झल्लाएं लोगों के जुबान से अनायास ही यह निकल जाती है कि यह हरिहरगंज है या जामनगर। भीड़ की वजह से दो पहिया और ओटो चालकों को भी इर्द गिर्द अपने वाहन खड़े करने पड़ते हैं।जिस कारण जाम की स्थिति बनी रहती है।इस दौरान वाहनों के आवागमन के समय ऊपर से गुजरे बिजली प्रवाहित तार के चपेट में आने का खतरा भी बनी रहती है। यहां सड़क से दुपहिया वाहन के साथ ही पैदल निकलना भी मुश्किल हो जाता है।यहां अक्सर जाम लगी रहती है, लेकिन इस समस्या का कोई स्थायी समाधान आज तक नहीं निकला। बता दें कि इस मार्ग से हर दिन हजारों छोटे बड़े वाहनों का शहर होते हुए बिहार,छतीसगढ़,मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेस सहित कई दूसरे राज्यों तक का आना जाना होता है।बावजूद इसके जाम से निजात के लिए प्रशासनिक तौर पर टैरिफ पुलिस की व्यवस्था नही है जिस कारण स्थानीय पुलिस को ही जाम की हालत को नियंत्रित करने में काफी मशक्कत के सामना करना पड़ता है।

# ट्रैक्टर पलटा, अधेड़ की दबकर मौत



राष्ट्रीय खबर

**पलामू :** पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बलहा गांव निवासी तपसी यादव की मौत मंगलवार की देर शाम ईट लदे ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से दबकर हो गई। हादसे के बाद मची चीख-पुकार सुन आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। जिसकी सुचना ग्रामीणों ने पीपरा पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पीपरा पुलिस ने शव को कब्जे में ले बुधवार की सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। मृतक के रिश्तेदार सह जदयू के पलामू युवा जिला अध्यक्ष अमरजीत कुमार यादव ने बताया कि तपसी यादव अपने घर से दक्षिण चहका पर सोने जा रहे थे कि सामने से आ रही महिंद्रा ट्रैक्टर बीआर 26 एच 8492 के चपेट में आ गए। अनियंत्रित ईद लदे ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई जिसके नीचे दब जाने से उनकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। ट्रैक्टर नबीनगर थाना अंतर्गत मुंगिया सरातू गांव निवासी राहुल सिंह की बताई जाती है। मृतक का दाह संस्कार गांव स्थित श्मशान घाट पर किया गया। पूछे जाने पर पिपरा थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया की ट्रैक्टर ट्रॉली से गांव में ईट उतारने के दौरान ट्रॉली पलटने से ट्रॉली से दबकर तपसी यादव की मौत हुई है।

# विश्व मलेरिया दिवस पर मलेरिया की रोकथाम एवं बचाव हेतु कार्यक्रम का हुआ आयोजन



▶▶ वर्ष 2023 की थीम है शून्य मलेरिया करने का समय-निवेश करें

▶▶ कर्मी एवं सहियाओं को प्रशस्ति पत्र उपायुक्त ने दिया

राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़ः** सदर अस्पताल के सभागार में उपायुक्त श्री वरुण की अध्यक्षता में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव को लेकर एक कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की शुरूआत उपायुक्त श्री वरुण रंजन, सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, एसीएमओ डॉ अरविंद कुमार, सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ एस.के.झा, जिला भीवीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपायुक्त श्री वरुण रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि मलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जो सालों से लोगों को अपना शिकार बनाते आयी है। हर साल 25 अप्रैल को मलेरिया के प्रति लोगों के बीच जागरूकता फैलाने के विश्व मलेरिया दिवसह्य यानी वर्ल्ड मलेरिया डे मनाया जाता है। मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है जिससे भारत में हर साल हजारों लोग संक्रमित होते हैं। मलेरिया मच्छर के काटने से फैलता है। यह मादा एनाफिलीज मच्छर के जरिए इंसानों के बीच फैलता है। मलेरिया प्लाज्मोडियम विवेक्स नाम के वायरस के कारण होता है। जब मादा एनाफिलीज मच्छर किसी संक्रमित व्यक्ति को काटता है तो इस वायरस का अंश मच्छर के शरीर में स्थानांतरित हो जाता है। इसके बाद जब यह मच्छर किसी स्वस्थ व्यक्ति को काटता है तो यह वायरस उन व्यक्ति के शरीर में स्थानांतरित हो जाता है। इसके बाद वह भी मलेरिया से संक्रमित हो जाता है। गंदगी मलेरिया का सबसे बड़ा कारण है। घरों इत्यादि के आसपास गंदगी होने के कारण वहां मच्छर पनपते हैं। इसलिए मलेरिया से बचाव के लिए आवश्यक है कि अपने घर के पास साफ सफाई रखें व मच्छर पनपने वाले स्त्रोतों को नष्ट करें। इस बीमारी से बचने के लिए आप अपने घर के आसपास पानी जमा न होने दें और साफ सफाई का पूरा ध्यान रखें। मच्छरों से सुरक्षित रखने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।

# आपदा से बचाव का एनडीआरएफ ने दिया प्रशिक्षण



राष्ट्रीय खबर

**पलामूः** छतरपुर प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को एनडीआरएफ की 9वीं बटालियन पटना से आए दल के द्वारा आपदा से बचने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। एनडीआरएफ के 9 वीं बटालियन के एसआई आशुतोष वर्मा ने बताया कि पलामू जिले के 21 प्रखंडों में 17 अप्रैल से लेकर 19 अप्रैल तक फैमिलीराइजेशन एक्सरसाइज किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को आपदा से पूर्व और आपदा के बाद क्या करें, क्या न करें और कैसे इसका बचाव करें, इसकी जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि वज्रपात, सुखा, सर्पदंश, भूकंप, आग लगने की स्थिति में बुनियादी प्राथमिक उपचार और लिफ्ट मूविंग के द्वारा पीड़ित व्यक्ति और घायल को सही तरीके से कैसे सुरक्षित स्थान पर ले जाया जाए इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि उनकी 5 सदस्य टीम आपदा संबंधित बचाव तथा इससे निपटने के तरीके के लिए पलामू जिले के सभी प्रखंडों के अधिकारियों को जानकारी दे रही है। साथ ही रिसोर्स मैपिंग के द्वारा जिले के सभी प्रखंडों की भौगोलिक स्थिति तथा सभी तरह के मार्गों की सूचना इकट्ठा की जा रही है ताकि किसी तरह की आपदा की स्थिति में किसी भी क्षेत्र में जल्द से जल्द पहुंचकर आपदा की स्थिति में लोगों को राहत पहुंचाई जाए।

**छापेमारी** डीसी ने अवैध परिवहन के रोकथाम को लेकर रात्रि में की औचक छापेमारी

# 3हाईवा,2 ट्रक एवं 4 लोगों को लिया गया है हिरासत में

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़ः** उपायुक्त श्री वरुण रंजन के द्वारा संयुक्त रूप से रात्रि में औचक छापेमारी की गई। उपायुक्त ने सबसे पहले महेशपुर अंचल में पत्थर से लदे हाईवा की जांच की। जांच क्रम में परिवहन चालान में अंकित मात्रा से अधिक पत्थर लदे होने के कारण 01 हाईवा को जप्त कर महेशपुर थाना को सुपुर्द किया गया। इसके बाद पाकुड़िया अंचल में औचक निरीक्षण के दौरान 02 हाईवा को पाकुड़िया थाना में जाँच हेतु रखा गया है। इसके अलावा पाकुड़ अंचल के मालपहाड़ी रोड में औचक छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कुल 02 ट्रक को बिना परिवहन चालान के खनिजों का परिवहन करते हेतु जप्त किया गया?। 04 लोगो को हिरासत में लिया गया है एवं बिना माइनिंग चालान के स्टोन चिप्स बेचने के आरोप में क्रशर संचालक दीपक माखीजा ट्रेक्टर के मालिक एवं चालक के विरुद्ध पाकुड़ थाना में एफआईआर दर्ज किया गया। उपायुक्त महोदय ने गाड़ियों के ऊपर राजसत करने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को निदेशित किया कि सभी आपसी समन्व्य स्थापित कर अवैध परिवहन कर रहे गाड़ियों को जाँच करे। अवैध ढुलाई पर अंकुश लगाने हेतु टीम वर्क के रूप में कार्य करें, ताकि त्वरित व विधि सम्मत कार्रवाई किया जा सके। इस छापेमारी अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी श्री हरिवंश पंडित, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री संजय कुमार दास, ज़िला खनन पदाधिकारी श्री प्रदीप कुमार साह, माइनिंग इंस्पेक्टर श्री पिन्टु कुमार, महेशपुर अंचलाधिकारी श्री रितेश जयसवाल, पाकुड़िया अंचलाधिकारी श्री किरण डांग एवं अन्य अधिकारी शामिल थे।

# सीओ ने छापामारी अभियान चलाकर चार ट्रैक्टर को किया जप्त

▶▶ बालू लदे ट्रैक्टर को किया थाने में सुपुर्द

राष्ट्रीय खबर



**महेशपुरः** उपायुक्त पाकुड़ के निर्देश के आलोक में मंगलवार को सीओ रितेश जयसवाल ने महेशपुर प्रखंड के सीलमपुर बालू घाट में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान के क्रम में गढ़बाड़ी पुल के 500 मीटर दायरे से बालू का अवैध रुप से उत्खनन कर परिवहन करते हुए चार ट्रैक्टरों को जब्त किया। वहीं इसी बीच अधिकारी को चकमा देकर एक बालू लदे ट्रैक्टर का चालक बालू गिराते हुए भाग निकला। जब्त किए गए तीन अवैध बालू लदे ट्रैक्टरों को महेशपुर थाने लाकर रखा गया है। अधिकारी को देखते ही ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़ कर भाग निकले। सीओ रितेश जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि खनिज के अवैध उत्खनन व परिवहन पर अंकुश लगाने को लेकर उपायुक्त पाकुड़ के निर्देश के आलोक में छापेमारी अभियान चलाकर तीन अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। गढ़बाड़ी बांसलोई नदी पुल के निर्धारित 500 मीटर दायरे से बालू का उठाव वर्जित किया गया है। बावजूद इसके बालू का उत्खनन कर परिवहन करते हुए तीनों ट्रैक्टर को जब्त कर महेशपुर थाने में रखा गया है। जब्त तीनों ट्रैक्टरों के मालिक एवं चालक के खिलाफ अग्रेतर आवश्यक कारवाई की जा रही है।

## शहर >> अपडेट

### सफेद पत्थर लदा ट्रक जप्त

**कोडरमा:** वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बीते देर रात्रि को छापेमारी कर कोडरमा जंगल के बोनाकाली पिपरा घाटी के समीप सफेद पत्थर (क्वार्ज) लदा ट्रक (डम्फर) जप्त किया। मिली जानकारी के मुताबिक रेंजर रामबाबू को गुप्त सूचना मिली कि जंगल से सफेद पत्थर उत्खनन कर वाहन में लोड कर अन्यंत्र भेजा जा रहा है।

## सिटी अपडेट्स >>

### 11 दिनों बाद भी हत्या के आरोपी पुलिस की पकड़ से बाहर

**कोडरमा :** तिलैया थाना क्षेत्र के रांची-पटना रोड वंदना स्वीट्स के सामने से 15 अप्रैल की सुबह 2 दिनों से लापता भंडारवा निवासी प्रदीप यादव का शव बरामद किया गया था। इस दौरान मृतक के परिजनों ने शव पर चोट के निशान को देखते हुए हत्या का आरोप लगाया था। मामले को लेकर मृतक की पत्नी सरिता देवी के द्वारा तिलैया थाना में आवेदन देकर 6 लोगों को नामजद भी किया गया था। इसमें कैलाश यादव, टुकलाल यादव, सूरज यादव, बृजेश यादव, वीरू यादव और सुनील यादव को हत्या का आरोपी बनाया गया था। प्राथमिकी दर्ज होने के 11 दिनों बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर मृतक के परिजन बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के बाहर न्याय की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। मृतक के भाई ने बताया कि उपरोक्त नामजद लोगों से उनका एक वर्ष से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। नामजद लोगों के द्वारा ही उनके भाई की हत्या की गई है। तिलैया पुलिस ने अब तक एक को भी गिरफ्तार नहीं किया है। तिलैया थाना जाने पर पुलिस भगा देती है और कहती है कि पहले साक्ष्य लेकर आओ तब आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### डीडीसी ने चंदवारा में कई योजनाओं का निरीक्षण किया

**कोडरमा:** उप विकास आयुक्त कोडरमा ऋतुराज के नेतृत्व में जिला स्तरीय टीम ने चंदवारा प्रखंड अंतर्गत पंचायत बड़की धमराय, काँटी, कंको, थाम क्षेत्र भ्रमण किया। जिसमें पंचायत बड़की धमराय में विनोद पासवान का बागवानी का निरीक्षण किया गया, जिसमें पिट डिगिंग 112 कुल 1 एकड़ में किया गया था। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत सुगंती देवी का आवास निर्माण दीवाल का कार्य पाया गया, जिसे आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। रोड निर्माण योजना में सूचना पट नहीं पाया गया, सूचना पर लगाने का निर्देश दिया गयो। काँटी पंचायत में अभी तक एक भी बागवानी योजना में 30 डिग्री का कार्य नहीं पाया गया, उसके कारण संबंधित ग्राम रोजगार सेवक से स्पष्टीकरण किया गया। निरीक्षण के क्रम में अभिलेख संधारण एवं सूचना पट्ट की कमी पाई गई जिसे ठीक करने के लिए सभी ग्राम रोजगार सेवक एवं पंचायत सेवक कनीय अभियंता को निर्देशित किया गया।

### ग्रिजली कॉलेज में सात दिवसीय कार्यशाला का समापन

**कोडरमा:** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन झुमरीतिलैया में आइक्यूएसी के तत्वाधान में शांति शिक्षा पर पिछले 20 अप्रैल से चल रहे सात दिवसीय ऑनलाइन कार्यशाला का समापन समारोह आयोजित किया गया। इसमें मुख्य वक्ता श्री बीके करण राणा ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय मधुबन, माउंट आबू (राजस्थान) ने प्रत्येक दिन प्रशिक्षुओं को अलग-अलग विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला जैसे- एक शांतिपूर्ण जीवन और शांति की दुनिया के लिए दृष्टि, प्रचुर शांति का स्त्रोत, अवचेतन शक्ति को चैनेलाइज करना, आइए एक शांतिपूर्ण विश्व (शक्तिशाली दृष्टि बनाएं) तथा एक नई शुरूआत के लिए जाओ।

**मनमानी**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने की कार्यवाई की मांग

# बिरहोर बच्चों के स्कूल वैन को रेंजर ने जप्त किया



▶▶ ग्रामीणों ने बताया कि रेंजर का कहना था कि बिना मेरे परमिशन के इस रास्ते से बच्चे नहीं ढोये जाएंगे

▶▶ इस दौरान वहां तोड़फोड़ भी की

**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा:** जिला मुख्यालय से सटे फुलवरिया और डुमरियाटांड़ से बिरहोर बच्चों को लेकर आ रहे वाहन को वन्य प्राणी आश्रयणी के रेंजर रामबाबू ने बुधवार की सुबह रोक दिया। इन दो गांवों से बच्चों को लेकर स्कूल जा रहे वैन से बच्चों को उतारकर वैन को सीज कर लिया।

ग्रामीणों ने बताया कि रेंजर का कहना था कि बिना मेरे परमिशन के इस रास्ते से बच्चे नहीं ढोये जाएंगे। जब गांव में ग्रामीणों को मामले की जानकारी हुई तो बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने रेंजर कार्यालय का घेराव कर दिया। इस दौरान वहां तोड़फोड़ भी की। वैन से उतारे गए सभी बच्चे बालाजी पब्लिक स्कूल में पढ़ते हैं।

ज्ञात हो कि फुलवरिया और डुमरियाटांड़ कोडरमा नगर पंचायत का हिस्सा है जहां जाने के लिए कोडरमा वन्य प्राणी आश्रयणी होकर रास्ता है।

वन विभाग के एनओसी नहीं मिलने के कारण अबतक इस गांव में ना तो बिजली पहुंची है और ना ही अच्छा रास्ता बन पाया है। पेयजल की भी भारी किल्लत है। ग्रामीणों का आरोप है कि बड़े वाहनों पर या अवैध ढिबरा लदे वाहनों पर कोई कार्यवायी नहीं होती पर स्कूल के वाहनों को रोका जाता है।

इधर स्कूल के छोटे बच्चों वाले वैन को रोकने से ग्रामीण आक्रोशित हैं। कोडरमा सांसद और केंद्रीय शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस मामले में रेंजर पर कार्यवायी की मांग की है। उन्होंने बयान जारी कर कहा कि कोडरमा के वन क्षेत्र पदाधिकारी द्वारा आदिम जनजाति बिरहोर समुदाय के बच्चों को स्कूल वैन से उतारकर वाहन जप्त किए जाने और बच्चों को वापस भेजे जाने की जानकारी पाकर हतप्रभ हूं। यह अमानवीय कृत्य है और यह संकेत दे रहा है कि सत्ता शीर्ष के संरक्षण में बेलगाम हुए अधिकारी कैसे गुंडों जैसा व्यवहार कर रहे हैं।

इससे पहले भी रेंजर के खिलाफ आम जनता के साथ बदसलूकी की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जिले के उपायुक्त, डीएफओ एवं एसपी से इस मामले पर बातचीत कर रेंजर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करूंगी।

## राज इंटरनेशनल स्कूल जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा :** जिला मुख्यालय स्थित न्यू कॉलोनी मंगलवार को राज इंटरनेशनल स्कूल कोडरमा में स्वास्थ्य विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेशानुसार बच्चों को लगने वाले रूबेला वैक्सीनशन हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को टीका लगवाना अनिवार्य है यह टीका किसे और क्यों लगवाना है। इन बातों की विस्तृत जानकारी देने के लिए डॉ० एनके साहा एवं उनकी सहयोगी टीम के सदस्य मनोज कुमार, संजीव कुमार और नीलम तिग्गा उपस्थित थे। डॉ साहा ने बड़े ही सहज ढंग से इस वेक्सीन की महत्ता के बारे में विद्यालय परिवार को जानकारी दी और बताया कि 9 माह से 16 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों को यह टीका लेना अनिवार्य है। पूर्व सूचनानुसार कई अभिभावकों ने भी इस जागरुकता कार्यक्रम में भाग लिया और डॉक्टर साहब की बातों को ध्यान से सुना और समझा। इस मौके पर विद्यालय की प्रबंध निदेशिका सम्पा सिंह जी प्राचार्य निखर कुमार तथा शिक्षक-शिक्षिका भी उपस्थित थे। माननीया निदेशिका महोदया ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम का समापन किया गया।

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत में फैसला

## उकसा कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी को 5 साल सश्रम कारावास की सजा

▶▶ 2 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया

▶▶ जुर्माना नहीं देने पर 3 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतनी होगी

**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा :** डोमचांच थाना कांड संख्या 20/2020 एसटी-60/2021 की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने बुधवार को उकसाकर आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोपी संतोष दूरी पिता स्वर्गीय तालेश्वर दूरी उर्फ रुखनी तुरी एकडरवा मधुबन डोमचांच निवासी के मामले की सुनवाई के पश्चात आईपीसी 306 के तहत दोषी पाते हुए 5 साल सश्रम कारावास एवं 2000 जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 3 माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतनी होगी। कोडरमा-सूचक दुनिया देवी मृतक मालो देवी की मां ने डोमचांच थाना में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया था। थाना को दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा था उसकी पुत्री मालो देवी की शादी 2006 में संतोष तुरी एकडरवा मधुबन निवासी के साथ हुआ था। शराब पीने के लिए रुपया मांगने को लेकर संतोष दूरी अपनी पत्नी से बराबर लड़ाई झगड़ा करता था। उस दिन भी संतोष दूरी अपनी पत्नी को उ उकसाकर मिट्टी का तेल डालकर आग लगाने के लिए मजबूर कर दिया। गुस्से में आकर उसकी पुत्री मालो देवी ने शरीर पर केरोसिन तेल डालकर आग ली। जिसे आसपास के लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जिसका इलाज सदर अस्पताल में किया गया। उसके बाद बेहतर इलाज के लिए रांची ले जाने के दौरान रामगढ़ में उसकी मृत्यु हो गई। वहीं मृतक मालो देवी ने अपने फर्द बयान में कहा था कि 29 /1/ 2020 को रात्रि करीब 8:00 बजे संतोष पुरी घर में आया और पीने के लिए पैसा मांगने लगा। उस वक्त भी वह शराब पिए हुए था। इस दौरान हम लोगों में काफी झगड़ा हुआ। झगड़ा हम लोगों में होती रही रात्रि करीब 12:00 बजे वह उसे मारने लगा और कहा कि मुझे पैसा दो नहीं तो तुम अपने शरीर में आग लगाकर मर जाओ। इससे गुस्से में आकर मैंने कहा कि मैं अपने ऊपर मिट्टी का तेल छिड़ककर आग लगा लूंगी । तो उसके द्वारा माचिस मेरे हाथ में देते हुए कहा कि तुम अपने शरीर में मिट्टी का तेल डालकर आग लगा लो और मैं गुस्से में आकर अपने शरीर पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा ली।

# मरकच्चो में कुष्ठ सेल्फ केयर असेसमेंट कैंप का आयोजन



**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा:** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मरकच्चो में कुष्ठ सेल्फ केयर असेसमेंट कैंप का आयोजन हुआ। जिसमे रांची से एनएलआर के राज्य कुष्ठ समन्वयक काशीनाथ चक्रवर्ती द्वारा सभी कुष्ठ के ग्रेड 2 मरीजों एवं इस ग्राम की सहिया को प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। कुल 23 मरीजों की जांच की गई। काशीनाथ चक्रवर्ती ने बताया कि कुष्ठ के कारण जिनके हाथ या पैर में घाव एवं विकलांगता हो गया है, उन्हे सेल्फ केयर का अभ्यास करने की जरूरत है। इस अभ्यास में मरीज को आधा घंटा तक पैर या हाथ को पानी में डूबा कर रखना है। उसके बाद मोटी एवं सख्त त्वचा को रगड़ कर साफ करना है। बाद में भी हाथ या पैर में तेल लगाना है। त्वचा बहुत देर तक मुलायम रहती है इस अभ्यास को हमेशा प्रतिदिन करना है। कुष्ठ के मरीजों को गर्म चीज को नहीं छूना है या सावधानी रखना है। साथ ही फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन ने हाथ एवं पैर के व्यायाम का अभ्यास कराया ताकि मरीजों को हाथ पैर में क्ला एवं फुट ड्रॉप नही हो। साथ ही फाइलेरिया से होने वाले हाथी पांव के मरीजों को भी सेल्फ केयर का अभ्यास कर गया। मरीजों में लाडो देवी, अजीत कुमार राणा, मनवा मसोमत, अजय कुमार, गुड़िया देवी, बेगम साहिदी एवं सहिया अष्टो देवी, सोनिया देवी मौजूद थे। मौके पर फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन, लेप्रोसी से जावेद अंसारी, एमपीडब्ल्यू मुकेश कुमार, कार्यालय सहायक जय प्रकाश सिंह, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार, एएनएम संजुला कुमारी मौजूद थे।

## 9 मई को रवींद्र नाथ टैगोर की जयंती रवींद्र भवन में मनाई जाएगी



**राष्ट्रीय खबर**

**झुमरीतिलैया:** रवींद्र जयंती को लेकर शहर के अड्डी बांग्ला रोड स्थित रवींद्र भवन में झारखंड बंगाली समिति कोडरमा शाखा की बैठक हुई। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर ओमियो कुमार विश्वास ने किया। बैठक में आगामी 9 मई को रवींद्रनाथ टैगोर की 162 वीं जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन झारखंड बंगाली समिति कोडरमा शाखा एवं निखिल भारत बंग साहित्य सम्मेलन कोडरमा शाखा के संयुक्त तत्वाधान में करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मुख्य रूप से स्थानीय कलाकारों एवं बच्चों के द्वारा रवींद्र संगीत, नृत्य, काव्य आवृति आदि से सजी विविध कार्यक्रम प्रस्तुत की जाएगी। मौके पर तारक नाथ दत्ता एवं शांतनु देवनाथ को कार्यकारिणी की नयी सदस्यता दी गई। बैठक में सुनील देबनाथ, आलोक सरकार, बिमल चटर्जी, रवींद्रचंद्र दास, सुधन्य घोष, विपुल गुप्ता, निमाई चंद्र दास, कमल दत्ता, पशुपति दास, अरुप मित्रा एवं संदीप मुखर्जी उपस्थित थे।

**बैठक**

साथ ही साथ विभिन्न बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक

▶▶ उन्होंने कहा कि एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली करने में सहायता होती है



**राष्ट्रीय खबर**

**कोडरमा:** झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के तत्वावधान में आगामी 13 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के प्रकोष्ठ में जिले के विभिन्न बैंकों के अधिकारियों के साथ एक बैठक संपन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेन्द्र कुमार तिवारी ने की।

प्रधान जिला जज ने उपस्थित अधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन की दिशा में आवश्यक पहल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक ओर मामलों के निष्पादन से विभाग को राजस्व की वसूली करने में सहायता होती है वहीं दूसरी ओर न्यायालय से मुकदमों का बोझ कम होता है। उन्होंने बैंकों के अधिकारियों से अपने स्तर से भी पक्षकारों को सूचित करने तथा उनको अपने मामलों का निष्पादन राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से कराने के प्रति जागरुक करने की भी अपील की। साथ ही साथ विभिन्न बैंकों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने स्तर से पक्षकारों को नोटिस करें ताकि अधिक से अधिक मामलों का निष्पादन किया जा सके। प्रधान जिला जज ने सभी बैंको के अधिकारियो को ऋण धारको की सूची उपलब्ध कराने की अपील की ताकि न्यायालय द्वारा भी अपने स्तर से उन्हें अपने मामले के निष्पादन के लिए सूचित किया जा सके । मौंके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद, एलडीएम अजय राणा, भारतीय स्टेट बैंक कोडरमा के मुख्य शाखा प्रबंधक प्रत्युष कुमार झा, बैंक ऑफ इंडिया कोडरमा की शाखा प्रबंधक रूचि रश्मि, यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया के रणजीत कुमार, झारखण्ड ग्रामीण बैंक के बाल मुकुंद सिंह, केनरा बैंक के प्रबंधक राहुल कुमार, इंडियन बैंक के सहायक प्रबंधक तेग बहादुर सिंह, पंजाब नेशनल बैंक के मनीष कुमार, बैंक ऑफ बडौदा के शाखा प्रबंधक मुकेश कुमार राणा, इंडियन बैंक के शाखा प्रबंधक तेग बहादुर सिंह, न्यायालयकर्मी रणजीत कुमार सिंह, संतोष कुमार आदि मौजूद थे।

## >>>> न्यूज फटाफट

### मारपीट मामले के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कुड़ू :** कुड़ू थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह थाना क्षेत्र के हेंजला गांव निवासी सुखदेव यादव के पुत्र पप्पू यादव उर्फ कारू यादव 30 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कुड़ू थाना कांड संख्या 173/22 का प्राथमिक अभियुक्त था।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से पति, पत्नी गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा :** डोमचांच थाना क्षेत्र के अंतर्गत मगलवार की शाम 4 बजे निरूपहाडी के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटर साइकिल सवार पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान मुकेश दास (उम्र 30 वर्ष, पिता लखन दास), बबीता देवी (उम्र 19 वर्ष, पति मुकेश दास, ग्राम शिव मोहल्ला कोडरमा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल से पति-पत्नी बैठकर राजधनवार जा रहे थे, निरूपहाडी के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद कोडरमा सदर अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

### मलेरिया दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**कोडरमा:** मंगलवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार की अध्यक्षता तथा जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार की उपस्थिति में सिविल सर्जन कार्यालय स्थित सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा मनोज कुमार ने बताया कि मलेरिया एक घातक बिमारी है जो संक्रमित मादा एनोफिलिज मच्छरों के काटने होती है। यह प्राय: चार प्रकार के होते हैं तथा हमारे क्षेत्रों में विशेष कर दो प्रकार के पाये जाते है, पहला प्लाजमोडियम भाइवैक्स तथा दुसरा प्लाजमोडियम फैल्सीफेरम जिसे मस्तिष्क बुखार भी कहा जाता है। इसे फैलाने वाले मच्छर साफ जमे हुए पानी में पनपते हैं। इससे बचाव के लिए घर के आस-पास के गड्ढों, टूटे-फुटे बर्तनों, पुराने टायर, गमला, फ्रिज, कुलर आदि में बारिस का पानी जमा ना होने दें, हमेशा साफ-सफाई पर ध्यान दें। मौके पर सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, डीपीएम महेश कुमार, डीडीएम पवन कुमार, एफलए शंभु कुमार, ललन कुमार राणा, सिद्धांत ओहदार, दीपेश कुमार, हिमांशु कुमार, मुकेश राणा, आदित्य कुमार, सागर कुमार मौजूद थे।

### जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक

**कोडरमा:** उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक की गई। इसमें जल से संबंधित आ रही समस्याओं का निदान करने हेतु सभी संवेदक को निर्देश दिया गया की कि वे अपने अपने क्षेत्र के जलापूर्ति योजना को पूर्ति योजना को चालू कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही ग्राम स्तर पर चापाकल मरम्मत एवं पानी की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे।

### पैक्स को सीएससी में विकसित करने को दिया प्रशिक्षण

**कोडरमा:** पैक्स को सीएससी में विकसित करने हेतु दिया गया प्रशिक्षण कोडरमा के सहकारिता सभागार में सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार एवं झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंडों के पैक्स के अध्यक्ष सचिव को डिजीटल सशक्तिकरण के लिए मिनिस्ट्री ऑफ आईटी की इकाई द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आहूत की गई। जिले के सभी पैक्स सीएससी से जुड़कर राज्य एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं का डिजीटल सर्विस प्रदान करने हेतु जानकारी दी गई। एक दिवसीय प्रशिक्षण जिला सहकारिता पदाधिकारी की अध्यक्षता में की गई। सीएससी स्टेट से डीजीएम एसएम आलम, सीनियर एक्जीक्यूटिव निखिल गुप्ता, सीएससी डिस्ट्रिक्ट मो महबूब आलम एवं प्रफुल कुमार चौधरी, जिले के डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन कंसल्टेंट देवेन्द्र कुमार सभी सहकारिता प्रसार पदाधिकारी का कार्यक्रम सफल करने में काफी सहयोग रहा।

### वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को लेकर हुई बैठक

**कोडरमा:** मंगलवार को उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला उद्योग समिति एवं वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की बैठक हुई। बैठक में समिति सदस्य एवं जिले में कलाकंद बनाने एवं बेचने वालों को आमंत्रित किया गया किया था, जिसमें आलू चिप्स का यूनिट लगाने के लिए संसाधन, स्थान एवं उसमें उपयोग होने वाले जरूरी संसाधनों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिसमें कुछ स्वयं सहायता समूह विभिन्न प्रखंडों में काम कर रहे एफपीओ के द्वारा इस काम को आगे बढ़ाने का विचार हुआ। साथ ही जिले के प्रसिद्ध मिठाई कलाकंद को वन डिस्टिक वन प्रोडक्ट के रूप में चिन्हित किया गया एवं उसे जिले के बाहर अन्य राज्यों एवं विभिन्न हिस्सों में इसकी पहचान बनाने के लिए जो जरूरी कदम उठाए जाने हैं, उस पर भी विस्तृत चर्चा हुई। जिस पर विभिन्न प्रतिष्ठानों से आए हुए व्यवसायियों ने अपनी राय रखी।

### बीडीओ ने किया आधा दर्जन आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण




**कुड़ू :** कुड़ू प्रखंड के लावागाइ पंचायत अंतर्गत ननतिलो, चिरी पंचायत के कड़ाक फंगाटोली, जिमा पंचायत के चंडू एवं जिमा और सुन्दरु पंचायत के सुकुमार एवं विश्रामगढ़ आधी आधा दर्जन गांव मे एससीए मद से हो रहे आंगनबाड़ी केंद्रों का मंगलवार 25 अप्रैल को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोरंजन कुमार ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने फर्श, दीवार एवं छत मरामती, रंग रोगन एवं दीवार लेखन, बिजली संबंधी कार्य, पेयजल संबंधी कार्य एवं शौचालय संबंधी कार्य गुणवत्ता पूर्वक करने का निर्देश दिया।

### सेंट जोसेफ के बच्चों को लगा खसरा रूबेला का टीका



**झुमरीतिलैया:** सेंट जोसेफ स्कूल झुमरीतिलैया में वैक्सीनेशन कैंप लगाकर बच्चों को मिजिल्स रूबेला का टीका लगाया गया। कैंप में लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने रूबेला का टीका लिया। इस मौके पर डॉक्टर अनिल कुमार विशेष रूप से मौजूद थे। उन्होंने बच्चों से हाथ मिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति सभी को सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने टीकाकरण में स्कूलों के योगदान को सराहा। इसके पहले स्कूल प्रबंधक मोहम्मद मोईन आलम ने डॉक्टर अनिल कुमार का स्वागत किया और कहा कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण अभियान से लोगों को काफी लाभ होगा। लोग वायरल बीमारियों से बच भी सकेंगे। इस मौके पर प्रबंधक मोईन आलम, रुपा किस्पोट्टा, डॉनसन एंथोनी एवं सभी शिक्षकों के सहयोग से कार्यकम को सफल बनाया गया। स्वास्थ्य विभाग से मोहम्मद मोनाज़िर एहसान, सुमित रायका और पूनम कुमारी मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### क्रिकेट महिला दृष्टिबाधित में भारत ने नेपाल को हराकर शृंखला बराबर की

**पोखरा** : सिमु दास और फूला सरेन के अविजित अर्द्धशतकों से भारत ने दृष्टिबाधित महिलाओं की द्विपक्षीय शृंखला में बुधवार को नेपाल को नौ विकेट से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। नेपाल ने मंगलवार को खेले गये ऐतिहासिक पहले मैच में भारत को आठ विकेट से हराया था। भारत की कप्तान सुषमा पटेल ने टॉस जीतकर फील्डिंग का फैसला किया। फूला सरेन ने दूसरे ओवर में गीता पौडेल को आउट किया और पिछले मैच की शतकवीर बिनीता पुन तीसरे ओवर में रन आउट होकर पवेलियन लौट गईं जिससे नेपाल का स्कोर 24-2 हो गया। गंगा ने सातवें ओवर में माया लिंगाली को आउट कर मेजबान टीम की पारी की गति रोक दी। इसके बाद सरिता घिमिरे और बिमला राय ने चौथे विकेट के लिये 84 रन की साझेदारी कर पारी को कुछ गति दी। भारतीय गेंदबाजों ने दो ओवर के अंदर दोनों बल्लेबाजों को आउट कर बड़े स्कोर तक पहुंचने की नेपाल की उम्मीदें खत्म कर दीं। सरिता ने 56 रन बनाए जबकि बिमला ने 29 रन की पारी खेली। गेंदबाजों ने इसके बाद तेजी से पारी को समेटा और नेपाल 20 ओवर में 172 रन पर ऑल आउट हो गया। भारत के लिये फूला सरीन, गंगा और सुषमा पटेल ने एक-एक विकेट लिया। भारत ने यह लक्ष्य मात्र एक विकेट गंवाकर हासिल कर लिया।

### ज्योति सुरेखा ने विश्व कप फाइनल में जगह बनायी

**नयी दिल्ली** : भारत की अनुभवी तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने मेक्सिको में नौ और 10 सितंबर को होने वाले तीरंदाजी विश्व कप 2023 के फाइनल के लिये सीधा क्वालीफाई कर लिया। भारतीय तीरंदाज ने अंताल्या में हुए विश्व कप के पहले चरण में दो कंपाउंड स्वर्ण जीते थे। उन्होंने ओजस देवतले के साथ मिलकर मिश्रित टीम फाइनल में चीनी ताइपे के यी शुआन चेन और चियेह लुन चेन को 159-154 से हराकर भारत को पहला स्वर्ण दिलाया था। इसके बाद ज्योति ने सेमीफाइनल में विश्व नंबर एक एला गिब्सन और फाइनल में विश्व चैंपियन सारा लोपेज़ को हराकर विश्व कप में अपना पहला एकल खिताब हासिल किया था। तीरंदाजी विश्व कप 2023 में फाइनल के अलावा चार चरण होंगे जो अप्रैल और सितंबर के बीच आयोजित किये जायेंगे। विश्व कप के चरण अंताल्या (अप्रैल) शंघाई (मई); मेडेलिन (जून) और पेरिस (अगस्त) में होंगे। विश्व कप का फाइनल लगातार दूसरी बार मेक्सिको में खेला जायेगा। ज्योति के अलावा पेनी हीली, डैन ओलारू और जोसेफ बोसांस्की ने भी फाइनल में सीधे प्रवेश प्राप्त किया है।

**ओलंपिक**

### टोक्यो ओलंपिक खेल में स्वर्ण पदक जीतने वाले

# नीरज चोपड़ा जल्द आएंगे मैदान पर नजर, डायमंड लीग के बाद एथलेटिक्स मीट का बनेंगे हिस्सा

- 27 जून को चेक गणराज्य में किया जाएगा
- नीरज चोपड़ा अब फिर से मैदान पर उतरने को तैयार है
- चेक गणराज्य में होने वाली गोल्डन स्पाइक ओस्टावा एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लेंगे




एजेंसियां

**नई दिल्लीः** टोक्यो ओलंपिक खेल में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा अब फिर से मैदान पर उतरने को तैयार है। वो जून में चेक गणराज्य में होने वाली गोल्डन स्पाइक ओस्टावा एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लेंगे। इस एथलेटिक्स मीट का आयोजन 27 जून को चेक गणराज्य में किया जाएगा। नीरज चोपड़ा के अलावा ओस्ट्रावा मीट में इथियोपिया के लेमेचा मिरमा, 3000 मीटर स्पीपलचेज में टोक्यो 2020 में ओलंपिक रजत पदक विजेता, 100 मीटर हर्डल रेस में विश्व रिकॉर्ड धारक नाइजीरिया के टोबी अमूसन और विश्व रिकॉर्ड धारक पोल वॉल्टर आमर्ड डुप्लांटिस जैसे खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इन दिग्गज खिलाड़ियों के होने के कारण ये एथलेटिक्स मीट काफी अहम मानी जा रही है। बता दें कि नीरज चोपड़ा ने इस बार किसी भी ट्रैक-फिल्ड प्रोग्राम में हिस्सा नहीं लिया है। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंड खेलों के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा जल्द ही मैदान उतरेंगे। इस सीजन की शुरूआत वो 5 मई को दोहा डायमंड लीग से करने वाले है।खास बात है कि डायमंड लीग के वर्तमान चैंपियन भी नीरज चोपड़ा ही है। इससे पहले जब वर्ष 2022 के सितंबर महीने में लीग का आयोजन ज्यूरिख में हुआ था तब उन्होंने इस लीग में जीत हासिल की थी। ट्रॉफी जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट है। इस लीग में जीत के बाद से ही नीरज चोपड़ा किसी अन्य इवेंट में हिस्सा लेने नहीं उतरे है।

**ट्रेनिंग है जारी**

जानकारी के मुताबिक 2023 के सीजन की शुरूआत करने से पहले नीरज चोपड़ा ने यूनाइटेड किंगडम के लोफबोरो यूनिवर्सिटी में ट्रेनिंग की शुरूआत कर दी है। नीरज के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज के साथ चर्चा की ताकि वो सितंबर में होने वाले एशियाई खेलों और अगस्त में होने वाली विश्व चैंपियनशिप पर फोकस कर सकें।

## टैटी कैस्टेलानोस के चार गोल, गिरोना ने रियाल मैड्रिड को हराया




एजेंसियां

**मैड्रिडः** टैटी कैस्टेलानोस के चार गोल की मदद से गिरोना ने रियाल मैड्रिड हो 4-2 से पराजित करके बार्सिलोना की स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा का खिताब जीतने की उम्मीदों को पंख लगा दिए। अर्जेंटीना के 24 वर्षीय खिलाड़ी कैस्टेलानोस ने दोनों हाफ में दो-दो गोल किए। उन्होंने 12वें, 24वें, 46वें और 62वें मिनट में गोल किए और दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया। रियाल मैड्रिड की तरफ से वीनीसीयस जूनियर और लुकास वाजेज ने गोल किए लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए।रियाल मैड्रिड के अब 31 मैचों में 65 अंक हैं और वह पहले की तरह दूसरे स्थान पर है। बार्सिलोना उससे 11 अंक आगे है लेकिन उसने अपने इस चिर प्रतिद्वंदी से एक मैच कम खेला है। अन्य मैचों में पांचवें स्थान पर काबिज रियल बेटिस ने चौथे स्थान की टीम रियाल सोसिडाड के साथ गोल रहित ड्रा खेला जबकि ओसासुना ने कैडिज को 1-0 से हराया।

### आईसीसी टी20 रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव का कब्जा बरकरार

**नई दिल्ली**: एक तरफ देशभर में इंडियन प्रीमियर लीग का जोश देखने को मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर आईसीसी ने भी टी20 क्रिकेट समेत सभी फॉर्मेट की नई रैंकिंग भी जारी कर दी है। इस रैंकिंग के बाद काफी बदलाव देखने को मिल रहा है। नई रैंकिंग जारी होने के बाद भारतीय फैंस को राहत मिली है। एक तरफ नई रैंकिंग जारी होने के बाद न्यूजीलैंड के मार्क चैपमैन और पाकिस्तान के इफ्तिखार अहमद पांच मैचों की श्रृंखला खत्म होने के बाद आईसीसी टी20 पुरूषों की रैंकिंग में कैरियर की सर्वोच्च पायदान पर पहुंच गए है। वहीं लंबे समय से टी20 क्रिकेट में शीर्ष पायदान पर कब्जा जमाकर बैठे मिस्टर 360 डिग्री के नाम से फेमस सूर्यकुमार यादव टी20 रैंकिंग में अब भी शीर्ष स्थान पर बने हुए है। हालांकि लंबे समय से सूर्य कुमार यादव कोई खास कमाल मैच में नहीं कर सके है। ऐसे में सूर्यकुमार यादव की ये कुर्सी काफी खतरे में पड़ गई है। सूर्यकुमार यादव रैंकिंग में शीर्ष पर हैं और शीर्ष दस में अकेले भारतीय हैं। मगर अब पहले और दूसरे नंबर के बल्लेबाज के बीच फासला काफी कम हो गया है।

## योजनाओं पर अमल नहीं कर रहे गेंदबाज : बॉन्ड



एजेंसियां

**मुंबई** : मुंबई इंडियन्स के गेंदबाजी कोच शेन बॉन्ड ने गुजरात टाइटन्स के हाथों मिली करारी हार के बाद अपनी टीम की गेंदबाजों के प्रति निराशा जताते हुए कहा है कि वे अपनी योजनाओं पर अमल नहीं कर पा रहे हैं। गुजरात ने मंगलवार को एकतरफा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मुकाबले में मुंबई को 55 रन से रौंद दिया। मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए सधी हुई शुरुआत की थी, लेकिन अंतिम छह ओवरों में मेजबान टीम के गेंदबाजों ने 94 रन लुटाये, जिससे गुजरात 207 रन का विशाल स्कोर खड़ा करने में सफल रही। बॉन्ड ने मैच के बाद यहां संवाददाताओं से कहा, यह बिल्कुल पिछले मैच की तरह था। हम अपनी योजनाओं पर ठीक तरह अमल नहीं कर रहे हैं। हमारी योजनाएं बिल्कुल सरल हैं। मैदान पर देखने से लगता है कि हम एक जगह गेंदबाजी करते हैं और फिर चौका-छक्का पड़ते ही तरीका बदल देते हैं। यह बहुत निराशाजनक है। मुझे लगता है कि जब गुजरात 100 रन पर थी तब हम मुकाबले में थे, लेकिन इसके बाद हमने बेहद ही औसत दर्जे की गेंदबाजी की। हमने (डेविड) मिलर और (अभिनव) मनोहर को हाथ खोलने का मौका दिया। जब आप एक अच्छे खिलाड़ी को पांव जमाने का मौका देते हैं तो वह मुकाबले को आपसे दूर ले जाता है। उन्होंने कहा, हमने बल्लेबाजों के लिये मुश्किलें पैदा करने पर बात की थी, लेकिन जब आप इस सीजन हमारे प्रदर्शन को देखेंगे तो पाएंगे कि निचले क्रम में एक ऐसा बल्लेबाज होता है जिसे हम जमकर रन बनाने देते हैं। बॉन्ड ने कहा, अगर हम उन्हें 180 रन तक रोक पाते, तो भले ही शुरुआती छह ओवर चुनौतीपूर्ण होते लेकिन मुझे लगता है कि हम इस लक्ष्य को हासिल कर सकते थे। हम अपने बल्लेबाजों को रोज-रोज 210 रन बनाने के लिये नहीं कह सकते। रोहित ने पावरप्ले में अर्जुन तेंदुलकर की अच्छी गेंदबाजी के बावजूद अंतिम ओवरों में उन्हें गेंद नहीं सौंपी। गेंदबाजी कोच बॉन्ड का मानना था कि पिछले हफ्ते पंजाब के खिलाफ एक ओवर में 31 रन देने के कारण अर्जुन को डेथ ओवरों में नहीं आजमाया गया। बॉन्ड ने कहा, यह (पंजाब के विरुद्ध महंगी गेंदबाजी) शायद एक कारण था। अगर आप कप्तान हैं तो आप आखिरी ओवरों में अनुभव पर भरोसा करते हैं। आप इस काम के लिये अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों पर भरोसा करते हैं।

## जिला स्तरीय खो-खो के ट्रेनिंग सेमिनार का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** झारखंड राज्य खो-खो एसोसिएशन के निदेर्शानुसार रांची जिला खो-खो संघ के तत्वाधान में बंगीय सांस्कृतिक परिषद विधालय,सेक्टर-2, धुर्वा, रांची के सभागार में एक दिवसीय जिला स्तरीय खो-खो के ऑफिशियल ट्रेनिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में रांची जिला के लगभग पैंतीस लोगों ने ऑफिशियल सेमिनार में भाग लेकर लाभान्वित हुए। रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने खो-खो खेल के सभी सबजुनियर/जुनियर/सीनियर मैदान बनाने एवं सभी खेल नियमों का विस्तृत जानकारी दिए। इस अवसर पर झारखंड राज्य खो-खो एसोसिएशन के पर्यवेक्षक अमीत कुमार पाण्डेय ने सेमिनार में भाग ले रहे सभी प्रशिक्षुओं को संबोधित किया। सेमिनार के उपरांत सभी प्रतिभागियों का लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा ली गई । इस अवसर पर राष्ट्रीय निर्णायक संगीता कुमारी, विवेक कुमार, सुभाष गांगुली, संजय कुमार, कौशल कुमार एवं एम. मोदस्सर ने पूरे ट्रेनिंग सेमिनार में सहयोग किया ।

## ‘हम दिल दे चुके सनम’ में नंदिनी का किरदार मेरे लिये बेहद खास : ऐश्वर्या राय



एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन फिल्म ‘हम दिल दे चुके सनम’ में नंदिनी के किरदार को अपने लिये बेहद खास मानती है। ऐश्वर्या राय बच्चन ने संजय लीला भंसाली निर्देशित फिल्म ‘हम दिल दे चुके सनम’ में नंदिनी की भूमिका निभायी थी। वह जल्द ही फिल्म ‘पोन्नियिन सेलवनः 2’ में नजर आएंगी। इस फिल्म में भी ऐश्वर्या ने नंदिनी की भूमिका निभायी है। ऐश्वर्या राय ने कहा, क्या संयोग है। यह अमेजिंग है ना , ‘हम दिल दे चुके सनम’ में नंदिनी का किरदार भी बहुत यादगार था। उसने लोगों के दिल पर राज किया और मैं बहुत आभारी हूं कि मुझे तब भी नंदिनी का किरदार निभाने का मौका मिला। वह दर्शकों के लिए और निश्चित रूप से मेरे लिए खास रहीं।वह संजय भंसाली जी थे और आज मणि के लिए, मुझे ‘पोन्नियिन सेलवन 2’में नंदिनी का किरदार निभाने को मिला। यह बहुत बड़ा आशीर्वाद है कि मुझे ऐसी मजबूत महिलाओं की भूमिका निभाने का मौका मिला है, जो कई महिलाओं के जीवन को छूती हैं। मैं बहुत, बहुत आभारी हूं। ‘पोन्नियिन सेलवनः 2’ 28 अप्रैल को रिलीज होगी।

## फिल्म छत्रपति के गाना ‘बरेली के बाजार में’ का टीजर रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई** : बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा की आने वाली फिल्म ‘छत्रपति’ के गाना बरेली के बाजार में का टीजर रिलीज हो गया है। फिल्म ‘छत्रपति’ से श्रीनिवास बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में नुसरत भरूचा की भी अहम भूमिका है। छत्रपति के गाना ‘मेरा सैंडल टूटा रे बरेली के बाजार में’ का टीजर रिलीज हो गया है। वी. वी. विनायक द्वारा निर्देशित और वी. विजयेंद्र प्रसाद द्वारा लिखित डॉ. जयंतीलाल गड़ा (पेन स्टूडियोज) प्रस्तुत ‘छत्रपति’ एस.एस. राजामौली की फिल्म का आधिकारिक रीमेक है जिसमे प्रभास लीड रोल में नज़र आये थे। इस फिल्म में भाग्यश्री, शरद केलकर और करण सिंह छाबरा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 12 मई 2023 को देश भर में रिलीज होगी।

## अदा शर्मा की फिल्म ‘द केरल स्टोरी’ का ट्रेलर रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई** : बॉलीवुड अभिनेत्री अदा शर्मा की आने वाली फिल्म द केरल स्टोरी का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। ‘द केरल स्टोरी’ में अदा शर्मा लीड रोल में हैं, जो हिंदू परिवार की शालिनी उन्नीकृष्णन का रोल प्ले कर रही हैं। जिनके बाद में फातिमा बनने के सफर को दिखाया गया है।ट्रेलर में देखा जा सकता है कि अदा शर्मा जो शालिनी उन्नीकृष्णनन बनी हैं वो एक नर्स बनकर लोगों की सेवा करना चाहती थी।

## सोनाक्षी सिन्हा की वेबसीरीज ‘दहाड़’ का टीजर रिलीज



एजेंसियां

**मुंबई** : बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की वेबसीरीज दहाड़ का टीजर रिलीज हो गया है। सोनाक्षी सिन्हा ओटीटी पर डेब्यू करने जा रही हैं। उनकी पहली वेब सीरीज ‘दहाड़’ 12 मई को अमेजॉन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है। सोनाक्षी वेब सीरीज ‘दहाड़’ में पुलिस अफसर के रोल में नजर आयेंगी। दहाड़ का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर की शुरुआत 27 महिलाओं की मौत की उलझी गुत्थी से होती है, जिसके खिलाफ कोई भी शिकायत दर्ज नहीं की गई है। हालांकि, इन होती हत्याओं के मामलों की पड़ताल करने का बीड़ा सोनाक्षी सिन्हा यानी सब-इंस्पैकटर अंजलि भाटिया उठाती हैं। ‘दहाड़’ का निर्देशन रीमा कागती और रुचिका ओबेरॉय ने मिलकर किया है। ‘दहाड़’ में सोनाक्षी सिन्हा, विजय वर्मा, गुलशन देवैया और सोहम शाह मुख्य भूमिका में हैं।

जोया अख्तर और रीमा कागती की बनाई गयी यह वेब सीरीज भारत की पहली ऐसी वेब सीरीज है जो बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में रिलीज की गई। फरवरी में इसका प्रीमियर होने के बाद अब यह अमेजॉन पर 12 मई को रिलीज होने के लिए तैयार है।

## प्रदेश >> अपडेट

### नौ किलो गांजा जब्त किया

**अनूपपुर :** मध्यप्रदेश की अनूपपुर पुलिस ने सड़क पर लावारिस पड़ा नौ किलो गाँजा जब्त किया है। हालांकि पुलिस गांजा फेंकने वालों को पहचानने में सफल नहीं हो पाई। सूत्रों के अनुसार कल दोपहर अनूपपुर पुलिस चचाई रोड पर चन्दास नदी के किनारे वाहनों की जाँच कर रही थी। इसी दौरान कुछ दूरी पर एक बाइक पर सवार दो युवक नौ पैकेट सड़क किनारे फेंक कर भाग गए। एक पुलिसवाले ने देखा तो उनका पीछा किया, पर वो तेजी से भाग गए।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### संधवां ने बादल के निधन पर शोक व्यक्त किया

**चंडीगढ़ :** पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। संधवा ने आज यहां जारी अपने शोक संदेश में कहा कि बादल ने लंबे समय तक सिख और पंजाब की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिरोमणि अकाली दल को एक क्षेत्रीय पार्टी के रूप में महत्वपूर्ण स्थान दिलाने में उनके योगदान और कई उतार-चढ़ाव के बीच उनकी नेतृत्वकारी भूमिका को हमेशा याद रखा जाएगा।

### कोविड संक्रमित मामले 61 हजार से ज्यादा

**नयी दिल्ली :** देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोविड संक्रमण के नौ हजार से ज्यादा नए मामले सामने आए हैं और इसके साथ ही संक्रमित व्यक्तियों की कुल संख्या 61 हजार से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि देश में पिछले 24 घंटे के दौरान 9629 नये लोग कोविड संक्रमित हुए हैं। इसके साथ ही कोविड संक्रमितों की संख्या 61013 हो गयी है और संक्रमण दर 5.38 प्रतिशत दर्ज की गई है। मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटे में 11967 व्यक्ति कोविड संक्रमण से उबर गए हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### केसीआर ने बादल के निधन पर जताया शोक

**हैदराबाद :** तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने प्रख्यात राष्ट्रीय राजनीतिज्ञ, पद्म विभूषण से सम्मानित एवं पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। राव ने मंगलवार रात यहां एक संदेश में दिवंगत नेता द्वारा गांव के सरपंच से लेकर केंद्रीय मंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री तक पंजाब के विकास के लिए किए गए प्रयासों को याद किया। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उल्लेखनीय है कि श्री बादल का कल रात 95 साल की उम्र में मोहाली के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया।

### घास काटने पर दबंगों ने पीटा दलित परिवार को

**बुलंदशहर :** उत्तर प्रदेश में जनपद बुलंदशहर के कस्बा खानपुर में बुधवार को खेत से घास काटने पर दबंगों ने दलित परिवार को बेरहमी से पीटा। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आज प्रातः कस्बा खानपुर के स्याना रोड पर स्थित खेतों में दलित समाज की कुछ महिलाएं पशुओं के लिए घास काटने के लिए लोधा समाज के लोगों के खेत में घुसी थीं। इसी दौरान खेत मालिक दयाराम अरुण एवं सिकंदर वहां आ गए और घास काटते वाली दरांती व लाठी डंडों से प्रहार कर घास काट करी महिला सुंदरी व उसकी पुत्री रानी को घायल कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दबंग महिलाओं पर हमले के दौरान लगातार जाति सूचक शब्दों का प्रयोग भी कर रहे थे। इस हमले में महिला एवं उसकी बेटी को मुंह तथा आंखों पर गम्भीर चोटें आयीं हैं।

---

राजनीति

आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को कहा

# पुलवामा और अडानी समेत गंभीर मुद्दों से ध्यान भटका रही है भाजपा : आप

▶▶ लाखों करोड़ रुपए के महाघोटाले समेत गंभीर मुद्दों से देश के लोगों का ध्यान भटका रही है

▶▶ प्रधानमंत्री के काफिले में कई सारी कारें चलती हैं

एजेंसियां




**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पुलवामा पर पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक के आरोपों और अडानी के लाखों करोड़ रुपए के महाघोटाले समेत गंभीर मुद्दों से देश के लोगों का ध्यान भटका रही है। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि पुलवामा में हमला और अडानी के लाखों करोड़ रुपए के महाघोटाला समेत देश के गंभीर और बड़े मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के घर को लेकर फिजूल की चर्चा हो रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री का घर 1942 में बना था। यह घर 80 साल पुराना है। पिछले दिनों इस घर में छत गिरने की तीन घटनाएं हो चुकी हैं। पहले मुख्यमंत्री के माता-पिता के कमरे की छत गिर गई थी। इसके बाद मुख्यमंत्री के बेडरूम और उनके ऑफिस की छत भी गिर गई थी। इन घटनाओं के बाद पीडब्ल्यूडी ने पुराने घर को तोड़कर नया घर बनाने की सलाह दी।

इसके बाद 30 करोड़ की लागत से मुख्यमंत्री आवास बनाया गया है। सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का घर बनाने में 500 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इससे पहले, प्रधानमंत्री जिस घर में रह रहे हैं, उसकी मरम्मत मात्र में 90 करोड़ रुपए खर्च किए गए।

सेंट्रल विस्टा का प्रोजेक्ट 20 हजार करोड़ रुपए का था। अब यह बढ़कर प्रोजेक्ट 23 हजार करोड़ रुपए का हो गया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत पीएम के लिए 500 करोड़ रुपए की लागत से घर बना रहा है। खुद को फकीर बताने वाले प्रधानमंत्री 10 लाख रुपए का सूट पहनते हैं, 1.6 लाख रुपए का चश्मा और 1.25 लाख का पेन इस्तेमाल करते हैं। प्रधानमंत्री के काफिले में कई सारी कारें चलती हैं। इसमें हर एक कार 12 करोड़ रुपए कीमत की है। आप सांसद ने कहा कि दिल्ली के एलजी ने भी अपने आवास की मरम्मत कराई है। उन्होंने अपने घर की सिर्फ मरम्मत में ही 15 करोड़ रुपए खर्च कर दिए। इसके अलावा, गुजरात के मुख्यमंत्री रहे विजय रूपाणी ने अपने निजी इस्तेमाल के लिए 191 करोड़ रुपए का विमान खरीदा, जबकि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के लिए विमान खरीदने में 65 करोड़ रुपए खर्च हुए। उन्होंने भाजपा को याद दिलाते हुए कहा कि 12-12 करोड़ रुपए कीमत की कार खरीदने का फैसला उस वक्त हुआ, जब कोरोना की महामारी में लोग मर रहे थे और श्मशानों में लाशें बिछी हुई थीं। भाजपा के लोग यह भी भूल गए कि खुद को फकीर और चाय बेचने वाला कहने वाले प्रधानमंत्री ने कोरोना की महामारी के दौरान ही अपने लिए 8400 करोड़ रुपए का विमान खरीदा।

## जम्मू-कश्मीर में वर्षा व हिमपात होने के आसार



एजेंसियां

**श्रीनगर :** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अधिकांश हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान हल्की से मध्यम वर्षा और हिमपात होने के आसार के बीच न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे रहा। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि अगले 24 घंटे में कश्मीर घाटी में व्यापक रूप से वर्षा होने और पहाड़ी इलाकों में हिमपात होने के आसार हैं, जबकि जम्मू के कुछ इलाकों में हल्की बारिश के अनुमान हैं। यहां का अगले दो दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव रहेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 26 से 28 अप्रैल तक कुछ स्थानों पर बारिश या हिमपात होने के आसार हैं, इसलिए यहां आमतौर पर बादल छाए रहने के भी अनुमान है। मौसम एजेंसी के अनुसार, जम्मू-कश्मीर के कुछ स्थानों पर तेज हवाओं और ओलावृष्टि के साथ बारिश या गरज के साथ बौछारें पड़ने के आसार हैं। मौसम अधिकारियों ने किसानों से आग्रह किया है कि बदलते मौसम को देखकर एक मई तक बगीचों में छिड़काव करने के लिए न जाएं।

## फसल नुकसान के लिए किसानों को वित्तीय सहायता दी जाएगी: राव



एजेंसियां

**हैदराबाद :** तेलंगाना के वित्त मंत्री टी हरीश राव ने बुधवार को कहा कि बेमौसम बारिश के कारण जिन किसानों की फसल खराब हुई है उन्हें राज्य सरकार वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। मंत्री ने सिद्दीपेट विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में क्षतिग्रस्त फसलों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने इस आशय की घोषणा की। राव ने फसल गंवाने वाले किसानों को हिम्मत दी और आश्वासन दिया कि सरकार किसानों का समर्थन करेगी। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव स्थिति से अवगत हैं और उन्होंने मुआवजे का वादा भी किया है। ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है और उनकी कटी हुई बहुत सारी फसल बर्बाद हो गई है। नानचारुपल्ली, बकरीचप्याला, पोन्नाला, एनसनपल्ली, ताड़कापल्ली, वेंकटपुर, बुसापुर, इरकोड, थोरनाला, थिम्मापुर, पेड्डा गुंडावेली, डम्पलापल्ली और दुब्बका गांवों में हजारों एकड़ की फसल बर्बाद हो गई है। सिद्दीपेट कलेक्टर प्रशांत जीवन पाटिल, जिन्होंने अधिकारियों के साथ इन क्षेत्रों का दौरा किया, ने क्षतिग्रस्त धान की फसलों का निरीक्षण किया। मंत्री ने जिला प्रशासन को भी जल्द से जल्द क्षतिग्रस्त अनाज फसलों का विवरण एकत्र करने का निर्देश भी दिया।

## मीडियाकर्मियों की मांगों को लेकर होगा राष्ट्रव्यापी आंदोलन

▶▶ 28-29 मई को दिल्ली में बनेगी रणनीति

▶▶ एनयूजे की पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग को सभी संगठनों का समर्थन

राष्ट्रीय खबर



**नई दिल्ली:** देश के मीडियाकर्मियों के अधिकार और हितों के लिए संघर्ष करने वाले सात सशक्त संगठनों ने कन्फेडरेशन ऑफ न्यूजपेपर्स एंड न्यूजएजेंसीस इम्पलाइज आर्गनाइजेशन के झंडे तले वर्किंग जर्नलिस्ट्स एक्ट, वेज बोर्ड को लागू कराने, इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट में संशोधन और जर्नलिस्ट्स प्रोटेक्शन एक्ट बनाने की मांग को लेकर राष्ट्रव्यापी आंदोलन करने का फैसला किया है। कन्फेडरेशन के चंडीगढ़ में आयोजित मे दो दिवसीय राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में मुख्य अतिथि के तौर पर पधारे हरियाणा में भाजपा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर, हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्दर सिंह और पंजाब में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान ने मीडियाकर्मियों की मांग को समर्थन करते हुए लागू करने का आश्वासन दिया है। ट्रिब्यून इम्पलाइज यूनियन द्वारा चंडीगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन में कन्फेडरेशन के महासचिव एम एस यादव, नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) के अध्यक्ष रास बिहारी, महासचिव प्रदीप तिवारी, कोषाध्यक्ष डॉ अरविन्द सिंह, उपाध्यक्ष राणेश राणा, इंडियन जर्नलिस्ट्स यूनियन के अध्यक्ष श्रीनिवास रेड्डी, महासचिव बलबिंदर जम्मू, इंडियन फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स के उपाध्यक्ष हेमंत तिवारी, महासचिव परमानंद पांडे, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ पीटीआई इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष भुवन चौबे, यूएनआई वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष एम एल जोशी, ऑल इंडिया न्यूजपेपर्स इम्पलाइज यूनियन के सचिव सी एस नायडू समेत बड़ी संख्या में पत्रकार और गैर पत्रकार सदस्यों ने हिस्सा लिया।

सम्मेलन के पहले सत्र में पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत मान ने फील्ड में काम करने वाले पत्रकारों के लिए सुरक्षित माहौल बनाने की जरूरत पर जोर दिया। मान ने कहा कि प्रिंट मीडिया की प्रासंगिकता हमेशा बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि पत्रकार सामाजिक मुद्दों को खबरों में प्राथमिकता दें। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह ने लोकतंत्र के चौथे खम्भे के निष्पक्ष और स्वतंत्र रखने के लिए पत्रकारों रखने के लिए मीडियाकर्मियों की सामाजिक सुरक्षा की आवश्यकता बताई।

### शिवराज के साथ युवा प्रतिभाओं ने पौधे रोपे

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ आज खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं ने शयामला हिल्स स्थित उद्यान में कदंब, करंज और जामुन के पौधे रोपे। मुख्यमंत्री के साथ खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विक्रम अवार्डी सत्येंद्र लोहिया, प्रमोद धनेली और राज्य युवा पुरस्कार विजेता डॉ. साक्षी भारद्वाज जैसी युवा प्रतिभाओं ने पौधे लगाए। मुख्यमंत्री को लोहिया ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल से आरंभ दिव्यांगजन सशक्तिकरण खेलो यात्रा के संबंध में अवगत कराया। चौहान के साथ दो वर्षीय बालक अपूर्व सिंह के जन्म-दिवस पर उनके माता-पिता अर्जुन सिंह और पूजा सिंह ने भी पौधे लगाए। बालिका अनवी शर्मा के जन्म-दिवस पर उनकी माँ शिल्पी शर्मा तथा दादी उमा शर्मा ने पौध-रोपण किया। राहुल शर्मा तथा कंचन शर्मा ने अपनी विवाह वर्षगाँठ पर पौधे रोपे।

## 'अहिंसा' दुनिया को संघर्ष की निरर्थकता का एहसास करा रही : सिन्हा

एजेंसियां



**जम्मू :** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को यहां कन्वेंशन सेंटर में 'इंडिया@जी20' पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 'अहिंसा' हमारी महान सभ्यता में गहराई से निहित है, दुनिया को संघर्ष की निरर्थकता और संवाद की उपयोगिता का एहसास करा रही है। सम्मेलन का आयोजन आईआईएम जम्मू, आईआईटी जम्मू, एम्स जम्मू द्वारा दलित इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (डीआईसीसीआई) के सहयोग से एक समावेशी और टिकाऊ समाजीज बनाने के लिए प्राथमिकताओं, संभावनाओं और आगे बढ़ने के तरीके पर विचार-विमर्श करने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा,''मानवता की आकांक्षाओं को केवल शांति की स्थिति में ही पूरा किया जा सकता है। और, मेरा दृढ़ विश्वास है, 'अहिंसा' हमारी महान सभ्यता में गहराई से निहित है, दुनिया को संघर्ष की निरर्थकता और संवाद की उपयोगिता का एहसास करा रही है।'' उपराज्यपाल ने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता के दौरान, हरित, त्वरित, समावेशी और सतत विकास सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं और दुनिया हमें कोविड, जलवायु परिवर्तन और संघर्ष की चुनौतियों से निपटने की आशा के साथ देख रही है। उन्होंने कहा,''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने दुनिया को एक नई दृष्टि दी कि जलवायु परिवर्तन को अकेले सम्मेलन की मेज से नहीं लड़ा जा सकता है, लेकिन इसे हर घर में खाने की मेज से लड़ना होगा। यह सतत और समावेशी विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा'' सिन्हा ने वैश्विक समृद्धि और सभी के लिए जीवन की बेहतर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विकासात्मक गतिविधियों और पर्यावरण संरक्षण के बीच तालमेल पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि पारिस्थितिक सुरक्षा से आर्थिक सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और हमारी सामाजिक विकास पहलों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा,भारत जलवायु भविष्य के लिए सबसे महत्वपूर्ण और रचनात्मक भूमिका निभाएगा और शमन, अनुकूलन और पर्यावरण प्रबंधन प्रणालियों के लिए कार्य योजना को आकार देगा। भारत पर्यावरण की दृष्टि से सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में दुनिया का मार्गदर्शन करेगा।

---

## न्यूज फटाफट

### पाकिस्तान के पंजाब में सड़क दुर्घटना में सात की मौत,19 घायल

**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के टोबा टेक सिंह जिले में बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में कम से कम सात लोगों की मौत हो गयी और 19 अन्य घायल हो गये। पुलिस के अनुसार जिले के गोजरा इलाके के धरमकोट गांव में एक यात्री वैन और एक मिनी ट्रक की भिडंत हो गयी। सूचना मिलते ही पुलिस और बचाव टीमों को दुर्घटनास्थल तत्काल भेजा गया। दोनों वाहनों में दुर्घटना के बाद आग लग गयी थी। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी और अन्य 19 घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। गंभीर रूप से झुलसने से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने कहा दोनों वाहनों की भिडंत के बाद उनमें लगे गैस सिलेंडरों में विस्फोट हो गया और वाहनों में आग लग गयी।

### चीन पूर्वी चीन सागर में करेगा युद्धाभ्यास

**बीजिंग:** चीन अपने पूर्वी चीन सागर के एक क्षेत्र में बुधवार को हथियारों के व्यावहारिक उपयोग का अभ्यास करेगा। चीन के समुद्री सुरक्षा प्रशासन ने कहा एक बयान में कहा कि अभ्यास स्थानीय समयानुसार सुबह 11 बजे से शाम 6.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। समुद्री प्रशासन ने अधिक विवरण दिए बगैर बताया है कि जहाजों को अभ्यास के क्षेत्र में प्रवेश करने से रोका जाएगा। उल्लेखनीय है कि ताइवान के राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन की अमेरिकी सदन के अध्यक्ष केविन मैककार्थी के साथ अप्रैल में हुई बैठक के बाद ताइवान के आसपास की स्थिति तनावपूर्ण हो गयी है। बीजेपी ने द्वीप के पास बड़े पैमाने पर तीन दिवसीय सैन्य अभ्यास शुरू किया है, जिसे ताइवान के अलगाववादियों और विदेशी शक्तियों के लिए 'चेतावनी' के रूप में देखा जा रहा है। ताइवान 1949 के बाद से स्वतंत्र रूप से शासित किया जाता है। वहीं चीन द्वीप को अपना प्रांत मानता है। उधर, ताइवान का कहना है कि यह एक स्वायत्त देश है, लेकिन स्वतंत्रता की घोषणा नहीं करता है। चीन ताइवान के साथ विश्व के अन्य देशों के किसी भी आधिकारिक संपर्क का विरोध करता है और द्वीप पर चीनी संप्रभुता को निर्विवाद मानता है।

### 93 किलोग्राम डोडा पोस्त बरामद, एक गिरफ्तार

**अजमेर:** राजस्थान में अजमेर जिले की जवाजा थाना क्षेत्र में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुए एक पिकअप से गेहूं के कट्टों की आड़ में मादक पदार्थ तस्करी का भांडाफोड़ किया है। थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिंह ने आज बताया कि मंगलवार देर शाम को राजियावास हाईवे पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान भीलवाड़ा की ओर से आ रही एक पिकअप को रोका और पूछताछ की तो चालक एवं खलासी ने उसमें गेहूं के कट्टे होना बताया। पुलिस ने पिकअप में तलाशी की तो उसमें काले कट्टों में डोडा पोस्त बरामद हो गया। छह कट्टों में बरामद डोडा पोस्त का कुल वजन 93 किलो 500 ग्राम निकला। पुलिस ने वाहन चालक सम्रत पाटीदार (30) निवासी जुटावड़ उज्जैन तथा खलासी हीरालाल पाटीदार निवासी डाबरिया रतलाम को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर लिया। मामले की जांच ब्यावर सिटी थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह जोधा को सुपुर्द की गई है।

### चित्तौड़गढ़ में 28 अप्रेल से बिखरेंगे संस्कृति के रंग

**उदयपुर** :राजस्थान के चित्तौडगढ में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा पुरातात्विक सर्वे ऑफ इंडिया तथा जिला प्रशासन के सहयोग से 28 से 30 अप्रेल तक ''गढ़ उत्सव'' का आयोजन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि तीन दिवसीय इस उत्सव के दौरान जहां रंग और नीर (वॉटर कलर) के मिलन से उकेरी गई पैंटिंग्स दिलों में उतरेंगी, इसके मार्फत राजस्थान की विरासतों, खासकर चित्तौड़ के गढ़ से जुड़े गौरवपूर्ण इतिहास से आमजन को न सिर्फ अवगत कराया जाएगा, बल्कि पुरातात्विक दृष्टि से इसकी महत्ता बताने के लिए एक दिन पुरातत्व विशषज्ञ के साथ किले के पैदल भ्रमण का मौका भी दिया जाएगा। इतना ही नहीं, इन तीन दिनों में कथक और ओडिसी जैसे क्लासिकल नृत्यों के साथ ही राजस्थान की माटी से निकले चरी और घूमर जैसे मनभावन नृत्यों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि मीरां के जिक्र के बिना राजस्थान में किसी सांस्कृतिक की कल्पना भी नहीं की जा सकती, सो शास्त्रीय नृत्यों में जहां मीरां से जुड़ी घटनाएं प्रतिबिंबित होंगी, वहीं उनके भजन भी वातावरण को कृष्णमयी करेंगे। इस दौरान तीसरी आंख यानी कैमरे के जादूगरों को भी अपने हुनर को दिखाने का मौका मिलेगा। इन सभी कार्यक्रमों को आयोजन कुंभा पैलेस और चित्तौड़गढ़ दुर्ग पर होगा।

### ओडिशा में कोरोना वायरस के 542 नए मामले

**भुवनेश्वर** :ओडिशा में पिछले कुछ दिनों से कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि देखने को मिला है और पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य कोविड-19 के 542 नए मामले दर्ज किए हैं। इसके साथ ही राज्य में सक्रिये मामलों की 3270 हो गए। संक्रमण के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर राज्य सरकार ने अस्पतालों, चिकित्सकीय प्रयोगशालाओं तथा डाइग्नोस्टिक केंद्र में सभी स्वास्थ्यकर्मियों के लिए मास्क पनना अनिवार्य कर दिया है। साथ ही राज्य सरकार ने लोगों को किसी सभा में शामिल होने के दौरान मास्क पहनने की सलाह दी है। इसके अलावा जो लोग सर्दी और फ्लू से ग्रसित हैं, उन्हें भी मास्क पहनने की सलाह दी है।

## आज का इतिहास

- ▶▶ 1526 : मुगल शासक बाबर, इब्राहिम लोदी को पराजित कर दिल्ली का बादशाह बना।
- ▶▶ 1606 : शाहजादा खुसरो को बादशाह जहांगीर ने गिरफ्तार किया। खुसरो ने 6 अप्रैल को बगावती का ऐलान किया था।
- ▶▶ 1662 : नीदरलैंड और फ्रांस ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए।
- ▶▶ 1748 : मुगल शासक मुहम्मद शाह का दिल्ली में निधन।
- ▶▶ 1878 : कलकत्ता विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय शिक्षा क्षेत्र में महिलाओं की पात्रता को मंजूरी दी।
- ▶▶ 1908 : लंदन में चौथा ओलंपिक खेल शुरू किया गया।
- ▶▶ 1912 : सांकेतिक हावभाव, चेहरे पर बच्चों जैसा जुड़वां, जीने से भरपूर, थिएटर और फिल्मों की महान अदाकारा जोहरा सहगल का जन्म।
- ▶▶ 1941 : जर्मनी की सेना ने एथेंस (यूनान) पर कब्जा किया।
- ▶▶ 1942 : अमेरिका के ओकलाहोमा प्रांत में तूफान के कारण 100 लोगों की मौत।
- ▶▶ 1945 : दूसरे विश्व युद्ध में नाजी नेता हिटलर की सेना के खिलाफ अमेरिका, ब्रिटेन और सोवियत संघ की सेना ने एक साथ मोर्चा बांधा।
- ▶▶ 1960 : नई दिल्ली में राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज की स्थापना।
- ▶▶ 1961 : अमेरिकी अंतरिक्ष केंद्र नासा ने गामा संकेतों के अध्ययन के लिए पृथ्वी की कक्षा में उपग्रह 11 को स्थापित किया।
- ▶▶ 1961 : सिएरा लियोन ने ब्रिटेन से स्वाधीनता की घोषणा की।
- ▶▶ 1967 : अमेरिका नेवादा ने स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
- ▶▶ 1972 : अंतरिक्ष यान 'अपोलो 16' पृथ्वी पर वापस लौटा।
- ▶▶ 1989 : बांग्लादेश में तूफान से 500 लोगों की मौत।
- ▶▶ 1993 : अफगानिस्तानी विमान 'एएनएस 32' के दुर्घटनाग्रस्त होने से 76 लोगों की मौत।
- ▶▶ 2009 : प्रसिद्ध अभिनेता एवं फिल्म निर्माता-मूर्ख फिरोज खान का निधन।
- ▶▶ 2010 : सुप्रसिद्ध हिंदी फिल्म अभिनेता की मृत्यु हो गई।
- ▶▶ 2011 : अमेरिका के पड़ोस के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने जन्मदिन को लेकर हुए विवाद के बाद सार्वजनिक रूप से अपना जन्म प्रमाण पत्र जारी किया।
- ▶▶ 2012 : निप्रॉपेट्रोस के जापानी शहर में हुए चार विस्फोटों में कम से कम 27 लोग घायल हुए।

## मौसम विभाग की चेतावनी, हल्की बारिश के साथ वज्रपात की संभावना

**रांची:** झारखंड में फिर एक बार मौसम करवट लेने वाला है। 26, 27 और 29 अप्रैल को एक बार फिर मौसम में बदलाव होगा। जिसकी वजह से राज्य के कई जिलों में तेज हवा के साथ साथ सामान्य बारिश होने की संभावना जताई गई है। इन दिनों आसमान में बादल छाए रहेंगे और तापमान में 3 से 4 डिग्री की गिरावट होगी। राजधानी रांची में भी लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग के द्वारा बताया गया है कि इन दिनों में आसमान में बादल छाए रहेंगे। इसके साथ ही कई जगहों पर वज्रपात भी होने की संभावना जताई गई है। सामान्य से दो से 3 डिग्री तापमान में गिरावट होगी और 30 से 40 किमी की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना जताई गई है।मौसम पूर्वानुमान में विभाग के द्वारा बताया गया है कि बंगाल की खाड़ी में बनने वाले साइक्लोनिक सरकुलेशन की वजह से इसका असर झारखंड में भी देखने को मिलेगा।

राजधानी अपडेट्स ››

### सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति मामले में सुनवाई अब 21 जून को

**रांची:** सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति को लेकर एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल अपील पर बुधवार को झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में अपीलकर्ता की ओर से समय मांगे जाने पर मामले की सुनवाई 21 जून निर्धारित की है। इस संबंध में विवेक हर्षल, स्वप्निल मयूरेश एवं अन्य ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ खंडपीठ में अपील दाखिल की है। याचिका में कहा गया है कि परीक्षा में 22 ऐसे अभ्यर्थी परीक्षा में सफल हुए है, जिनके पास विज्ञापन की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट आफ टाउन प्लानर (इंडिया) में पंजीयन का प्रमाण पत्र नहीं है। विज्ञापन में ऐसी कोई शर्त नहीं थी। नियुक्ति प्रक्रिया के बीच में विज्ञापन की शर्तों में बदलाव नहीं किया जा सकता है। ऐसे में इनकी परीक्षा रद किया जाए।बता दें कि अप्रैल 2020 में जेपीएससी ने पूरे राज्य में सहायक टाउन प्लानर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था। मार्च 2021 को सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए जेपीएससी ने परिणाम जारी कर दिया और सफल हुए अभ्यर्थियों की नियुक्ति की अनुशंसा सरकार को भेज दी थी।

**अदालत** अवैध रूप से बालू के उठाव मामले में जवाब दाखिल नहीं करने पर

# हाईकोर्ट ने राज्य सरकार पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

- अगली सुनवाई 14 जून निर्धारित की है
- कोर्ट ने पिछली सुनवाई में सरकार को जवाब दाखिल करने को निर्देश दिया था

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** अवैध बालू उठाव से संबंधित मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं करने पर झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को कड़ी नाराजगी जताई। कोर्ट ने जवाब दाखिल नहीं होने पर राज्य सरकार पर 10 हजार रूपए का जुमार्ना लगाया है। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने राज्य में अवैध रूप से बालू उठाव पर रोक जारी रखी है। मामले की अगली सुनवाई 14 जून निर्धारित की है। दरअसल, पिछली सुनवाई में कोर्ट ने डिपार्टमेंट ऑफ माइनिंग एंड जियोलॉजी एवं झारखंड स्टेट मिनरल डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (जेएसएमडीसी) को निर्देश दिया था कि वह राज्य में अवैध रूप से बालू उठाव पर रोक लगाएं। साथ ही यह भी कहा था कि कोर्ट के आदेश का पालन नहीं करने पर अपराधिक अवमानना का मामला माना जाएगा। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में सरकार को जवाब दाखिल करने को निर्देश दिया था। मामले को लेकर फेडरेशन ऑफ झारखंड सैंड ट्रेडर्स एसोसिएशन ने याचिका दाखिल की है। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया है कि झारखंड के नदी घाटों से बालू उठाव बिना टेंडर या बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के होता है। बालू उठाव के लिए टेंडर प्रक्रिया का पालन होना चाहिए। अवैध रूप से बालू उठाव होने से राज्य सरकार को जहां राजस्व का नुकसान होता है। वही बालू की मनमानी कीमत वसूली जाती है। वर्ष 2019 में बालू घाटों से बालू के उठाव को लेकर टेंडर निकाला गया था, लेकिन यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी थी। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता पीयूष पोद्दार एवं विकास पांडे ने पैरवी की।

## प्रेमी ही निकला हत्यारा! कोयनारा गांव हत्याकांड में पुलिस ने किया खुलासा



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी रांची के लापुंग थाना क्षेत्र में सोमवार (24 अप्रैल) की देर रात कोयनारा गांव में हुई हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। युवती की हत्या प्रेम प्रसंग की वजह से की गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी कथित प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम भरत है। भरत इस वारदात को अंजाम देने के बाद भागने के फिराक में था, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## रांची जमीन घोटाला: कैसे जुड़ा है आईएस छवि रंजन से अफसर अली, बिपिन सिंह से शेखर कुशवाहा और सद्दाम से अफसर अली के तार

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रांची शहर के बीचोंबीच करोड़ों की जमीन की हेराफेरी हुई है। अवैध तरीके से जमीन को बेचा और खरीदा गया है। अभी तक खबरों की माने तो ये सारा काम डीसी रांची रहते छवि रंजन के कार्यकाल में हुआ है। ईडी ने छवि रंजन के आवास समेत कई जगहों पर छापेमारी की है। अब ईडी इस पूरे प्रकरण में सभी आरोपियों के तार जोड़ रही है। आज यानी बुधवार सुबह को भी ईडी अवैध तरीके से जमीन बेचे जाने के मामले में छापेमारी में जुटी है। रांची, जमशेदपुर के करीब आधा दर्जन ठिकानों पर ईडी की रेड चल रहा है।

ईडी की टीम जमीन से जुड़े दस्तावेज खंगाल रही है। ठेकेदार बिपिन सिंह के मोरहाबादी स्थित सत्येंदु अपार्टमेंट के फ्लैट नंबर 402 में ईडी की टीम पहुंची तो बिपिन सिंह पूरे परिवार के साथ फरार पाया गया। ईडी ने फ्लैट को सील कर दिया है। वही ईडी की टीम ने खेलगांव स्थित गाड़ी गांव निवासी जमीन कारोबारी शेखर कुशवाहा के यहां दबिश दी। जमीन घोटाले में मनी लॉड्रिंग की जांच कर रही ईडी बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, अफसर अली, मो सद्दाम, फर्जी रैयत प्रदीप बागची सहित कुल छह जमीन माफिया को रिमांड पर लिया है, जिनसे पूछताछ चल रही है। रिमांड पर लिये गये आरोपित के इनपुट पर ही छापेमारी की जा रही है। रिमांड पर लिए गए आरोपितों ने ईडी की पूछताछ में आइएएस छवि रंजन के सामने यह स्वीकार कर लिया है कि उन्होंने जो भी जालसाजी की है, वह आइएएस छवि रंजन के कहने पर की है। ईडी आइएएस छवि रंजन के अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी जुटा रहा है।

पंकज मिश्रा और कारोबारी प्रेम प्रकाश को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं

# जमानत याचिका खारिज







राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पंकज मिश्रा और कारोबारी प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज कर दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस अरविंद कुमार की बैच में पंकज मिश्रा और प्रेम प्रकाश के जमानत याचिका की सुनवाई चल रही थी। झारखंड में 1000 करोड़ के अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी पंकज मिश्रा के तरफ से 28 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (004682/2023) दायर की गई थी, जबकि प्रेम प्रकाश ने 12 जनवरी को एसएलपी (000691/2023) दायर किया था।

### मनी लॉड्रिग के आरोप में जेल में बंद है आरोप

पंकज मिश्रा को 19 जुलाई 2022 को ईडी ने मनी लॉड्रिग के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पंकज मिश्रा पर अवैध खनन, मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर मामलों में आरोपी हैं। बताया जाता है कि साहिबगंज में पत्थर खनन के साथ- साथ कोयला, बालू जैसे खनन पर पंकज मिश्रा का कब्जा है। प्रेम प्रकाश पर अवैध खनन में मदद का आ?ोप है, पंकज मिश्रा के साथ संबंध होने का साक्ष्य भी ईडी मिले थे। 25 अगस्त 2022 को ईडी ने प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया था। ईडी ने छापेमारी के दौरान प्रेम प्रकाश के अरगोड़ा स्थित आवास से दो एके-47 और 60 गोलियां बरामद की थी। इसके अलावा अवैध संपत्ति व कोयला कारोबार से जुड़े दस्तावेज मिले थे।

झारखंड में 2398 गाड़ियों से अवैध नेम प्लेट हटाए गए

# करीब 12 लाख जुर्माने की वसूली

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** प्राइवेट एवं सरकारी वाहनों पर अपने पद के नाम का बोर्ड लगाकर घूमने वालों पर नकेल कसने को लेकर गजाला तनवीर की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया।

मामले की अगली सुनवाई 3 मई को होगी। शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट को बताया गया है कि राज्य में अब तक 2398 वाहनों से नेम प्लेट हटाया गया और उनसे जुमार्ना वसूला गया। इनमें से 5 गाड़ियां सरकारी भी हैं। बताया गया कि जुमार्ना के रूप में पूरे राज्य से अबतक 11 लाख 99 हजार रूपए जुमार्ना की वसूली की गई है।पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को सुझाव दिया था कि वाहनों से नेमप्लेट हटाने के संबंध में समय-समय पर जागरूकता कार्यक्रम किया जाए। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता फैसल अल्लाम ने पैरवी की। दरअसल, पिछली सुनवाई में कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार से स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि वाहनों से पद के नाम का बोर्ड हटाने को लेकर क्या कार्रवाई हुई, कितने बोर्ड हटाए गए। सरकार की नोटिफिकेशन के आलोक में कितनों पर कार्रवाई की गई। राज्य सरकार की ओर से बताया गया था कि किन-किन लोगों को बोर्ड लगाना है इससे संबंधित वर्ष 2021 में सरकार की ओर से नोटिफिकेशन जारी किया गया है। रेगुलेशन में बताया गया है कि प्राइवेट या सरकारी वाहनों पर बोर्ड लगाने के लिए कौन लोग अधिकृत है, इनके अलावा अन्य के वाहनों पर नेम प्लेट या पदनाम का बोर्ड लगाना प्रतिबंधित है। पूर्व में मामले में सरकार ने शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया था कि वाहनों में नेम प्लेट लगाने को लेकर पहले कोई नियम नहीं बना हुआ था। इसे लेकर समाचार पत्रों, सरकार के विभागों, विधानसभा एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को जागरूक किया गया है। सरकार के

**निर्णय** जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई

# टैगोर हिल के ब्रह्म मंदिर के संरक्षण और राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने के मामले की सुनवाई 14 जून को

- सरकार एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, केंद्र सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका
- टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर 113 साल पुराना है

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राजधानी रांची स्थित टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर के संरक्षण एवं केंद्र सरकार द्वारा इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने का आग्रह करने वाली सोसाइटी ऑफ प्रिजर्वेशन ऑफ ट्राईबल कल्चर एंड नेचुरल ब्यूटी की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, केंद्र सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका, इन दोनों ने कोर्ट से समय की मांग की। इस पर कोर्ट ने इन दोनों को 3 सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की अगली सुनवाई 14 जून निर्धारित की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने इनसे पूछा था कि टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर के संरक्षण एवं इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने को लेकर क्या कदम उठाए जा रहे हैं ? वही प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि टैगोर हिल के ऊपर स्थित ब्रह्म मंदिर 113 साल पुराना है। जिसे गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर के बड़े भाई ज्योतिंद्र नाथ टैगोर ने बनवाया है। यह ब्रह्म मंदिर आज जीर्ण शीर्ण अवस्था में पड़ा हुआ है और टूट रहा है। राज्य सरकार द्वारा इसके संरक्षण और देखभाल का कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। इस ब्रह्म मंदिर का संरक्षण किया जाए और केंद्र सरकार के भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की ओर से इसे राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाए।

### आग लगने पर पहुंचेगी दमकल गाड़ियां, हेडक्वार्टर से की जाएगी मॉनिटरिंग

**रांची:** किसी भी स्थान पर आग लगने की घटना के बाद उसे बुझाने के लिए दमकल वाहनों का समय पर पहुंचना बेहद जरूरी होता है। दमकल के वाहन अगर मौके पर समय पर पहुंचेंगे तो निश्चित रूप से आग की घटना को विकराल होने से रोका जा सकता है। यही वजह है कि अब झारखंड में दमकल के वाहनों के मॉनिटरिंग सिस्टम को दुरुस्त किया जा रहा है। इसके लिए गूगल मैप को आधार बनाया जा रहा है।समय पर पहुचना सबसे बड़ी सफलता: राजधानी रांची सहित राज्य के दूसरे हिस्सों में हाल के दिनों में कई भीषण आग लगी की घटनाएं हुई हैं। जिनमें जान माल का अच्छा खासा नुकसान हुआ। कई जगह दमकल के वाहन समय पर पहुंच गए और आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन कई स्थानों पर दमकल के वाहन समय से नहीं पहुंच पाए जिसकी वजह से नुकसान काफी बड़ा हो गया। आमतौर पर लोगों की शिकायत होती है कि दमकल के वाहनों को सही समय पर सूचना देने के बावजूद वह समय पर नहीं पहुंचते हैं। ऐसी शिकायतों पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए डीजे अग्निशमन अनिल पलटा ने अब दमकल वाहनों के माउंटिंग सिस्टम को गूगल मैप से जोड़ने का निर्णय किया है।


